


* * * *

शारदीय नवरात्र

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




माता चंद्रघंटा


रांची एवं पटना से प्रकाशित | www.lagatar.in | रांची ● मंगलवार, 17 अक्टूबर 2023 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 03, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 182 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र




### सीएम ने 827 शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र, जे-गुरुजी ऐप भी किया लांच

### बोले सीएम

- सरकार गठन होते ही चुनौतियां आती गईं, विपक्ष अपना काम कर रहा और मैं अपना
- विपक्ष ने नए जन्मे राज्य को दीमक की तरह चाट डाला, अब हम इसे संवारने में लगे हैं

### सीएम हेमंत सोरेन बोले- डट कर खड़े रहने वाले परिवार से हूं

# न डरूंगा, न झुकूंगा

**कौशल आनंद। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इशारों ही इशारों में फिर से केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला किया है. उन्होंने कहा कि वे उस परिवार से आते हैं, जो डट कर खड़े रहने वालों में से हैं. इसलिए चाहे जितना परेशान किया जाए, न झुकेंगे और न ही डरेंगे. सरकार गठन के बाद से ही चुनौतियों का सामना करना पड़ा. ढाई साल कोराना में गुजरे. फिर सूखा पड़ा, इसके बाद जैसे ही सरकार ने काम शुरू किया. कई तरह की बाधाएं उत्पन्न की गईं. विपक्ष अपना काम कर रहा है और मैं अपना. ये बातें सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित डॉ. रामदयाल मुंडा फुटबाल मैदान में माध्यमिक विद्यालयों के नियुक्त 827 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कही. इस मौके पर सीएम ने सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था कराने के लिए झारखंड गुरुजी ऐप भी लांच किया.

**नियुक्ति प्रक्रिया कोर्ट पहुंचने से नियुक्तियों में विलंब हुआ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है. कई विभागों में नियुक्ति हो चुकी है, तो कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है. यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा. उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि एक शिक्षक के रूप में आप बच्चों का भविष्य संवारने के साथ राज्य के विकास में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन कभी नियुक्ति नियमावली नहीं बन सकी. इस वजह से पहले जो भी नियुक्तियां हुईं, वो विवादों के घेरे में आती रहीं. मामला न्यायालयों में पहुंचा. इस वजह से नियुक्तियों में तो विलंब हुआ ही , साथ ही भ्रष्टाचार की बातें लगातार सामने आईं. हमारी सरकार पहली बार नियुक्ति नियमावली बना कर विभिन्न विभागों में खाली पदों पर नियुक्तियां कर रही है. जेपीएससी का रिजल्ट रिकॉर्ड समय में जारी हुआ और इसमें 32 ऐसे अधिकारी बने, जो बीपीएल श्रेणी से आते हैं. यह इस बात का गवाह है कि जेपीएससी की परीक्षा में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता बरती गई और कहीं कोई विवाद पैदा नहीं हुआ.

### सरकार जो कहती है, वह करती है : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है, उसे निश्चित तौर पर पूरा करती है. मैं यह तो दावा नहीं करता कि राज्य की सारी समस्याओं का समाधान हो गया है. लेकिन, इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं. जनता की समस्याओं को विशेष प्राथमिकता के तौर पर दूर किया जा रहा है. यही वजह है कि हमारी सरकार से जनता की उम्मीदें और आकांक्षाएं भी काफी बढ़ रही है.

### हमारी सरकार से लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं

**सीएम ने** कहा कि झारखंड गठन और अलग राज्य की लड़ाई के सवाल परीक्षाओं में पूछे जाते हैं. इससे पता चलता है कि यह राज्य किस तरह से मिला. अन्य राज्य भी बने, मगर झारखंड गठन के पीछे अनेक शहादत एवं संघर्ष छिपे हैं. नए जन्मे बच्चे की ही तरह ही झारखंड का उदय हुआ. मगर यहां पर विपक्ष की सरकारों ने इसकी जड़ों को दीमक की चाटने का काम किया. हमने अब इसे सींचना-संवारना शुरू किया है. ऐसी व्यवस्था मिली कि इसे सुधारने में भी वक्त लग रहा है. मगर इतने कम समय में हमने ओ किया जो आज तक नहीं हुआ. कई ऐसी योजनाएं लाई गईं, जो पूरे देश में चर्चा का विषय रहीं. हम यह नहीं कहते हैं कि चार साल में सभी समस्याओं का हल कर दिया, मगर यह भी सच है कि जो शुरुआत की गई है, उससे झारखंड के लोगों को इस सरकार से उम्मीदें बढ़ गई हैं.

## कोलकाता में दुर्गा पूजा महोत्सव की धूम



कोलकाता में दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू हो चुका है. शहर में पूजा बाजार भी अपने पूरे शबाब पर है. सोमवार को कोलकाता के न्यू मार्केट एरिया में खरीदारों की भीड़ उमड़ी. मालूम हो कि कोलकाता सहित पूरे पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा काफी बड़े पैमाने पर की जाती है. -फोटो: पीटीआई

## रंगदारी मांगने के आरोप में दो को मिली उम्रकैद

**चाईबासा।** न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में सोमवार को धारा-307 भादवि के तहत अभियुक्त राजू दास एवं विशाल देवगम उर्फ झारखंडी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई. साथ ही 50,000 रुपये जुर्माना व धारा-387 भादवि में 7 वर्ष कारावास व 50,000 रुपए जुर्माना की सजा दी गई है. गुवा ( बड़ा जामदा ) थाना में अभियुक्त राजू दास व विशाल देवगम उर्फ झारखंडी के विरुद्ध रंगदारी व पैसा मांगने को लेकर मारपीट कर जख्मी करने के आरोप में केस दर्ज किया गया था. 15 जून 2020 को रात 12 बजे राजू दास व विशाल देवगम द्वारा माटा टुंगरा को रंगदारी एवं पैसा मांगने लगा नहीं देने पर चाकू से हमला कर दिया. इससे माटा टुंगरा को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया. जांच के क्रम में चाईबासा पुलिस ने राजू दास व विशाल देवगम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा.

## 128 साल बाद क्रिकेट ओलंपिक में शामिल

**नई दिल्ली।** क्रिकेट को लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में सोमवार को शामिल कर लिया गया.128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी हुई है. 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा. इसके अलावा आईओसी ने 141वें सत्र में जिन अन्य खेलों को शामिल कर पर मुहर लगाई, उनमें स्क्वैश, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, लैक्रोस व फ्लैग फुटबॉल शामिल हैं. आईओसी ने अपने कहा, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, क्रिकेट (टी-20), फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वॉश लॉस एंजिल्स का हिस्सा होंगे. लॉस एंजिल्स-28 आयोजन समिति द्वारा अनुशंसित 5 खेलों को शामिल करने के प्रस्ताव का आईओसी के 99 सदस्यों में से मतदान करने वाले केवल दो ने विरोध किया. इसके बाद आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने अन्य खेलों के साथ क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की घोषणा की. बाख ने कहा, मैं आप सभी का ओलंपिक कार्यक्रम में स्वागत करता हूं.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,200 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### 94 करोड़ कैश, 8 करोड़ के हीरे समेत 1 अरब की संपत्ति जब्त

**बेंगलुरु।** कर्नाटक, तेलंगाना, दिल्ली और आंध्र प्रदेश में 55 से अधिक स्थानों पर ठेकेदारों और रियल एस्टेट डेवलपर्स पर चल रही छापेमारी में आयकर विभाग ने लगभग 94 करोड़ रुपए नकद जब्त किए गए हैं. सीबीडीटी ने सोमवार को बताया कि इस छापेमारी के दौरान 94 करोड़ रुपए नकद, 8 करोड़ के सोने और हीरे के आभूषण और 30 लक्जरी घड़ियां जब्त की गई हैं. तलाशी 12 अक्टूबर को शुरू की गई थी और इस दौरान विभाग द्वारा बेंगलुरु और पड़ोसी राज्य तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ शहरों के साथ-साथ दिल्ली में 55 परिसरों में भी रेड की.

## कापासारा कोलियरी में धंसी चाल, 2 मरे

**संवाददाता। मैथन (धनबाद)**

ईसीएल मुगमा एरिया के कापासारा आउटसोर्सिंग कोलियरी में रविवार देर रात कोयले के अवैध खनन के दौरान जोरदार आवाज के साथ चाल धंस गई. चाल धंसने से उसके मलबे में दब कर 12 से अधिक लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है.

घटना के बाद कोयला चोरों ने दो शवों को मलबे से बाहर निकाल लिया है. जिससे फिलहाल दो लोगों की मौत होने की ही पुष्टि हो पाई है. बाकी लोगों के अभी भी मलबे के नीचे दबे होने की आशंका है. मृतकों की पहचान यमुना राजवंशी (37 वर्षीय) और तापस दास (20 वर्षीय) के रूप में हुई है. स्थानीय भाजपा नेता प्रदीप बाउरी और पूर्व मुखिया लखी देवी ने कोलियरी प्रबंधन को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है. तापस दास को आनन-फानन में उसके परिजनों ने दफना दिया. जबकि यमुना राजवंशी का शव उसके घर पर रखा है. लोगों ने यमुना राजवंशी के पैतृक गांव नवादा (बिहार) में घटना की जानकारी दे दी है. यमुना के परिजनों के आने का इंतजार हो रहा है. इसके बाद शव के साथ सभी प्रदर्शन करेंगे. बता दें कि पिछले माह भी अवैध खनन के दौरान चाल धंसने में तीन लोगों की मौत हुई थी.

**गोफ बनने से तालाब का पानी सूखा, ग्रामीणों में आक्रोश :** घटना के बाद अवैध खनन करवाने एवं भट्टों में कोयला पहुंचाने वाले सिंडिकेट में हड़कंप मचा हुआ है. घटना के आठ घंटे बीतने के बाद भी कोलियरी प्रबंधन और पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी. वहीं चाल धंसने के कारण सियारकनाली गांव के पास स्थित गर्म खदान (तालाब) में गोफ बन गया है, जिससे तालाब का पानी सूख गया है. तालाब सूखने पर ग्रामीण आक्रोशित हैं. उनका कहना है कि नहाने-धोने के लिए एक ही तालाब था. वो भी सूख गया है. ऐसे में उन्हें पानी की दिक्कत होगी.

### लोगों ने जताई आशंका, कम से कम 10 लोग दबे हैं



### फिर हादसा

- घटना के बाद ही दो लोगों के निकाल लिए गए शव
- एक मृतक बिहार का निवासी परिजनों के आने का इंतजार
- पिछले माह भी चाल धंसने से हुई थी तीन लोगों की मौत

### निठारी कांड : इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, सीबीआई को झटका

## कोली व पंढेर बरी, फांसी की सजाएं रद्द

**एजेंसी। प्रयागराज**

दिल्ली से सटे नोएडा के चर्चित निठारी कांड में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को निठारी कांड में दोषी करार दिए गए सुरेंद्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को तमाम मामलों में बरी कर दिया है. सुरेंद्र कोली को 12 और मनिंदर सिंह पंढेर को दो मामलों में मिली फांसी की सजा को हाईकोर्ट ने रद्द किया.

हाईकोर्ट ने गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई फांसी की सजा की रद्द की और दोनों आरोपियों को इन मामलों में बरी कर दिया. हाईकोर्ट ने दोनों दोषियों की 14 अर्जियों पर सुनाया फैसला. कोली ने 12 मामलों में मिली फांसी की सजा के खिलाफ अपील दाखिल की थी. जबकि मनिंदर सिंह पंढेर ने दो मामलों में मिली सजा के खिलाफ अर्जी दाखिल की थी. मनिंदर सिंह पंढेर की वकील मनीषा भंडारी ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मनिंदर सिंह पंढेर को उसके खिलाफ दो अपीलों में बरी कर दिया है. उसके खिलाफ कुल 6 मामले थे. कोली को सभी अपीलों में बरी कर दिया गया है.

### कोर्ट ने इस आधार पर किया बरी



हाईकोर्ट ने सीधे तौर पर कोई सबूत और गवाह नहीं होने के आधार पर दोषियों को बरी किया. हाईकोर्ट के फैसले से सीबीआई को झटका लगा. हालांकि रिंपा हलदर मर्डर केस में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने ही सुरेंद्र कोहली की फांसी की सजा को बरकरार रखा था. इन्हीं सबूतों के आधार पर रिंपा मर्डर केस में दोनों को फांसी की सजा मिली थी. जस्टिस अश्विनी मिश्रा व जस्टिस एसएचए रिजवी की बेंच ने फैसला सुनाया. बता दें कि साल 2006 में निठारी कांड का खुलासा हुआ था. आरोपियों की तरफ से दलील दी गई कि इस घटना का कोई चश्मदीद गवाह नहीं है. पंढेर एक मामले में हाईकोर्ट से पहले बरी हो चुका था.

### अच्छी खबर रिम्स में जिनोमिक्स एंड जेनेटिक्स विभाग में होल एक्जोम सिंक्वेंसिग शुरू

## अब यहीं पर आनुवांशिक बीमारियों का भी चल जाएगा पता

**सौरभ कुमार शुक्ला। रांची**

हर दिन बदल रहे चिकित्सा विज्ञान के साथ ही राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल रिम्स भी नया आयाम गढ़ने में जुटा हुआ है. नए शोध और उन्नत तकनीक से लैस रिम्स की पहचान बदल रही है. इसी कड़ी में रिम्स झारखंड-बिहार का पहला ऐसा अस्पताल होगा, जहां पीढ़ियों से चली आ रही आनुवांशिक बीमारियों के कारणों का पता लगाया जा सकेगा.

इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 4 वर्ष की एक मरीज की होल एक्जोम सीक्वेंसिंग के लिए सीएमसी वेल्लोर से रिम्स रेफर किया गया. उसके नमूने की जांच चल रही है. यह मरीज झारखंड की ही रहने वाली है. रिम्स के जिनोमिक्स एंड जेनेटिक्स विभाग में एक्जोम सिक्वेंसिग जांच की शुरुआत कर दी गई है. शनिवार को पहली बार 20 चयनित मरीजों के डीएनए से जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन के जरिए होल एक्जोम सिक्वेंसिग जांच के लिए सैंपल लगाया गया है.

बायोकेमेस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ अनुपा प्रसाद ने कहा कि सैंपल रन होने में तीन दिन के करीब समय लगता है. उसके बाद कंप्लीट रिजल्ट प्राप्त करने के लिए पूरे प्रोसेस में 12 से 14 दिन का समय लग जाता है. डॉ अनुपा प्रसाद ने कहा कि अगर सही रिजल्ट प्राप्त हो जाते हैं, तो यह झारखंड के मरीजों के लिए वरदान की तरह होगा. कई पीढ़ियों से चली आ रही समस्या का निदान तुरंत हो पाएगा.



### पीडियाट्रिक और न्यूरोलॉजी विभाग से लिए गए सैंपल की हो रही जांच

डॉ अनुपा प्रसाद ने बताया कि पीडियाट्रिक और न्यूरोलॉजी विभाग से लिए गए सैंपल जांच के लिए मशीन में लगाए गए हैं. इन सैंपल को पिछले एक साल से एकत्रित कर माइनस 180 डिग्री के तापमान में रखा गया था. सबसे बेहतर सैंपल को जांच के लिए लगाया गया है. उन्होंने बताया कि 90 फीसदी तक इस मशीन से रिजल्ट सही आता है. रिजल्ट सही मिलने पर इलाज आसानी से हो पाता है. या फिर परेशानी का कारण पता चल जाता है. उसके बाद सटीक इलाज उपलब्ध होने पर आसानी से बीमारी को ठीक किया जा सकता है. बता दें कि रिम्स में एक व्यक्ति के सैंपल के होल एक्जोम सिक्वेंसिंग में 22 से 24 हजार रुपए का खर्च पड़ता है, जबकि बाहर के प्रईवेट लैब में इसी जांच के लिए 50 से 55 हजार रुपए खर्च करने पड़ते है.

### अमेरिका ने तैनात किए महाविनाशक युद्धपोत, इजरायल भी तैयार

## हमास के बाद क्या ईरान से होगा युद्ध?

**एजेंसी। तेहरान**

इजरायल और हमास के बीच गाजा में जंग को लेकर खाड़ी देशों में तनाव बढ़ता जा रहा है. एक तरफ इजरायल समर्थक यूएई जैसे देश हैं, तो ईरान और सीरिया जैसे देश हैं भी जो हमास के साथ खुल कर खड़े हैं.

ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर ने तो धमकी दे दी है कि अगर इजरायल की सेना गाजा में घुसती है, तो संभावना है कि दूसरे मोर्चे खुलेंगे. ईरानी विदेश मंत्री का इशारा हिज्बुल्ला की ओर था, जो लेबनान से इजरायल पर हमले कर रहा है. ईरान ने कहा कि इजरायली सेना घुसती है, तो हमास के नेता गाजा को उनका कब्रिस्तान बना देंगे. उधर, अमेरिका ने खाड़ी में दो महाविनाशक परमाणु एयरक्राफ्ट तैनात किए हैं और बाइडेन ने ईरान को खुली चेतावनी दी है. कहा जा रहा है कि हमास के बाद अमेरिका और इजरायल के निशाने पर ईरान आएगा. अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन इजरायल की यात्रा भी करने वाले हैं. ईरान का मानना है कि अमेरिका ईरान पर हमला करेगा ही. नेतन्याहू ईरान को बार बार दोषी कह रहे हैं और खत्म करने की धमकी दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि ईरान परमाणु बम बना रहा है. हमास संकट से पहले ही अमेरिका ने ईरान के पास फारस की खाड़ी में बड़े पैमाने पर सैनिकों और युद्धपोतों को तैनात किया है.



### ईरान और अमेरिका दोनों ने की युद्ध की तैयारी

हमास के हमले से पहले बाइडन ने एक बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि ईरान परमाणु बम बना सकता है. ऐसे में यह अटकलें उठने लगी हैं कि क्या अमेरिका ईरान के परमाणु ठिकाने को तबाह करेगा या नहीं. इसके बाद अमेरिका ने इजरायल के साथ मिल कर अभ्यास किया था. ईरान को अंदेशा है कि एक इजरायल और अमेरिका उसके ऊपर हमला जरूर करेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### छात्रों ने दृष्टिहीन बच्चों के साथ बिताए कुछ पल

**रांची ।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ने चान्हों स्थित अमर ज्योति स्कूल फॉर द ब्लाइंड के बच्चों के साथ विश्व खाद्य दिवस मनाया. जहां कक्षा एल केजी से कक्षा दसवीं के दृष्टिहीन बच्चे शामिल रहें. सिस्टर प्रीती एवं सिस्टर माधुरी संस्थान की जानकारी दी. वहीं आईएचएम के छात्रों अपने द्वारा बनाएं विभिन्न व्यंजनों का स्वाद बच्चों को चखाया. संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने कहा कि संस्थान के छात्रों को अपने छुट्टी के दिन दृष्टिहीन बच्चों के साथ व्यतीत करने तथा अपने ज्ञान को इनके साथ साझा करने का उद्देश्य मात्र था.

### कोडरमा : कस्तूरबा की छात्राएं डीसी से मिलीं

**कोडरमा ।** सतगावां कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राएं सोमवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मिलने पहुंची. जहां सुबह ग्यारह बजे से छात्राएं समाहरणालय परिसर में पहुंच चुके थे. जहां देर शाम करीब 5:00 बजे उपायुक्त से मुलाकात हो पाई. वहीं छात्राओं ने उपायुक्त से मुलाकात कर एक आवेदन के द्वारा मांग की है कि हमारे विद्यालय के तीन अंशकालिक शिक्षकों को आपके द्वारा सतगावां दौरा के दौरान कार्य मुक्त कर दिया गया था. जबकि इन शिक्षकों पर कार्रवाई के बाद हमलोगों की पढ़ाई काफी प्रभावित हुई है. तीनों शिक्षक अपने-अपने वर्गो में रोस्टर के अनुसार पढ़ाकर गये थे. उसी दौरान उपायुक्त कस्तूरबा विद्यालय पहुंचीं.

### एनसीसी चयन में 59 छात्रों ने हिस्सा लिया

**रांची ।** मारवाडी कोलेज में एनसीसी चयन शुरु कर दिया गया है. एनसीसी चयन प्रक्रिया रांची जिला स्कूल मैदान में किया जा रहा है . चयन प्रक्रिया दो दिनों तक चलेगी वहीं कॉलेज प्रशासन ने कहा कि दूर्गा पूजा के बाद बी चयन प्रक्रिया चलाया जाएगा. सोमवार इस चयन प्रक्रिया में कुल-59 छात्रों ने भाग लिया . आज इनकी शारीरिक जांच एवं दौड़ की स्पर्धाएं करवाई गई. आगे चयन इनके चयन के लिए अन्य स्पर्धाओं के साथ लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा और सभी स्पर्धाओं एवं प्रक्रियाओं के बाद अंतिम रूप से चयनित छात्रों की मेधा सूची प्रकाशित की जाएगी.

### डीएसपीएमयू : ईएलएल में इंडक्शन कार्यक्रम

**रांची ।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के ईएलएल डिपार्टमेंट इंडकशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया. ये इंडक्शन प्रोग्राम स्नातक सत्र 2023-27 के छात्रों के लिए किया था. जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में राजलक्ष्मी सहाय और प्रो. प्रकाश सहाय शामिल रहे. वहीं कार्यक्रम की नेतृत्व ईएलएल के कॉडिनेटर डॉ. विनय भरत ने की. बतोर मुख्य वक्ता कार्यक्रम में शामिल हुई राजलक्ष्मी ने कहा कि ईश्वर और प्रकृति से अगर आप एकात्म हो जाते हैं तो फिर जिंदगी में सबकुछ सरल सहज उपलब्ध हो जाता है. शिक्षा का उद्देश्य महज अंक प्राप्ति कर नौकरी लेना नहीं है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं तक पहुंचना है. उक्त बातें श्रीमती राजलक्ष्मी सहाय ने बतौर मुख्य वक्ता डिपार्टमेंट और इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर आगे उन्होने कहा कि उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में हरेक विधा के लिए एक इष्टदेव हैं.

सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में सात दिवसीय सड़क सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

# जीवन अनमोल है, इसे युवाओं को समझना चाहिए: नीरज

संवाददाता । गढ़वा



**किया सजग**

- कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा प्रबंधन के बारे में बताया
- आए दिन सड़क पर दुर्घटना होती रहती है, सावधान रहें
- जनवरी माह में कुल 135 सड़क दुर्घटनाए हुईं

सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का सड़क सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ. इसके जरिये एनसीसी केडेट को जागरूक करने का प्रयास किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार द्विवेदी एवं मुख्य वक्ता जिला परिवहन कार्यालय सड़क सुरक्षा शाखा के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा व नीरज कुमार पाण्डेय उपस्थित थे.

मौके पर मुख्य वक्ता जिला परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा शाखा के नीरज पाण्डेय ने कहा कि जीवन अनमोल है. लोगों खास कर युवा वर्ग को इसका मोल समझना चाहिए. आज आए दिन सड़क दुर्घटना की खबरें अखबारों में पढ़ने को मिलती हैं. गढ़वा जिला अन्तर्गत चालू वर्ष 2023 के जनवरी एवं अगस्त माह में ही कुल 135 सड़क दुर्घटनाएं हुईं. जिसमें 105 लोगों की मौत हो गयी. वहीं वर्ष 2022 में 192 सड़क दुर्घटनाओं में 107 मौत, वर्ष 2021 में 170 सड़क दुर्घटनाओं में 110 मौत हुईं.

वहीं वर्ष 2020 में 177 सड़क दुर्घटनाओं में 91 मौत हो गयी. उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के अन्तर्गत कुल छह ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं. इनमें बेलचम्पा चौक, पचफेरी मोड़, बिलासपुर, अनराज घाटी, गुलेरिया ढ़ोड़हा तथा बुढ़ा परास पुल शामिल है. उन्होंने कहा कि टू व्हीलर्स या फोर व्हीलर्स ड्राईविंग के वक्त सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए. बिना हेलमेट के बाइक ड्राईविंग स्वयं की जान को खतरे में डालना है. इस मौके पर डा. अरविन्द गुप्ता, रामानंद उपाध्याय, राजेश कुमार द्विवेदी, बिगावन तिवारी, रत्नेश धर दुबे समेत बड़ी संख्या में एनसीसी केडेट वालंटियर्स उपस्थित थे.

## आपकी बात

> हॉकी के लिए पैसे नहीं होते थे. करुणा खुद बांस के जड़ काट कर खुद ही हॉकी के आकार में बना कर खेला करती थी.



**नाम : करुणा पूर्ति**
**पेशा– हॉकी कोच**
**पता – रांची**

करुणा पूर्ति खूंटी जिले के मुरहू की रहने वाली है. बचपन से ही खेलना का जुनून रखने वाली करुणा पूर्ति के जीवन में गरीबी गुजरा और गांव के रूढ़ीवादी सोच से लड़ कर अपने कोच के सफर तय किया है. करुणा पूर्ति बताती है कि उनकी दादी उन्हें हमेशा कहा करती थी, काम करो खेल कूद लड़कियों के लिए नहीं हैं. गांव के लोग भी कहते थे लड़का लोगों के लिए खेलना कूदना शोभा देता है. करुणा इन बातों को नजरअंदाज करती और अपने खेल को बेहतर बनाने में रहती है. कहती है कि हॉकी के लिए पैसे नहीं होते थे. करुणा खुद बांस के जड़ से काट कर खुद ही हॉकी के आकार में बना कर खेला करती थी. लोग जूते पहनकर खेलते थे. पर उनके पास जूते नहीं होन के करुणा खाली पैर खेलती थी. 1985 से ही करुणा हॉकी खेल रही है. कभी मुर्गी कप तो कभी खस्सी कप, कई बार हार का सामना भी किया पर अपने हॉकी खेलने के जुनून को हारने नहीं दिया और एक दिन स्टेट लेवल द्वारा खेल में मुझे जयपाल सिद्धू द्वारा खेल देख कर मुझे सेलेक्ट कर लिया गया. उन्होंने यह भी बताया कि उनकी सफलता में उनकी दीदी का सबसे बड़ा योगदान है. उनकी दूसरी दीदी पहले से ही खिलाड़ी है. वह पहले से झारखंड हॉकी टीम में खेलती थी. उन्हें कहती थी कि करुणा को भी ले जाओ. खेलने का बहुत मन है. उनके द्वारा कही बातें मुझे यहां तक ले आईं कि में हॉकी की कोच बन पाई. वर्तमान में वह स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस बरियातू में 25 लड़कियों को हॉकी सिखाती है. करुणा की तीन छात्रा इंडिया कप के लिए राउरकेला गई हैं. उनका प्रयास है कि सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करे.

प्लस टू उच्च विद्यालय रंका में बाल विवाह पर परिचर्चा का आयोजन

# बाल विवाह है समाज के लिए अभिशाप : डॉ. कुलदेव

संवाददाता । रंका



**किया जागरूक**

- रंका में विद्यार्थियों के बीच हुआ परिचर्चा कार्यक्रम
- भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है है उद्देश्य

बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है. काफी प्रयास के बाद भी इसमें कमी नहीं आ रही है. हम सभी को मिलकर इस विषय पर सोचना होगा. बाल-विवाह जैसी कुरीतियों को मिटाने के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों को आगे आना होगा. लड़के-लड़कियों का विवाह सही समय पर होना चाहिए, ताकि उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़े हो सकें. उक्त बातें रंका चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुलदेव चौधरी ने राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय, रंका में छात्र-छात्राओं के बीच परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस कार्यक्रम का आयोजन राज्यव्यापी बाल विवाह से आजादी अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं विभागीय आदेश पर किया गया था. चौधरी ने कहा कि इसका उद्देश्य पूरे जिले में जागरुकता अभियान चलाकर भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है.

डॉ. चौधरी ने कहा कि लड़कियों को आगे बढ़ने का मौका तभी मिलेगा जब उनकी शिक्षा पूरी होगी. इसके लिए बाल विवाह सबसे बड़ा बाधक है. समय से पहले विवाह होने पर लड़कियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ता है. विकसित और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए हम सभी को इसके खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी. उन्होंने कहा कि 18 साल से कम उम्र में शादी होने से गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान कई स्वास्थ्य जटिलताएं बढ़ने का खतरा होता है. इससे मां के साथ नवजात की जान जाने का भी खतरा होता है. साथ ही कम उम्र में शादी होने से सामाजिक बाध्यता बढ़ जाती है एवं किशोरावस्था में ही मां बनने पर भी विवश होना पड़ता है. जिससे सही समय पर परिवार नियोजन साधन अपनाने में भी कमी आती है. बाल विवाह से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है, जिसका सीधे स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा और जनसंख्या की वृद्धि होने से देश की आर्थिक स्थिति कमजोर होगी.

बीपीएम सुधीर कुमार ने कहा कि कम उम्र में शादी करना दंडनीय अपराध है. इसमें लड़के और उसके माता-पिता को भी दंडित किया जा सकता है. कानूनी प्रावधानों के मुताबिक दो वर्ष की सजा एवं एक लाख जुर्माना या फिर दोनों हो सकता है. मौके पर डॉ. गोरखनाथ पांडेय, अनिल राम, प्राचार्य, शिक्षकगण सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

### बाल विवाह मानवाधिकार का हनन है: प्रमोद कुमार

**मैथन ।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में सोमवार को बाल विवाह उन्मूलन के लिए शपथ ग्रहण कराया गया और कार्यक्रम आयोजित किये गए. कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया. मध्य विद्यालय एग्यारकुंड में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि बाल विवाह मानवाधिकार और गरिमा का हनन है, जिसे दुर्भाग्य से सामाजिक स्वीकृति प्राप्त है. हमें मानवाधिकार की हत्या करने वाली इस कुप्रथा का समाप्त करना ही होगा. उन्होंने कहा कि बाल विवाह का सीधा असर न केवल लड़कियों पर बल्कि उनके परिवार और समुदाय पर भी होता है. छोटी उम्र में लड़कियों का विवाह कर दिया जाता है, तो इससे वह कई तरह की बीमारियों का शिकार हो सकती हैं. कहा कि बाल विवाह बच्चों के खिलाफ शोषण के सबसे बुरे रूपों में से एक है. जाति, समाज व देश हित में इसे रोकना बहुत जरूरी है. कार्यक्रम में विदन मंडल, प्रमोद राव, कुमारी सोना दास, पंपी खान, मारुति बाउरी, दुलारी बाउरी, चंदन बाउरी, अर्पणा बाउरी, जमुना बाउरी आदि उपस्थित थे.

### स्कूल में बाल विवाह के विरोध में निकाली रैली

**घाटशिला ।** सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय झाटीझरना में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को गांव में बाल विवाह के विरोध में रैली निकाली. विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा के पूर्व ही रैली की शक्ल में निकल कर नारा लगाते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया. रैली के दौरान विद्यार्थियों ने गगन भेदी नारे लगाए. पहले पढ़ाई फिर विदाई, इसके अलावा बाल विवाह अपराध है मंडप नहीं यह श्राद्ध है. इनके नारे से पूरा गांव गूंजने लगा. गांव वालों ने इस जागरुकता रैली को देखकर काफी सराहना की. इस कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह दिखा. सभी ने शपथ लिया कि हम बाल विवाह नहीं करेंगे. जब तक स्नातक तक की अपनी पूरी नहीं करते तब तक पढ़ाई जारी रखेंगे. रैली में उर्दू शिक्षक डॉ. कमर अली, गणित शिक्षक दीपक कुमार महतो के अतिरिक्त आनंद बारीक, प्रभारी नवदीप बिहारी कारण, किशोर कुमार बांद्रा, मनीष कुमार ओझा, चबन सिंह तथा सोमनाथ सोरेन उपस्थित थे.

## छात्रों ने पहचान पत्र फॉर्म भरा

**घाटशिला ।** घाटशिला कालेज में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों का मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए फ्री फिल्ड फॉर्म सिक्स भरवाया जा रहा है. ताकि युवा मतदाताओं की संख्या बढाया जा सके. इस अभियान में कॉलेज के कर्मचारी एवं एनसीसी कैडेट्स युद्ध स्तर पर लगे हैं. इस अभियान का निरीक्षण घाटशिला के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राजीव कुमार ने प्राचार्य डॉ आरके चौधरी के साथ किया. सीओ ने इस अभियान में लगे सभी कर्मचारियों एवं एनसीसी कैडेट्स के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी. साथ ही उन्होंने कहा कि इस अभियान में लगे सभी एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत किया जाएगा.

# एनवाईके ने निकाली अमृत कलश यात्रा

संवाददाता । लातेहार



नेहरू युवा केंद्र, लातेहार के द्वारा उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, सरयू में प्रखंड स्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गयी. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख अनीता देवी, विद्यालय के प्रधानध्यापक अनीश कुमार एवं चोरहा पंचायत की मुखिया अंकिता देवी उपस्थित थी. प्रमुख अनीता देवी ने कहा कि गांव-गांव से एकत्रित की गई मिट्टी को लाने के लिए अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ है. मेरी माटी मेरा देश अभियान अभियान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए पंच प्रण के महान भारत की रचना का राजमार्ग है. प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की मानसिकता को दूर करना, अपनी जड़ों-परंपराओं पर गर्व करना, एकता और अखंडता के लिए जीवन समर्पित करने का प्रण व नागरिकों में कर्तव्य की भावना को जागरूक करने के संकल्प लेने का आह्वान किया है. कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई. गांवों में एकत्रित की गयी मिट्टी को प्रखंड स्तर के अमृत कलश में संग्रह किया गया.

# नव संकल्प मंच योग टीम के बच्चे सम्मानित

संवाददाता । भूली



**बच्चे उत्साहित**

- महर्षि मेहीं सत्संग में बच्चों को सम्मानित किया गया
- भूली ओपी प्रभारी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए

भारती सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा रविवार को भूली शिवपुरी स्थित महर्षि मेहीं सत्संग आश्रम में एक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ. इसमें जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन का किताब हासिल कर राज्य स्तरीय योग प्रतिस्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले नव संकल्प मंच योग टीम के बच्चों को सम्मानित किया गया.

सामारोह में उपस्थित भूली ओपी प्रभारी महेश चंद्र तथा भारती सेवा सदन ट्रस्ट के प्रभारी सह वंचित मोर्चा बिहार के अध्यक्ष रामाशीष चौहान ने बच्चों को मेडल, प्रशस्ति पत्र समेत अन्य उपहार देकर सम्मानित किया. भूली ओपी प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि अगर बच्चों में जज्बा हो तो किसी भी प्रतिस्पर्धा में अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं. वहीं रामाशीष चौहान ने कहा की भूली के विकास के लिए हमारी ट्रस्ट हमेशा अग्रसर रहेगी. सम्मनित होने वाले बच्चों में रितिका प्रजापति, रोशनी कुमारी, नोबिता मोदी, सीढिका फिरदौस, स्वेता कुमारी चौहान, वेदिका आर्या, हिमांशु, नैतिक, रोहन राज, प्रांजल कुशवाहा, वेदांत, शिवांशु, सुमित मोदी, बंटी आदि शामिल थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता राणा दत्ता, संचालन मानस रंजन पाल तथा धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र कुमार ने किया.

### डीपीएस में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

**रांची ।** मतदाता जागरुकता के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन डीपीएस में सोमवार को किया गया. इस अवसर पर स्कूल के बारहवीं कक्षा के सैंकड़ो छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों ने फॉर्म 06 भर कर पंजीकरण कराया. इस दौरान सभी छात्र काफी प्रसन्न थे. वे इस फार्म को भरने के लिए समय पर स्कूल पहुंच चुके थे. छात्रों का कहना था कि इसे भरने के बाद वे आगे मतदान करने के लिए योग्य हो जाएंगे. उन्होंने कहा कि वे मतदान को लेकर काफी उत्साहित हैं. विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने उक्त कार्यक्रम को सराहा एवं उन्होंने छात्र छात्राओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी किया.

# रांची में विश्वकर्मा वेलफेयर सोसाइटी की बैठक संपन्न



संवाददाता । रांची

श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसाइटी की बैठक रांची के न्यू मार्केट स्थित तकनीकी शिक्षा परियोजना के कार्यालय में हुई. इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जगमोहन शर्मा ने की. इसका संचालन सचिव विक्रांत विश्वकर्मा ने किया. इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष विद्यानंद विद्यार्थी, कोषाध्यक्ष उदय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा, रंजीत विश्वकर्मा, अंकित विश्वकर्मा, अनुपम कुमार और अजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे. बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई और प्रस्ताव पास हुआ. सोसाइटी द्वारा संचालित तकनीकी शिक्षा परियोजना एवं रूट राइडर चिल्ड्रन स्कूल को और मजबूत करने पर बल दिया गया.

### बीडीओ ने किया पुस्तक मेले का उद्घाटन

**बेरमो ।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय स्वांग में सोमवार को पुस्तक मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो ने किया. मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नंदलाल महतो, मुखिया रीना सिंह व विधायक प्रतिनिधि रविशन टुडू शामिल थे. इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि पुस्तक ही ज्ञान का मार्ग है और इंसान का सबसे अच्छा दोस्त भी है. शिक्षा से ही विकास के कार्य शुरू होते हैं और शिक्षा ही जीवन का एक अनमोल रत्न है. इसे कोई चुरा नहीं सकता है और यह कहीं भी खो नहीं सकता. इसी प्रकार विद्यालय से ही जीवन की शुरुआत होती है. विद्यालय में एक अच्छे माहौल बनाने की जरूरत है. इस दौरान कई विद्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

क्लासिफाइड




### टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार बांटे

**कथारा (बोकारो) ।** केबी कॉलेज बेरमो में नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा और कॉलेज परिवार के द्वारा टीबी रोगियों के बीच पोषाहार वितरण किया गया. छह महीने से लगातार पांच टीबी रोगियों को गोद लेकर के बी कॉलेज पोषाहार का वितरण कर रही है. पौष्टिक आहार टीबी रोगियों को बीमारी से निजात दिलवाने में मदद करती है. पोषाहार किट में प्रति रोगी तीन किलो दाल था.




**प्रतयोगिता** प्रभारी डीन प्रो (डॉ) प्रवीण के मार्गदर्शन में किया गया आयोजन

# एजेयू में छात्रों के लिए इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता

धर्मेंद्र कुमार । जमशेदपुर



अतिथि के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी.

**छात्र रोमांचित**

- छात्रों ने अपनी तर्क क्षमता का परिचय दिया
- निदेशक ने छात्रों को नेक रास्ते पर चलने का संदेश दिया

अरका जैन यूनिवर्सिटी (एजेयू) के स्कूल ऑफ लॉ की ओर से तीन दिवसीय इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2023 का आयोजन किया गया. यह आयोजन डीन प्रभारी प्रो (डॉ) प्रवीण कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया. तीन दिनों तक चली यह प्रतियोगिता काफी रोमांचक रही. इसमें छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपनी तर्क-वितर्क क्षमता और वाक्पटुता का परिचय दिया.

इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो (डॉ) एसएस रज़ी, निदेशक सह रजिस्ट्रार अमित श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को न्यायपालिका के इस नेक रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया. हर साल की तरह इस बार भी स्कूल ऑफ लॉ की यह इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2023 सफल रही. जहां झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विनीत बोरिस एक्का, सेमीफाइनल में मनीषा मुर्मू और फाइनल में उच्च न्यायालय, रांची के सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार ने निर्णायक की भूमिका निभाई. प्रतियोगिता में अभिषेक नारायण, अक्षय श्रीवास्तव और धनंजय कृष्णा की मूट टीम विजेता रही. तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को कानूनी तर्क-वितर्क और वकालत में अपने कौशल को निखारते हुए कठोर अदालती लड़ाइयों में भाग लेते देखा गया.

# लौटे प्रति कुलपति, राजभवन के आदेश का है इंतजार

संवाददाता । धनबाद

**किया स्वागत**

- अधिकारियों ने प्रति कुलपति का स्वागत किया
- प्रति कुलपति के नहीं रहने के कारण फाइलें लटकी हैं

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के प्रतिकुलपति प्रो डॉ पवन कुमार पोद्दार छुट्टी के बाद सोमवार को लौट आए. आमतौर पर प्रतिकुलपति पॉलिटेक्निक स्थित विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में अपने कार्यालय में बैठते हैं. लेकिन सोमवार को वे भेला टांड़ स्थित विश्वविद्यालय के नए कैंपस पहुंचे और कुलपति कार्यालय में ही अगल कुर्सी पर बैठे. अनौपचारिक रूप से विश्वविद्यालय विभाग के शिक्षकों व अधिकारियों ने प्रतिकुलपति का स्वागत किया. इस दौरान अनौपचारिक रूप से ही उनके निर्देशों पर कार्यालयी कार्य संपादित हुए. हालांकि कुलपति या प्रभारी कुलपति नहीं होने की वजह से बीते चार दिनों से कोई फ़ाइल आगे नहीं बढ़ा और ना ही कोई नया नोटिफिकेशन जारी हुआ. जबकि बीबीएमकेयू प्रशासन को अब भी राजभवन से आदेश का इंतजार है. कुलपति के पदमुक्त होने और राजभवन से कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं होने की वजह से तकनीकी रूप से विश्वविद्यालय प्रशासन के कार्यों की जिम्मेदारी रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार उठा रहे हैं. प्रति-कुलपति को चार्ज दिए जाने या प्रभारी कुलपति की नियुक्ति तक विश्वविद्यालय का काम रजिस्ट्रार ही संभालेंगे. हालांकि कुलपति या प्रभारी कुलपति के नहीं होने की वजह से वे कोई भी नया नोटिफिकेशन जारी नहीं करेंगे.

## शारदीय नवरात्र

### तृतीया चंद्रघंटा



पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥

**विग्रह :** माता चंद्रघंटा के माथे पर घंटे के आकार में अर्धचंद्र है, जिससे इन्हें चंद्रघंटा के नाम से जाना गया. इनका यह रूप बहुत ही शांतिदायक है. इनके पूजन से मन को शांति की प्राप्ति होती है. ये भक्त को निर्भय कर देती हैं. देवी का स्मरण जीवन का कल्याण करता है.

**पूजा विधि :** माता की चौकी (बाजोट) पर माता चंद्रघंटा की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें. इसके बाद गंगा जल या गोमूत्र से शुद्धीकरण करें. चौकी पर चांदी, तांबे या मिट्टी के घड़े में जल भरकर उस पर नारियल रखकर कलश स्थापना करें. इसके बाद पूजन का संकल्प लें और वैदिक एवं सप्तशती मंत्रों द्वारा मां चंद्रघंटा सहित समस्त स्थापित देवताओं की षोडशोपचार पूजा करें. तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर पूजन संपन्न करें.

**श्रेयस्कर भोग :** माता चंद्रघंटा को दूध और उससे बनी चीजों का भोग लगाएं और और इसी का दान भी करें. ऐसा करने से मां खुश होती हैं और सभी दुखों का नाश करती हैं. इसमें भी मां चंद्रघंटा को मखाने की खीर का भोग लगाना श्रेयकर माना गया है.

- डॉ विनय कुमार पांडेय

राजधानी रांची में शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड गुरुजी ऐप लांच किया

# सरकारी स्कूल के बच्चे भी अब डिजिटल माध्यम से कर सकेंगे पढ़ाई

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड के सरकारी स्कूल के बच्चे भी निजी स्कूल व कोचिंग संस्थान की तर्ज पर डिजिटल माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे. सरकारी स्कूल के बच्चे अपने स्टडी मैटेरियल डिजिटल माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं. शिक्षक भी बच्चों को ऑनलाइन सेवा देंगे. निजी स्कूलों की तर्ज पर अपने-अपने कक्षा की सारी मैटेरियल अब ऑनलाइन उपलब्ध होगा. हर विषय की जानकारी और स्टडी मैटेरियल इस एप के जरिए उपलब्ध होगा. इसको लेकर मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री हेमंत सोरेन झारखंड गुरुजी एप लांच किया.

उन्होंने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है. ऐसे में सरकारी विद्यालयों के बच्चे पीछे नहीं रह जाएं, इसी को ध्यान में रखकर सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर अपग्रेड किया जा रहा है. स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले गए हैं. आदर्श विद्यालयों में शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. सभी श्रेणी के विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत की जा रही है. बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा देने की पहल हो रही है. छात्रावासों का जीर्णोद्धार हो रहा है.हमारी कोशिश है कि सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में अपने को बेहतर साबित कर सकें. उन्होंने कहा कि इस एप के जरिए राज्य के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी डिजिटल कंटेंट के साथ ऑडियो-वीडियो माध्यम से विद्यालय के अलावा अपने घर में भी पढ़ाई कर सकते हैं.



गुरुजी एप लांच करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन.

### खास बातें

- सारे स्टडी मैटेरियल अब ऑनलाइन उपलब्ध होगा
- शिक्षक भी अब बच्चों को ऑनलाइन सेवा देंगे

### हमारा काम साबित हो रहा मील का पत्थर : आलमगीर आलम

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, कुर्सी आती-जाती रहती है, मगर हमारी सरकार ऐसे-ऐसे काम कर कर रही है, जो अपनी यादें सदियों तक छोड़ेगी. हम कहां थे और कहां पहुंचे, इसका आकलन होना चाहिए. हमारी सरकारों ने कई ऐसे कार्य किए हैं, वह भी काफी कम समय में कि न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश में मील का पत्थर साबित हो रहा है. उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि न केवल वे ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल लाएं, बल्कि अपने पूरे सर्विस काल में कम से कम दस बच्चे ऐसे तैयार करें कि वह आपका और आपके स्कूल का नाम रोशन करे.

इस मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, सीएम के सचिव विनय चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा, एसपीडी निदेशक किरण पासी और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे.

### 18 साल में विपक्ष काम किया होता तो हमें कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ती : सत्यानंद भोक्ता

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि 18 साल में अगर विपक्ष की सरकारों ने काम किया होता तो आज हमें कुछ करने की जरूरत ही नहीं होती. अपने तो 18 साल में कुछ नहीं किया. अब हमारे युवा सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हो कामों से उनके पेट में दर्द होने लगा है. 29 दिसंबर को हमारी सरकार का चार साल हो जाएगा. मगर सरकार बनते हुए दो साल कोरोना में बीता, जब सरकार ने काम करना शुरू किया तो उसे परेशान किए जाने लगा. इसके बाद बावजूद हमारी सरकार ने कई ऐसे कार्य किए, जो मिसाल बन गया.

पूर्व आईएएस विजय सिंह समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल

# परिवारवाद समर्थक पीएम मोदी को हटाने के लिए हो रहे एकजुटः मरांडी

विशेष संवाददाता। रांची

कोल्हान के पूर्व आयुक्त रहे रिटायर्ड आईएएस अफसर विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोग सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए. प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी. मौके पर मरांडी ने कहा कि विपक्षी एकता के नाम पर परिवार और पैसे की राजनीति करने वाले, भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे दल और नेता मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं. राष्ट्र विरोधी शक्तियां उनके आदर्श बन रहीं. वे सनातन का विरोध, भारत का विरोध करना अपना धर्म समझ रहे हैं. जिन लोगों ने देश को वर्षों तक विकास से वंचित रखा, वे आज परेशान हैं. झारखंड की आज यही स्थिति है. परिवार, भ्रष्टाचार, अत्याचार में शामिल हेमंत सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है.

**बिना भेदभाव किए मोदी सभी का विकास कर रहे :** उन्होंने कहा कि आज भाजपा से जनता का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है. जनता सबका साथ, सबका विकास पर विश्वास करने लगी है. इसलिए देश को मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ता देखने के लिए आम जनता ने अपनी ताकत झोंक दी है. उन्होंने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे अनुभवी लोगों की योग्यता और कार्यक्षमता का पार्टी को लाभ मिलेगा. उन्होंने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी का बिना भेदभाव के विकास हो रहा है. गांव- गरीब विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं. डिजिटल क्रांति से देश में व्यापक परिवर्तन हुए हैं. इस मौके पर प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय सहित कई ने अपने विचार रखे.



राजधानी रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में विजय सिंह को पार्टी में शामिल कराते बाबूलाल मरांडी.

### नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित होकर भाजपा में आया : विजय कुमार सिंह

सदस्यता ग्रहण करते हुए पूर्व आयुक्त विजय कुमार सिंह ने प्रदेश भाजपा नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अवकाश प्राप्ति के बाद अनुभव एवं क्षमता को भाजपा के साथ जुड़ कर देश सेवा में लगाने की इच्छा हुई. उन्होंने कहा कि मोदी जी का नेतृत्व, पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों ने मुझे जुड़ने के लिए प्रभावित किया. उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी कार्य देगी, उसे हरसंभव पूरा करने की कोशिश करूंगा.उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत का सकल घरेलू उत्पाद दर 6% से ज्यादा हुआ है, जो बड़ी उपलब्धि है. आज सभी क्षेत्रों में भारत तेजी से विकास कर रहा है.

### खास बातें

- बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बोला हमला
- विजय सिंह के साथ कई लोगों ने पार्टी का दामन थामा

### इन्होंने ली सदस्यता

विजय कुमार सिंह के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सेवानिवृत्त राज्य अग्निशमन अधिकारी सुधीर कुमार वर्मा, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक ललन ठाकुर, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश जीके दुबे, संजय अग्रवाल, रिंकू गडिया , प्रभाष कुमार झा, प्रभाकर, एकांत, आशीष साहू, श्रीप्रकाश, सागर साहू, सुमित रंजन, अभिनंदन शर्मा, अभिप्रय वर्मा सहित झामुमो और आजसू के कार्यकर्ता निरंजन पांडेय, प्रदीप चौबे, फलजीत महतो, अजय ठाकुर, मोहम्मद सलीम अंसारी, गणेश आगीवाल आदि ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

### कोई सुने न सुने, मैं तो बोलूंगा : विद्याधर नायक

**आदित्यपुर।** कोई सुने न सुने मैं तो बोलूंगा, कौन कहता है अकेले चना भाड़ नहीं फोड़ सकता, मैं फोड़ कर दिखाऊंगा. उक्त बातें हाल में आजसू में शामिल हुए वृद्ध नेता विद्याधर नायक ने कहीं. वे सोमवार को थाना के सामने पीएचईडी गेट स्वयंभू सभा कर झारखंड सरकार पर नाकामी का ठीकरा फोड़ा. उन्होंने लगभग सभी विभागों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया. अपने बेबाक भाषण में उन्होंने घूसखोर अधिकारियों पदाधिकारियों को खुलेआम जूते चप्पल से पीटने की बातें कही. उन्होंने कहा कि वे आम जनता की सेवा करने के लिए आज आमसभा की हैं. हमारा उद्देश्य जनता को जगाना है.

### आओ जानें

### बगोदर सीट से कौन से विधायक पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | विधायक | पार्टी |
|---|---|---|
| 2000 | महेंद्र प्रसाद सिंह | भाकपा (एमएल) |
| 2005 | विनोद कुमार सिंह | भाकपा (एमएल) |
| 2009 | विनोद कुमार सिंह | भाकपा (एमएल) |
| 2014 | नागेंद्र महतो | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | विनोद कुमार सिंह | भाकपा (एमएल) |



# बाउरी के नेता प्रतिपक्ष बनने पर खुशी

संवाददाता। धनबाद

चंदनकियारी से भाजपा विधायक और अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर बाउरी भाजपा के नए विधायक दल के नेता बनाए गए हैं. वहीं भाजपा के मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को विधायक दल का सचेतक चुना गया गया है. इससे अनुसूचित जाति मोर्चा में खुशी की लहर है. इसे लेकर धनबाद महानगर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौर चंद्र बाउरी के नेतृत्व में रंधीर वर्मा चौक पर भाजपाइयों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी.

इस अवसर पर मौजूद महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि पार्टी का यह निर्णय बहुत ही सराहनीय है. वहीं अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष गौर चंद्र बाउरी ने पार्टी के शीर्ष नेताओं का धन्यवाद दिया और कहा अमर बाउरी को विधायक दल का नेता बनाये जाने के बाद से राज्य के दलित समाज में खुशी की लहर है.



### उधार के सिंदूर से सुहागन बन रही है भाजपा : झामुमो

**रांची ।** भाजपा की ओर से अमर बाउरी को विधायक दल का नेता और जेपी भाई पटेल को पार्टी का सचेतक बनाए जाने पर झामुमो और कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा है कि ये नेता उधार के सिंदूर हैं, जिनकी दुल्हन भाजपा बनना चाहती है. उन्हें यह भी सोचना चाहिए कि वे कब तक भाजपा के साथ रहेंगे. जो विधायक हमारा नहीं हुआ, तो भाजपा का क्या होगा.

### भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपने लोगों पर भरोसा नहीं : कांग्रेस

वहीं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने भाजपा विधायक दल के नए नेता अमर बाउरी और सचेतक जेपी भाई पटेल को बधाई देते हुए कहा है कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपने लोगों पर भरोसा नहीं है. जिस तरह से भाजपा में उधार पर लाने वालों को तरजीह दी जा रही है, वास्तव में यह पार्टी विद डिफरेंस ही ऐसा कर सकती है.

## ब्रीफ खबरें

### विधायक ने ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन

**चाईबासा।** सदर विधानसभा क्षेत्र के टोंटो प्रखंड अंतर्गत सालीकुटी के टोला महतीसाई में विधायक दीपक बिरुवा ने नए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन सोमवार को किया. इससे टोला में फिर से बिजली बहाल हो गई है. इस टोला के लोग विगत एक माह से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण अंधेरे में रहने को विवश थे. ग्रामीणों ने खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को बदलवाने की गुहार विधायक से लगाई थी. विधायक ने इसे गंभीरता से लिया.

### कम्युनिस्ट पार्टी ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड स्तरीय विभिन्न जन समस्याओं को लेकर सोमवार को कम्युनिस्ट पार्टी घाटशिला प्रखंड कमेटी की ओर से बीडीओ युनिका शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया. प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया है कि आम जनता के हित में समस्याओं का समाधान किया जाए. इसमें मुख्य रूप से जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत सभी गरीब परिवारों को हर महीना मिलने वाली अनाज नियमित व पूरा राशन देने की गारंटी की जाए. व घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में सुविधाओं की व्यवस्था करें.

# पंसस के सदस्यों ने टिकैत परिवार के धरना का किया समर्थन



संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

गावां कालीमंडा के सामने छह दिनों से चल रहे धरना का सभी पंचायत समिति सदस्यों ने सोमवार को समर्थन किया. इस दौरान प्रशासन द्वारा मामले में कोई ठोस पहल नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की. कहा कि इस तरह के मामले में प्रशासन को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए. पंसस अखलेश यादव ने कहा कि गावां प्रखंड में अंचल कर्मियों की मिलीभगत से भूमाफिया फर्जी दस्तावेज बनाकर दूसरे की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं. कहा कि प्रखंड में इनदिनों लगातार जमीन का मामला बढ़ रहा है. विवाद को लेकर कई जगह हत्या व मारपीट का घटना सामने आ रही है.

# 'आदिवासी स्वशासन व्यवस्था को संविधान सम्मत बनाना जरूरी'

संवाददाता। जमशेदपुर



बहरागोड़ा से प्रारंभ मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा को लेकर सेंगेल सालखन मुर्मू ने सोमवार को बयान जारी करते हुए कहा कि मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा को कर्तव्य पदयात्रा में परिवर्तित किए बगैर आदिवासी गांव-समाज को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है. प्रायोजित पदयात्रा से प्रत्येक गांव के केवल एक-दो आदिवासी प्रमुख मानदेय प्राप्त कर मौज करेंगे, बाकी सबकी स्थिति में कोई सुधार नहीं होगा.

बहरागोड़ा से शुरू यह पदयात्रा सामाजिक से ज्यादा राजनीतिक प्रतीत होता है. अपने वोट बैंक को सुदृढ़ करने के झामुमो और कांग्रेस का कुत्सित प्रयास लगता है. क्योंकि इसके पीछे चंपई सोरेन और देवेंद्रनाथ चम्पिया का हाथ है. आदिवासी सेंगेल अभियान की मांग है कि परंपरा के नाम पर चालू वंशानुगत आदिवासी स्वशासन व्यवस्था को अब जनतांत्रिक और संविधान सम्मत बनाना जरूरी है.

**घोषणा** सचेतक बनते ही मांडू विधायक के आवास पर उमड़े समर्थक

# जिम्मेदारी बेहतर ढंग से निभाएंगे : जयप्रकाश

संवाददाता। हजारीबाग

मांडू विधायक जयप्रकाश भाई को पार्टी की ओर से सचेतक के रूप में नई जिम्मेवारी मिलने के बाद सोमवार को उनके आवास पर शुभकामनाएं देने वालों की भीड़ लगी रही. इस दौरान विधायक ने क्षेत्र के लोगों एवं अन्य भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ समस्याओं व संगठन की मजबूती पर चर्चा करते रहे. जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि संगठन ने नई जिम्मेदारी सौंपी है, निश्चित ही कुछ बेहतर कार्य करने की कोशिश करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि चाहे जो भी जिम्मेदारी दी जाए, लेकिन अपने क्षेत्र की जनता के लिए वह सदैव खड़ा हैं. आने वाले समय में कई राज्यों में होने वाले चुनाव पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा सभी राज्यों में अपनी सरकार बनाने जा रही है. वहीं पूरे देश में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है. पार्टी बहुत तेजी से हर बिंदुओं पर सोच-विचार करते हुए आगे बढ़ रही है. मौके पर भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, अनिल मिश्रा, अनूप भाई वर्मा, भैया अभिमन्यु समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे.



मांडू विधायक के आवास पर लगा बधाई देने वालों का तांता.

### मिली बधाई

- पार्टी के सचेतक के रूप में नई जिम्मेवारी दी गई
- सुबह से ही आवास पर शुभकामना देने वाले पहुंचे
- विधायक ने सभी समर्थकों को धन्यवाद दिया



▼ ब्रीफ खबरें

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल होगी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 18 अक्टूबर को होगी. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से जारी सूचना के मुताबिक यह बैठक धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में अपराह्न 3 बजे से मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी. बैठक में कुछ अहम योजनाओं की मंजूरी और प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है. बैठक में झारखंड स्थापना दिवस से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिये जा सकते हैं.

### किसानों को मिला एक दिवसीय प्रशिक्षण

**लातेहार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-तेलहन योजना के तहत समेकित कृषि प्रणाली विषय पर किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. संयुक्त जिला कृषि कार्यालय के सभागार में इसका आयोजन हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, आत्मा परियोजना निदेशक डॉ. दिवेश कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया. मौके पर जिप सदस्य विनोद उरांव ने किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने को कहा.

### विस्थापित संवेदक समिति की हुई बैठक

**कथारा।** विस्थापित संवेदक समिति कथारा के सदस्यों की बैठक सोमवार को कृष्ण चेतना क्लब कथारा के प्रांगण में हुई. इसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव ने की. यहां कथारा प्रबंधन के साथ निर्धारित समय के अंतराल पर वार्ता, आगामी 29 या 30 अक्टूबर को मिलन समारोह करने और विभिन्न निर्णय हुए. संगठन के सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि इनदिनों कथारा क्षेत्र के संवेदकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

### सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**धनबाद।** दुर्गा पूजा को लेकर अनुमंडल कार्यालय स्थित सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम का सोमवार को डीसी वरुण रंजन ने निरीक्षण किया. उन्होंने सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम में नोडल पदाधिकारियों के बैठने की व्यवस्था, बगल के कमरे में अतिरिक्त लोगों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए. डीसी ने बताया कि कंट्रोल रूम में जिला प्रशासन, पुलिस के साथ-साथ सभी नोडल पदाधिकारी मौजूद रहेंगे.

### महिलाओं ने किया विरोध लौटी वन विभाग की टीम

**तिसरी।** लोकाय थाना क्षेत्र के नारोटांड गांव के दो घरों में संग्रह किए गए साल प्रजाति की लकड़ियों को जब्त करने गई वन विभाग की टीम को कथित तौर पर गांव की दो महिलाओं के विरोध के कारण बेरंग लौट जाना पड़ा. इसके बाद गांवा रेंज अनिल कुमार राम ने सरकारी काम में बाधा डालने को लेकर थाने में लिखित शिकायत करने की बात कही है. दरअसल भारी मात्रा में लकड़ी संग्रह करने की सूचना पर सोमवार को रेंजर अनिल कुमार के नेतृत्व में वन विभाग और लोकाय पुलिस की टीम नारोटांड गांव पहुंची थी.

### स्वीकृत योजना के कार्यों की समीक्षा

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को निदेशक डीआरडीए सह जिला परिवहन पदाधिकारी के. राजहंस की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई. बैठक में निदेशक द्वारा विभिन्न कार्यकारी विभाग को डीएमएफटी मद के तहत स्वीकृत योजना में उपस्थित संलग्न कार्यपालक अभियंता से योजनावार प्रगति प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया.

### पोसैता में ट्रेन के ठहराव के लिए सौंपा ज्ञापन

**मनोहरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत पोसैता स्टेशन पर यात्री पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव को लेकर सोमवार को चक्रधरपुर के डीआरएम अरुण जाटव राठौड़ से पंचायत की मुखिया अतेन सुरीन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने कोरोना काल से बंद पड़े अप, डाउन टाटा इतवारी एवं टाटा बिलासपुर पैसेंजर ट्रेन (18113, 18114, 18110, 18109) का ठहराव के लिए डीआरएम को ज्ञापन सौंपा.

जमीन व्यवसाय में संलग्न लोगों की गहन जांच-पड़ताल जरूरी, सरकार टीम का गठन करे

# झारखंड में जल, जंगल, जमीन की लूट : बंधु तिर्की

संवाददाता। रांची



झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड में जल, जंगल, जमीन की लूट मची है. बंधु ने कहा कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवांछित तत्व उसका दुरूपयोग करते हुए जमीन घोटालों में संलिप्त हैं. जमीन घोटालों में संलिप्त लोग उच्च न्यायालय एवं अन्य अदालतों को भी अंधेरे में रखकर अपने दस्तावेजों को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं. इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए. बंधु ने कहा कि अवांछित तत्व न केवल राजधानी रांची या राज्य के अन्य शहरों के अंचल कार्यालयों और संबंधित कार्यालयों में दस्तावेजों की हेराफेरी कर रहे हैं, बल्कि अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत से कोलकाता जैसे शहरों में भी जाकर भ्रष्टाचार के बलबूते जमीन के दस्तावेजों की हेराफेरी कर रहे हैं. ये लोग सरकार के कई संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर उन कागजातों में भी जालसाजी या फिर उसे नष्ट कर दे रहे हैं, जो सरकारी कार्यालयों में जमा हैं और सरकारी संपत्ति है.

**सीएम से की अपील :** बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि वे इस मामले पर अविलंब उच्च स्तरीय टीम का गठन कर जांच का आदेश दें. बंधु ने कहा कि इसमें विशेष रूप से सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ संबंधित सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत की भी जांच की जाये. झारखंड में जंगल के साथ ही, नदी-नाला, बालू और जमीन को भी लुटने से बचाया जाये.

### राज्य के कई अंचल का रजिस्टर-टू को फाड़ दिया गया

बंधु तिर्की ने कहा कि इससे पहले भी यह प्रमाणित हो चुका है कि राज्य के कई अंचल कार्यालयों में रजिस्टर-टू को फाड़ दिया गया या फिर उसे गायब कर दिया गया. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य में विभिन्न जगहों पर कई जमीन घोटाले से संबंधित कुछेक मामलों की जांच-पड़ताल के लिए छापेमारी की थी तब भी ऐसे मामले सामने आये थे. उन्होंने कहा कि न्यायालय के कई आदेश भी उन तथ्यों को प्रमाणित करते हैं. बंधु ने कहा कि सरकार की पूरी सक्रियता के अलावा न्यायालय के कई संबंधित आदेश और ईडी कार्यालय की सक्रियता के बाद भी वैसे तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगना गंभीर चिंता की बात है. कई बड़े आपराधिक घटनाओं की जड़ में जमीन विवाद ही है. बंधु ने कहा कि झारखंड में लूट मची है. जल, जंगल, जमीन का गाना गाते-गाते कई बहुरुपिया तत्वों ने यहां के लोगों का शोषण और दोहन किया है. उन्होंने कहा कि वैसे ही तत्वों ने उस आदिवासी मानसिकता-विचारधारा की धज्जियां उड़ायी है, जो प्रकृति के साथ जुड़कर सीधे-सही रास्ते पर चलकर अपना जीवन काटते हैं और छल-प्रपंच से बहुत दूर हैं.

आओ जानें

### स्वास्थ्य अवसंरचना की संख्या

| जिले का नाम | स्वास्थ्य संस्थान की संख्या | बिस्तरों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 बोकारो | 208 | 474 |
| 2 चतरा | 142 | 221 |
| 3 देवघर | 234 | 455 |
| 4 धनबाद | 264 | 735 |
| 5 दुमका | 405 | 559 |
| 6 गढ़वा | 199 | 1019 |
| 7 गिरिडीह | 276 | 245 |
| 8 गोड्डा | 244 | 312 |
| 9 गुमला | 314 | 245 |
| 10 हजारीबाग | 235 | 392 |
| 11 जामताड़ा | 192 | 482 |
| 12 खूंटी | 145 | 196 |
| 13 कोडरमा | 102 | 167 |
| 14 लातेहार | 148 | 204 |
| 15 लोहरदगा | 120 | 184 |
| 16 पाकौर | 175 | 221 |
| 17 पलामू | 278 | 385 |
| 18 पश्चिम सिंहभूम | 446 | 428 |
| 19 पूर्वी सिंहभूम | 340 | 157 |
| 20 रामगढ़ | 87 | 2345 |
| 21 रांची | 519 | 341 |
| 22 साहिबगंज | 214 | 322 |
| 23 सरायकेला | 259 | 233 |
| 24 सिमडेगा | 212 | 482 |

चेक बाउंस केस : रांची सिविल कोर्ट में सोमवार को हुई सुनवाई

# बयान दर्ज कराने कोर्ट नहीं पहुंचीं अमिषा पटेल

संवाददाता। रांची



फिल्म अभिनेत्री अमिषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस केस में रांची सिविल कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई. ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट डीएन शुक्ला की कोर्ट में अमीषा पटेल की ओर से सीआरपीसी की धारा 311 के तहत पिटीशन दाखिल की गयी. यह पिटीशन गवाह को दोबारा बुलाने के लिए दाखिल की जाती है. अमीषा पटेल की ओर से पहले गवाह अजय सिंह उर्फ तिंकु सिंह को दोबारा बुलाने का आग्रह किया गया था. अजय सिंह की ओर से अधिवक्ता स्मिता पाठक उपस्थित हुईं. उम्मीद जताई जा रही थी कि सोमवार की सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करवाएंगी, लेकिन वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुई. हालांकि पिछले दिनों अमीषा पटेल इस केस में कोर्ट में हाजिरी लगा चुकी हैं.

**साल 2017 से चल रहा है चेक बाउंस का केस :** बता दें कि अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है. यह मामला वर्ष 2017 का है. आरोपों के मुताबिक, फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिये. अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं. फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने निचली अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया. इसमें कहा गया है कि अमीषा पटेल ने उनके साथ धोखाधड़ी की है.

**खास बातें**

- 2017 का है चेक बाउंस का केस, धोखाधड़ी का है आरोप
- पिछले दिनों कोर्ट में हाजिरी लगा चुकी हैं अमीषा पटेल
- अजय सिंह ने ढाई करोड़ अमीषा के खाते में किए थे ट्रांसफर

## सचिवालय घेराव मामले में निशिकांत की राहत बरकरार

**रांची।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर आज सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने निशिकांत दुबे को मिली राहत को बरकरार रखने का फैसला सुनाया है. साथ ही उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 12 दिसंबर तक विस्तार दिया. सांसद निशिकांत दुबे ने सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की थी. निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा. इस मामले में अदालत अब 12 दिसंबर को सुनवाई करेगा. इस मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है, जिसका प्रार्थी को प्रतिउत्तर देना है. बता दें कि साल अप्रैल माह में भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, 5 सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया था. जिसका कांड संख्या 107/2023 है. आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयीं.

### पूर्व डीसी छवि रंजन ने ईडी कोर्ट में दाखिल की जमानत अर्जी

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के स्पेशल कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है. इससे पहले उन्होंने लैंड स्कैम से जुड़े दूसरे केस में जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसे खारिज करते हुए अदालत ने उन्हें बेल देने से इंकार कर दिया था. दरअसल ईडी रांची में लैंड स्कैम से जुड़े दो मामलों की जांच कर रहा है. दोनों ही मामलों में छवि रंजन को अभियुक्त बनाया गया है. फिलहाल जिस केस में उन्होंने जमानत अर्जी दाखिल की है, वह चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है. छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं. ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है. छवि रंजन ने हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी को अपना वकील नियुक्त किया है.

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को डीसी ने दिलाई शपथ

**धनबाद।** राज्यव्यापी बाल विवाह से आजादी अभियान के तहत सोमवार को समाहरणालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. डीसी वरुण रंजन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को शपथ दिलाई. हस्ताक्षर अभियान की भी शुरुआत की. डीसी ने कहा कि बाल विवाह एक अत्यंत ही गंभीर मुद्दा है जिस पर रोक लगाने हेतु जमीनी स्तर पर जनमानस को जागरुक करते हुए राज्य में बाल विवाह के विरुद्ध सकारात्मक माहौल तैयार करने की आवश्यकता है. जमीनी स्तर पर सभी संबंधित हितधारकों, जनसामान्य सहित की भागीदारी सुनिश्चित की गई है. साथ ही पूरे जिले में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने बताया कि जिले के लगभग 1700 स्कूलों में बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाया गया है.

### गुवा के डीवीसी कॉलोनी में पहुंचा दो हाथी, खौफ

**नोवामुंडी।** प्रखंड के गुवा के डीवीसी कॉलोनी में सोमवार सुबह 3 बजे दो हाथी डीवीसी कॉलोनी में रहने वाले धरणीधर त्रिपाठी के बागान में घुस गए. यहां लगे केले के पेड़ को हाथी खा गये. आवाज सुनकर घर वाले जागे तो देखा बागान में हाथी है. उसे भगाने के लिए मशाल जलाया और पटाखा फोड़ा, तब जाकर दोनों हाथी वहां से भागे. वहां से भाग कर डीवीसी कॉलोनी के बगल सेल के द्वारा बनाये गये चेक डैम में दोनों हाथी ने लगभग आधे घंटे तक पानी में समय बिताया. उसके बाद दोनों हाथी जंगल के रास्ते छोटानागरा की ओर चले गए. तुरंत ही इसकी सूचना गुवा वन विभाग को दी गई. वन विभाग की टीम ने डीवीसी कॉलोनी पहुंचकर जंगल से भटके हाथियों के बारे में जानकारी ली.

## सीएम का कार्यक्रम 30 को, डीसी ने तैयारियों का लिया जायजा



संवाददाता। पलामू

30 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित पलामू दौरे को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग बैठक की. इस दौरान उन्होंने अलग-अलग पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा. साथ ही सभी के साथ कार्यक्रम के दौरान समुचित व्यवस्था पर चर्चा की. नगर आयुक्त को स्थल की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए. उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए. डीसी शशि रंजन ने कहा कि इस कार्यक्रम का पैरेंट विभाग श्रम विभाग है. ऐसे में उन्होंने श्रम अधीक्षक को सभी कार्य समय पर पूरा करने को कहा. उन्होंने कहा कि सभा स्थल पर जेएसएलपीएस की ओर से लोगों के लिए खाने का प्रबंध किया जाएगा. बता दें कि मुख्यमंत्री

**जिले के एकेडमिक टॉपरों को भी लैपटॉप देने की योजना**

उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि 30 अक्टूबर के दिन मंच से जिले के कुछ टॉपरों को भी जिले की ओर से लैपटॉप प्रदान किया जाएगा. जिला स्कूल, कस्तूरबा गांधी विद्यालय के 10वीं व 12 वीं के एकेडमिक टॉपरों सहित आईटीआई के किसी बेस्ट छात्र को जिला प्रशासन की ओर से लैपटॉप भी दिया जाएगा. मौके पर एसपी रीष्मा रमेशन, डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, तीनों एसडीओ समेत जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे.

30 अक्टूबर को मेदिनीनगर में प्रमंडलीय रोजगार मेला कार्यक्रम के तहत स्थानीय युवाओं के बीच ऑफर लेटर का वितरण करेंगे.

## 60 घंटे बाद भी कार्रवाई नहीं ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

संवाददाता। महुदा

धनबाद उपायुक्त के निर्देश की अनदेखी की जा रही है. 60 घंटे बीत जाने पर भी करवाई नहीं हुई है. ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सिंगडा मौजा में चल रहे अवैध कोयला डिपो को बंद किया जाए. महुदा थाना क्षेत्र के स्व. रामधानी महतो चौक (लाल बंगला) से चरकीटांड जाने वाली सड़क पर अवैध कोयला डीपो का धंधा चल रहा है. इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि महुदा थाना क्षेत्र के सिंगडा मोजा में एक अवैध कोयला डीपो का संचालन किया जा रहा है. उस रास्ते से स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं महिला-पुरुषों को अवैध डीपो के समीप जमावड़ा लगाए नशेड़ियों से सामना करना पड़ता है. उस रास्ते से आने-जाने वाले ग्रामीण लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. एक महिला ने बताया कि हम ग्रामीण महिलाएं इस रास्ते से तालाब, नदी में कपड़ा धोने एवं स्नान करने के लिए जाते हैं. ग्रामीणों ने कहा कि जिला प्रशासन से उक्त स्थल पर चल रहे अवैध कोयला डिपो संचालन को बंद करने का आग्रह किया है. इस संबंध में बाघमारा अंचल पदाधिकारी रवि भूषण को दूरभाष पर इसकी सूचना भी दी गई है. पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बहुत ही जल्द कार्रवाई भी होगी और मामला भी दर्ज होगा.

**खास बातें**

- लोगों ने प्रशासन से कहा अवैध कोयला डिपो हो बंद
- धनबाद एसडीएम को भी दी गई है जानकारी

एनटीपीसी भूमि मुआवजा घोटाला : ईडी ने कोर्ट में एसआईटी गठन की जानकारी दी थी

# ईडी कर रही जांच, सीबीआई जांच की जरूरत नहीं

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

हजारीबाग में तीन हजार करोड़ के कथित एनटीपीसी मुआवजा घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम प्रारंभिक जांच कर रही है. इस पूरे मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करने वाले मंटू सोनी के अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता के मुताबिक, इस मामले का आदेश अपलोड कर दिया गया है. आदेश में इस बात का जिक्र है कि ईडी इस मामले की प्रारंभिक जांच कर रही है. आठ पन्नों के आदेश में हाईकोर्ट ने ईडी के अधिवक्ता अमित दास द्वारा मामले की जांच शुरू कर दिए जाने की जानकारी देने का जिक्र करते हुए कहा है कि इस मामले में सीबीआई से जांच कराने का कोई मतलब नहीं है.

**ईडी ने हलफनामा में एसआईटी गठन की बात स्वीकारी थी :**




अदालत ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाकर जनहित याचिका दाखिल करने वाले मंटू सोनी को एक लाख रुपये का जुर्माना देना होगा. मंटू सोनी को एक महीने के अंदर जुर्माने की राशि जमा करनी होगी. मामले की सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा ने अपने हलफनामा में स्वीकार किया था कि एनटीपीसी के भूमि घोटाले की जांच के लिए देबाशीष गुप्ता (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी) की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था. अन्य दो सदस्यों में एक सेवानिवृत्त जिला और सत्र न्यायाधीश और सेवानिवृत्त या वर्तमान संयुक्त सचिव शामिल थे, जिसे कभी भी सार्वजनिक नहीं किया गया है.

**3000 करोड़ के घोटाले में 300 करोड़ मुआवजा बांटे**

दरअसल वर्ष 2016 में हजारीबाग में भूमि मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद तत्कालीन डीसी मुकेश कुमार की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया था. एसआईटी ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाला और 300 करोड़ मुआवजा बांट दिए जाने की जानकारी दी थी. देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता वाली एसआईटी की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गयी है. जानकारी के मुताबिक, रिपोर्ट में कई रसूखदारों द्वारा सरकारी गैर मजरुआ खास और आम भूमि, सार्वजनिक उपयोग की जानेवाली जमीन, श्मशान घाट, स्कूल, मैदान आदि की जमीन का भी फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे का बंदरबांट किये जाने की बात कही गयी है.

### बेरमो बीडीओ ने किया पुस्तक मेले का उद्घाटन

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय स्वांग में सोमवार को पुस्तक मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो ने किया. मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नंदलाल महतो, मुखिया रीना सिंह व विधायक प्रतिनिधि रविशन टुडू शामिल थे. इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि पुस्तक ही ज्ञान का मार्ग है और इंसान का सबसे अच्छा दोस्त भी है. शिक्षा से ही विकास के कार्य शुरू होते हैं और शिक्षा ही जीवन का एक अनमोल रत्न है. इसे कोई चुरा नहीं सकता है और यह कहीं भी खो नहीं सकता. इसी प्रकार विद्यालय से ही जीवन की शुरुआत होती है. विद्यालय में एक अच्छा माहौल बनाने की जरूरत है. इस दौरान नेहरू उच्च विद्यालय स्वांग, मध्य विद्यालय स्वांग, मध्य विद्यालय पिपराडीह, मध्य विद्यालय हजारी एवं मध्य विद्यालय खुदगड़ा के बच्चों द्वारा पुस्तक के स्टॉल लगाए गए थे.

**जनसुनवाई** समस्याओं के निराकरण के लिए पदाधिकारियों को फोन पर दिए दिशा-निर्देश

# कृषि मंत्री बादल ने लोगों की समस्याएं सुनी

संवाददाता। रांची



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कांग्रेस भवन आयोजित जन सुनवाई में राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना. मंत्री ने लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से कई दिशा- निर्देश दिये. साथ ही लोगों के आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देने का कार्य किया.

जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, रामगढ़, पलामू, गिरिडीह, दुमका लातेहार, बोकारो जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे. जनसमस्या में मुख्य रूप से डीलर लाईसेंस, मेडिकल भुगतान, पशु शेड, तालाब निर्माण, पशु टिकाकरण, मत्स्य विभाग, स्ट्रीट लाईट, एटीक एग्रो क्लिनिक सेंटर सहित अन्य समास्याओं के निष्पादन के लिए मंत्री बादल को आवेदन सौंपा गया.

जनसुनवाई में मैजूद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में आये तमाम लोगों के आवेदन पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने का काम किया और अविलंब समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया.जन-सुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, नेली नाथन, जगदीश साहु, नरेन्द्र लाल गोपी, गुलजार अहमद, अजय सिंह, राजीव प्रकाश चौधरी उपस्थित थे.

**खास बातें**

- विभिन्न प्रखंडों से लोग पहुंचे अपनी शिकायतें लेकर
- डीलर लाईसेंस आदि से जुड़ी समस्याएं लेकर आई जनता

एनटीपीसी कमांड एरिया में नहीं करती जनसुनवाई

## प्रभावित गांवों में नहीं, एनएच किनारे हो रही जनसुनवाई

सुनील कुमार। लातेहार

बनहरदी कोयला उत्खनन परियोजना से जुड़ी एनटीपीसी और उनके ज्वाइंट वेंचर द्वारा कमांड एरिया में जनसुनवाई ना कर सुरक्षित स्थानों की तलाश करते रही है. गत वर्ष जनसुनवाई कमांड एरिया में नहीं कर एनएच-75 स्थित सासंग उच्च विद्यालय की बंद परिसर में की गई थी. एनटीपीसी कमांड एरिया के विस्थापित रमेश उरांव व महेश्वर उरांव का कहना है कि उन्हें उस जनसुनवाई में इसलिए शामिल नहीं किया गया कि वह कंपनी को जमीन देने को तैयार नहीं थे. उनका कहना है कि कंपनी गांव के कुछ दलाल व जनप्रतिनिधियों को भेज कर उन्हें मनाने की कोशिश कर रही है. लेकिन जब तक कंपनी के वरीय अधिकारी गांव में आकर उन्हें अपनी योजनाओं से अवगत नहीं कराते हैं, तब तक वह किसी भी कीमत में जमीन नहीं देंगे. मालूम हो कि आरोप है कि कंपनी कुछ जमीन दलालों को अपने कार्यालय में बिठाकर भूमि अधिग्रहण की प्रारूप तैयार करती रही है. इसका प्रारंभ से ही विरोध होता रहा है. कंपनी के धर्मपुर बाईपास स्थित कार्यालय में संपर्क किया गया तो वहां उपस्थित कर्मियों ने बताया कि साहब लोग दशहरा की छुट्टी में चले गए हैं, दशहरा के बाद ही विशेष जानकारी मिल पाएगी.



महेश्वर उरांव

## ब्रीफ खबरें

### निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर विभाग रेस

**निरसा।** दुर्गापूजा को ध्यान में रखते हुए पूरे निरसा विधानसभा क्षेत्र में पूजा पंडालों एवं लगने वाले मेला में निर्बाध बिजली उपलब्ध कराये जाने हेतु विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता के निर्देश पर सोमवार को बिजली विभाग के कनीय अभियंता अपने सहयोगियों के साथ पोद्दारडीह काली मंदिर के नजदीक लगे ट्रांसफार्मर तथा गांव में लगे बिजली तार का निरीक्षण किया. मौके पर उपस्थित विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि जो भी कमी हो उसे समय रहते ही पूरा करें.

### दुर्गा पूजा को लेकर तोपचांची में समीक्षा

**तोपचांची।** सोमवार को दुर्गा पूजा को लेकर तोपचांची प्रखंड सभागार में प्रमुख आनंद महतो के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया. बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे. बैठक में नेशनल हाईवे के सर्विस लेन पर लगे स्ट्रीट लाइट के अलावा शहरी तथा ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था में दुरुस्त करने का आदेश बीडीओ फणीश्वर रजवार ने दिया. उन्होंने सीएससी अस्पताल में मरीजों के लिए बेहतर बेड व दवा की व्यवस्था सही रखने का निर्देश भी दिया.

### बाल विवाह मुक्त देश बनाने की ली शपथ

**चाकुलिया।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को सभी विभाग के कर्मियों ने भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ ली. बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका सविता सिन्हा ने सभी को बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण की शपथ दिलायी. उन्होंने प्रखंड कर्मियों को बाल विवाह से होने वाली परेशानियों को भी विस्तार पूर्वक बताया. इस अवसर पर बेलमोती जोंको, लिदी बास्के, सुमन कुमार समेत सभी प्रखंड, अंचल के कर्मचारी और सेविका उपस्थित रहे.

### वार्ड 33 में 2 माह से स्ट्रीट लाइट खराब

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर वार्ड संख्या 33 के बनता नगर बस्ती में लगभग दो माह से स्ट्रीट लाइट खराब पड़ा है. परंतु अब तक उक्त स्ट्रीट लाइट की मरम्मत नहीं हो पायी है. जानकारी देते हुए स्थानीय समाजसेवी राकेश सिंह ने बताया कि उनके द्वारा दो माह पूर्व नगर निगम के कनीय अभियंता रितेश कुमार को मोबाइल पर इसकी जानकारी दी थी, परंतु नगर निगम के द्वारा स्ट्रीट लाइट की मरम्मत नहीं कराई गई है. इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है.

### जल संयंत्र की बिजली गुल, पानी आपूर्ति ठप

**जोड़ापोखर।** झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा स्थित पावर स्टेशन में तकनीकी खराबी के बाद 8 घंटे बिजली गुल हो गई. जिससे की जल भंडारण गृह में भंडारण नहीं हो सका. झरिया एवम् आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप हो गई. स्थानीय लोगों का कहना है की पावर स्टेशन में सुबह 12 बजे से एक आवाज के बाद बिजली गुल हो गई. जल भंडारण गृह 12 व 9 एमजीडी में भंडारण नहीं किया जा सका है. इसके बाद बिजली कर्मी मरम्मत कार्य में जुट गए.

### पूजा में भी कतरास में बिजली की समस्या

**कतरास।** कतरास के लोगों को पूजा के मौके पर भी बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है. बताते हैं कि कतरास के खास गोविंदपुर राजहंस फैक्ट्री के पीछे वाले इलाके में ट्रांसफार्मर खराब होने से पिछले कई दिनों से अंधेरा पसरा हुआ है. यहां रहने वाले अंधेरे से त्रस्त लोगो ने सलानपुर कोलियरी प्रबंधन के नकारात्मक रवैये पर गहरा रोष व्यक्त किया. मौके पर विद्युत् वयवस्था बहाल करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जनता दल कतरास नगर अध्यक्ष विनय पासवान के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन किया.

### महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दी मशीन

**बहरागोड़ा।** सोमवार को झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर दिनेश कुमार षाड़ंगी के आवासीय कार्यालय परिसर में नॉटरी क्लब जमशेदपुर व तारापद सरोजिनी चैरिटेबल ट्रस्ट बहरागोड़ा की ओर से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन का वितरण किया गया. इसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने अपने हाथों से खण्डामौदा की वीणापाणि बेरा, पाटवेड़ा की शिउली नायेक एवं पुतुल मंडल को सिलाई मशीन प्रदान किया.

---

100 बेड के साथ शुरू हुआ मरीजों का इलाज, 50 बेड पुरुषों के लिए और 50 महिलाओं के लिए

# सेंट्रल इमरजेंसी को कैथ लैब बिल्डिंग में किया गया शिफ्ट

**संवाददाता। धनबाद**



नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का सेंट्रल इमरजेंसी कैथ लैब बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया. अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार और कॉलेज प्राचार्य डॉ. ज्योति रंजन प्रसाद ने संयुक्त रूप से नए सेंट्रल इमरजेंसी का उद्घाटन किया. मौके पर सभी विभाग के एचओडी भी उपस्थित थे.

कैथलैब बिल्डिंग में एसएनएमएमसीएच की सेंट्रल इमरजेंसी शिफ्ट होने के बाद मरीजों का इलाज भी शुरू किया गया. अधीक्षक डॉ. अनिल ने बताया की कैथलैब बिल्डिंग में सेंट्रल इमरजेंसी के संचालन की पूरी तैयारी कर ली गई है. उपकरण और उपस्कर वहां लग चुके हैं. मरीजों के लिए लिए 100 बेड तैयार है. इसमें 50 बेड पुरुषों के लिए और 50 महिलाओं के लिए होगा. हर बेड पर ऑक्सीजन आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध है. इसके अलावा उपकरणों की भी व्यवस्था है. सेंट्रल इमरजेंसी कैथलैब के पहले माले पर संचालित होगी. दूसरे माले पर 100 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था है. यह विशेष परिस्थितियों के लिए सुरक्षित रहेगा.

### ऑक्सीजन, बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त

ऑक्सीजन सप्लाई, बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई है. प्रबंधन ने संबंधित एजेंसी को लगातार व्यवस्था पर नजर बनाकर रखने का निर्देश दिया है. हर बेड तक ऑक्सीजन की सप्लाई और वेंटिलेटर के साथ तमाम उपकरण के संचालन के लिए निर्बाध बिजली की आपूर्ति का विशेष ख्याल रखा गया है. जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो.

### एप्रोच रोड दुरुस्त करने की जरूरत

सेंट्रल इमरजेंसी को कैथलैब में शिफ्ट करने के बाद अब एंबुलेंस और स्ट्रेचर को वहां तक पहुंचाने के लिए एप्रोच रोड को दुरुस्त करने की तैयारी की जा रही है. जिससे आसानी से सेंट्रल इमरजेंसी तक पहुंचा जा सके. वहीं सेंट्रल इमरजेंसी और इनडोर तके बीच के रास्ते को भी बनवाने की कवायद चल रही है. जिससे मरीजों को सुगमता से इनडोर में शिफ्ट किया जा सके.

---

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- राजमहल में किस मुगल सूबेदार ने अपनी राजधानी बनाई थी – मानसिंह
- कंबला किस राज्य का खेल है – कर्नाटक
- सीड थेरेपी में किसका उपचार होता है – कैंसर
- वेदों में शामिल आगमशास्त्र किस धर्म का है – जैन
- बांग्लादेश के राष्ट्रगान आमार सोनार बंगला के रचियता कौन हैं – रविंद्र नाथ टैगोर
- किस वर्ष जापानी मस्तिष्क ज्वर प्रकट हुआ था – 1987
- राजवलीपताका की रचना किसने की – पंडित प्रजाभट्ट
- ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत की कितनी रैंक है – 111
- चोरटेन किस धर्म से संबंधित शब्द है – बौद्ध
- अशोक के शिलालेख 13 में झारखंड का क्या नाम है – अटावी

---

जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति 'दिशा' की बैठक संपन्न

# योग्य लाभुकों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दें : अर्जुन

**संवाददाता। आदित्यपुर**




सरायकेला समाहरणालय सभागार में सोमवार को केंद्रीय मंत्री, इचागढ़ विधायक सविता महतो, उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, रांची एवं सिंहभूम के सांसद प्रतिनिधि सभी प्रमुख एवं सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे. बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई, साथ ही पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के संबंध में बिंदुवार समीक्षा कर विचार- विमर्श किया गया. बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा विद्युत विभाग का समीक्षा करते हुए विभिन्न माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर निश्चित समयावधी में समाधान सुनिश्चित करने तथा ऐसे गांव-टोला जो विद्युत सेवा से वंचित है वहां विद्युत सेवा प्रारंभ करने के लिए किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिया गया. वहीं पथ निर्माण विभाग, आर.ई.ओ विभाग अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा कर भूमि अधिग्रहण के लंबित मुआवजा भुगतान संबंधित मामलों का निष्पादन करने तथा सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने एवं सड़क निर्माण में अनियमितता संबंधित प्राप्त शिकायतों का जांचोपरान्त करवाई करने के निर्देश दिया.

**पदाधिकारियों को आपसी तालमेल स्थापित करने का निर्देश :** समीक्षा क्रम में एलडीएम/ डीपीएम एवं जिला कृषि पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को आपसी तालमेल स्थापित कर महिला लाभुकों को एसएचजी ग्रुप, कृषि उपकरण, सीएमईजीपी समेत अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने, स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ाने हेतु पहल करने तथा बांस से बनाए जाने वाली वस्तुएं, सबई घास आदि को स्थानीय हाट-बाजारो में स्थान देने, उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो इसके लिए कार्य करने के निर्देश दिए गए. वहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को हर घर नल जल योजनाओं को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने, सिविल सर्जन को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत लाभुकों का आयुष्मान कार्ड से जोड़ने तथा परियोजना निदेशक आए.टी.डी.ए को संबंधित पदाधिकारियों के साथ तालमेल स्थापित कर अधिक से अधिक लाभुकों को वन पट्टा का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए. बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि योग्य लाभुकों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ प्रदान करें, विभिन्न माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा विभिन्न क्षेत्र से प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार कारवाई करें.

**खास बातें**

- शिकायतों का तय समयावधी में समाधान करें सुनिश्चित
- सड़क निर्माण में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

---

# झालबरदा में दिखे तेंदुए, दहशत

**संवाददाता। बोकारो**



चंदनकियारी के झालबरदा जंगल मे रविवार की रात को दो तेंदुए देखे गये हैं. जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. इलाके में पहली बार आदमखोर पशु को ग्रामीणों ने देखा है. जैसे ही रात में तेंदुआ देखे जाने की जानकारी बरमसिया पुलिस को मिली, पुलिस ने लोगों को सावधान रहने को कहा. रात में पुलिस इलाके में घूमती रही. झालबरदा के डुगरीटांड़ जंगल के पास झालबरदा गांव निवासी बबन तिवारी नामक एक व्यक्ति बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहा था. उसी दौरान जंगल के रास्ते में दो तेंदुआ पर उनकी नजर पड़ी तो उसके होश उड़ गए. उस वक्त अपने गांव न जाकर वापस बरमसिया लौट गए. जहां पर लोगों को जानकारी दी. साथ ही अपने गांव वालों को सतर्क किया. तेंदुआ के पुरूलिया के कोटशिला वन क्षेत्र से सिमनी जंगल से भटक कर इस इलाके में आने की संभावना है. जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने तेंदुआ होने की पुष्टि की है. उन्होंने कहा कि वन विभाग इस मामले को लेकर सतर्क और सजग है. लगातार टीम उस पर नजर रख रही है.

### जेबीकेएसएस के प्रखंड सचिव बने बैद्यनाथ माझी

**बहरागोड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के माटिहाना में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के प्रखंड कमेटी के गठन को लेकर बैठक हुई. इस बैठक का संचालन बासुदेव पांडा ने किया. बैठक में बैद्यनाथ माझी को प्रखंड सचिव बनाया गया. वहीं कलन महतो संरक्षक, ज्योत्सना महतो व देबी रानी महतो संगठन सचिव, सनत पात्र व बासुदेव पांडा मीडिया प्रभारी, शिवशंकर महतो कोषाध्यक्ष, विजय सिंह व आकुल वैठा उपसचिव, प्रसेनजित सीट व दिलीप महतो को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया. बैठक में दुर्गा पूजा के बाद टाइगर जयराम महतो की जनसभा करने का निर्णय लिया गया. इस मौके पर बहरागोड़ा प्रखंड के सक्रिय कार्यकर्ता ज्योत्सना महतो, देबी रानी महतो, बैघनाथ माझी, विजय सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे.

# निगम की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान



**संवाददाता। धनबाद**

नगर निगम की टीम ने सोमवार को एक बार फिर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया. शहर के रणधीर वर्मा चौक से डीआरएम चौक तक ठेला, गुमटी या जमीन पर बैठकर दुकान लगाने वाले दो दर्जन से अधिक दुकानदारों को हटाया गया. अभियान का नेतृत्व कर रही सहायक नगर आयुक्त संतोषणी मुर्मू ने बताया की दो तीन दिन पूर्व फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले सभी दुकानदारों को नोटिस दिया गया था, उसके बाद भी सभी जमे हुए थे. सोमवार को बलपूर्वक फुटपाथ से हटाया गया है. उन्होंने बताया कि शहर में फुटपाथ दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन बनाया गया है, लेकिन इनका कहना है की ग्राहक सड़क पर ही मिलते हैं.

---

# श्रीलंका से पांच दिन बाद घर पहुंचा मजदूर का शव

**संवाददाता। हुसैनाबाद**

ऊपरी कला पंचायत के भगवान बीघा निवासी प्रवासी मजदूर युगुल राम का शव श्रीलंका से पांच दिन बाद सोमवार सुबह गांव पहुंचा. मजदूर युगुल राम श्रीलंका के अशोक टीएमटी नामक कंपनी में काम करता था. वहीं 11 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई थी. मजदूर का शव श्रीलंका से दिल्ली, फिर दिल्ली से पटना फिर उसे हुसैनाबाद भेजा गया. मजदूर की पत्नी ललिता देवी व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था.

मजदूर के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, मजदूर के 8 वर्ष की एक बेटी और 10 वर्ष का एक लड़का है, मजदूर के परिजनों को कंपनी द्वारा बताया गया कि तबीयत खराब थी. जिसके वजह से उसकी मृत्यु हुई. युगुल राम को पैतृक गांव के ही शमशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया. मौके पर राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता सह किसान बिग्रेड के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय सिंह, ऊपरी कला पंचायत मुखिया प्रेमा देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष श्रवण कुमार राम, मुखिया पति राम जी राम, बासपा नेता पुनित अंबेडकर, अजय भारती, कोसी पंचायत मुखिया विजय राम, समाजसेवी लालू प्रसाद सिंह, पवन कुमार पटेल, समाजसेवी पप्पू कुमार सिंह, एनसीपी नेता मंदीप राम, समाजसेवी रमेश राम, माना राम, दिनेश कुमार सिंह, वसंत कुमार सिंह, ज्वाला सिंह, सहित कई लोग ने पहुंच कर दुख संवेदना व्यक्त की.

**खास बातें**

- 11 अक्टूबर को श्रीलंका में हो गई युगुल राम की मौत
- मजदूर की 8 वर्ष की एक बेटी और 10 वर्ष का है लड़का

### ढोरी में निकाली गई जागरूकता रैली

**बेरमो।** सीसीएल के ढोरी क्षेत्र में ''मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में खास तौर पर ढोरी के महाप्रबंधक एमके अग्रवाल मौजूद थे. अग्रवाल ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि ये एक जन जागरण है. धरती माता के लिए पांच तरह के संकल्प लेने की जरूरत है. देश के अमृतकाल में माटी का वंदन अभियान एक सार्थक और बेहद आवश्यक मुहिम है. भारत के इतिहास पर अगर नजर डालें तो धरती माता की रक्षा के लिए हर काल में लाखों-लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया है, तब जाकर भारत माता आज एक हजार साल की गुलामी के बाद भी अपनी भारतीय संस्कृति को समेटे हुए जीवित हैं. ढ़ोरी डीएवी और कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढ़ोरी के बच्चों ने भी जागरूकता रैली निकाली. रैली राम रतन स्कूल तक गई. वहां से पुनः महाप्रबंधक कार्यालय पहुंची. जहां डीएवी स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वच्छता अभियान की सफलता को लकर नाटक प्रस्तुत किया.

# अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**संवाददाता। मैथन**



दामोदर वैली वस्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले विस्थापितों ने 16 अक्टूबर से डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया. धरना का नेतृत्व झामुमो नेता अशोक मंडल एवं समिति के अध्यक्ष वासूदेव महतो कर रहे हैं. मौके पर अशोक मंडल ने कहा कि डीवीसी मैथन में विस्थापितों का आंदोलन 1968 में शुरू किया गया था. लगातार दस वर्षों तक आंदोलन चलने के बाद डीवीसी प्रबंधन द्वारा 1978 में विस्थापितों का एक पैनल बनाया गया लेकिन विडम्बना है कि आजतक पैनल में शामिल विस्थापितों को ना नौकरी मिली और ना ही मुआवजा.

मंडल ने कहा कि आज जिसकी जमीन पर डीवीसी का निर्माण हुआ, वह आज दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर है. पिछले 45 वर्षों से विस्थापित अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलन करते आ रहे हैं लेकिन डीवीसी प्रबंधन आश्वासन देकर विस्थापितों को हमेशा छलने का काम करते आया है. समिति के अध्यक्ष वासुदेव महतो ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन के साथ अंतिम वार्ता 12 जुलाई 2023 को हुई थी, जिसमें डीवीसी के मेंबर सेक्रेटरी जॉन मथाई ने तीन महीने का समय लिया था. कहा गया था कि इन तीन महीने के अंदर विस्थापितों की मांगे पूरी कर दी जाएगी लेकिन हुआ कुछ नहीं.

**इस बार का आंदोलन करो या मरो वाला :** महतो ने कहा कि इस बार का आंदोलन करो या मरो वाला होगा. जबतक मांगे पूरी नहीं की जाती है, तबतक आंदोलन जारी रहेगा. कहा कि झामुमो नेता अशोक मंडल के नेतृत्व में विस्थापितों ने करो या मरो के नारे के साथ आंदोलन का शंखनाद कर दिया है.यदि डीवीसी प्रबंधन हमारी मांगे पूरी नहीं करेगा तो आंदोलन विक्षोभ प्रदर्शन, गेटजाम और भूख हड़ताल में तब्दील हो जाएगा.

मौके पर परेश मराण्डी, विनोद बिहारी हेम्ब्रम, प्रवीरचंद भंडारी, सुनील मराण्डी, अकील मुर्मू, बंगाल मराण्डी, छोटूलाल हेम्ब्रम, हाफिज मियां, रविशंकर सेन, पार्वती मराण्डी, पारशी किस्कू, जयराम रक्षित, रमनी किस्कू, परेश हेम्ब्रम, हेमलाल हेम्ब्रम सहित विस्थापित उपस्थित थे.

### नये बीडीओ का स्वागत किया, पुराने की विदाई

**गोविंदपुर।** प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को प्रखंड परिवार ने नये बीडीओ जहीर आलम का स्वागत किया एवं निवर्तमान बीडीओ संतोष कुमार की विदाई दी. मुखिया संघ एवं प्रखंड कार्यालय परिवार द्वारा आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने की. नये बीडीओ मो. जहीर आलम ने कहा कि मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों एवं जनता का सहयोग लेकर वे प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे. यदि गांव के गरीब प्रखंड मुख्यालय नहीं आ पाते हैं तो वह गांव जाकर उनकी मदद करेंगे. निवर्तमान बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से ही 3 वर्षों तक गोविंदपुर प्रखंड की जनता का उन्हें अपार सहयोग मिला. पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने संतोष कुमार को मिलनसार एवं कर्मठ अधिकारी बताया. कहा जहा भी विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई बीडीओ तुरंत पहुंच जाते थे. वक्ताओं ने संतोष कुमार के कार्यों की सराहना की.

---

**तैयारी** वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करने, फास्टेड के साथ स्वास्थ्य कैंप लगाने का निर्देश

# कतरास व सिंदरी में डीसी ने पंडालों का किया निरीक्षण

**संवाददाता। कतरास / सिंदरी**



धनबाद डीसी वरुण रंजन रविवार देर रात कतरास पहुंचे और रानी बाजार, रेलवे इंस्टीट्यूट सहित विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. इस दौरान डीसी ने पूजा व मेला के लिए निमित्त कमेटी सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिये. उन्होंने पूजा पंडालों में दर्शनार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा लगाने, वाहनों के लिए उचित पार्किंग की व्यवस्था करने, मेले में फास्टेड के साथ स्वास्थ्य कैंप लगाने, अग्निशमन की व्यवस्था करने और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा. ताकि पूजा पंडाल देखने आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना उठाना पड़े. निरिक्षण के दौरान डीसी के साथ एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलकांत गुप्ता, एसडीएम उदय रजक, सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन, ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार, भवन विभाग के एसडीओ रोनित मिश्रा, कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार, ओएसडी शांतनु मुखर्जी, नगर निगम के नगर प्रशासक साबिर आलम,कतरास थानेदार रणधीर सिंह आदि मौजूद रहे.

**खास बातें**

- पूजा पंडाल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए दिए निर्देश
- स्ट्रीट लाइट की सुविधा जल्द उपलब्ध कराने की है कोशिश

### डीसी ने सिंदरी में भी पूजा पंडाल का किया भ्रमण

धनबाद डीसी वरुण रंजन ने सिंदरी में भी रोहड़ाबांध दुर्गोत्सव पूजा पंडाल का भ्रमण किया. इस दौरान उन्होंने दुर्गापूजा पर विधि व्यवस्था, सड़कों के हालात और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने पर बल दिया. उन्होंने बताया कि यह दौरा पूजा पंडाल में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन की तैयारियों, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्थाओं को देखने के लिए किया जा रहा है.

### सड़कों की मरम्मत के लिए जल्द निकाला जायेगा टेंडर

डीसी ने सिंदरी की सड़कों पर बने गढ्ढों को भरने और स्ट्रीट लाइट की सुविधा जल्द उपलब्ध कराने की कोशिश की जायेगी. उन्होंने बदहाल मुख्य सड़क के बनने के लिए टेंडर प्रक्रिया की भी बात कही. वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों ने खुले तारों के नीचे गार्डवायर लगाने की सलाह विद्युतकर्मियों को दी. इस दौरान एडीएम लॉ एंड आर्डर कमलाकांत गुप्ता, एसडीएम धनबाद उदय रजक, सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार, सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह, गौशाला ओपी प्रभारी बिरेन्द्र कुमार, बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे.

# संकल्प यात्रा के बाद गंदगी से पटा है राजस्टेट मैदान



**संवाददाता। घाटशिला**

राज स्टेट फुटबॉल मैदान में गंदगी का अंबार लगा है. 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत अभियान को लेकर सभी जगह साफ-सफाई की गई थी परंतु राजस्टेट मैदान में प्लास्टिक के गिलास, पत्तल, अन्य सामग्री चारों तरफ बिखरे पड़े हैं. सोमवार को आसपास के लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मैदान में गंदगी भाजपा के संकल्प रैली से फैली है. 12 अक्टूबर को यहां संकल्प रैली का आयोजन किया गया था. जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित हुए थे. कार्यक्रम में आए लोगों के लिए खाने की भी व्यवस्था की गई थी. कार्यक्रम के दौरान वहां पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं और लोगों ने खाना तो खाया, मगर पूरे मैदान में गंदगी फैला दी. संकल्प रैली के बाद पूरा मैदान गंदगी से भरा पड़ा है. जगह-जगह भोजन गिरा है जो सड़कर बदबू दे रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### 53 मवेशी समेत तीन पिकअप वैन जब्त

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित हुसिर गांव के पास से पुलिस ने तीन पिकअप वैन में लदे 53 मवेशियों को जब्त किया है. पशु तस्कर रांची के रिंग रोड के रास्ते तस्करी कर रहे थे. पुलिस मामले में जांच में जुटी है. बता दें कि इससे पहले 14 अक्टूबर की रात को रांची पुलिस ने रांची से कोलकाता जा रहे 15 टन प्रतिबंधित पशु का चमड़ा जब्त किया था. पुलिस की टीम ने कांटाटोली से जा रहे ट्रक को नामकुम थाना क्षेत्र के दुर्गा सोरेन चौक से आगे पकड़ा था. साथ ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया था.

### चौबे रेलवे स्टेशन पर एक शव बरामद

**गोमो ।** धनबाद रेल मंडल के चौबे रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है. ग्रामीणों ने शव देखने के बाद स्टेशन मास्टर संतोष पंडित को इसकी जानकारी दी. इसके बाद रेल थाना को दी गयी. सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. आशंका जतायी जा रही है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हुई होगी. फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है. पुलिस भी मामले की छानबीन में जुट गई है.

### रिमांड होम से भागे दोनों बच्चों को पकड़ा

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** मेदिनीनगर के रिमांड होम से फरार हुए दोनों बच्चों को शहर थाना पुलिस ने पकड़ लिया है. इस संबंध में शहर थाना पुलिस को सूचना दे दी गयी है. पुलिस दोनों बच्चों को पकड़ने लिए लगातार प्रयास कर रही थी. बता दें कि बीते 10 अक्टूबर को रिमांड होम परिसर में शौचालय में लगी गैस पाइप को तोड़कर दोनों बच्चे रिमांड होम से फरार हो गए थे. सूत्रों ने बताया कि बच्चों को रिमांड होम में प्रताड़ित किया जाता है.

### जख्मी शख्स झाड़ियों से मिला, भेजा अस्पताल

**बेंगाबाद (गिरिडीह) ।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बहादुरपुर मोड़ पर जख्मी हालत में एक व्यक्ति मिला. राहगीरों की नजर पड़ने के बाद इसकी सूचना मधवाडीह पंचायत के मुखिया सिद्दीकि अंसारी को दी गई. सूचना पाकर मुखिया मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा. घटना को लेकर बताया जाता है कि घायल व्यक्ति गांडेय का रहने वाला है. संभावना जताई जा रही है कि वह सड़क दुर्घटना में जख्मी होकर झाड़ियों में गिर गया होगा.

### उलीडीह में देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के उलीडीह पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है. बीते दिनों ही पुलिस ने अवैध मटका अड्डे पर छापेमारी कर लोगों को गिरफ्तार किया था. अब उलीडीह पुलिस ने देसी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक का नाम वरुण पाल है. वह कुंवर सिंह रोड का रहने वाला है. थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि थाना के पास एक युवक देसी कट्टा लेकर दुकानदारों से रंगदारी वसूलने का प्रयास कर रहा था.

### नशा के खिलाफ चला पुलिस का अभियान

**गोड्डा/महगामा ।** महगामा पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है. थाना प्रभारी अरुण कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पब्लिक प्लेस पर नशा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई. पुलिस की टीम अलग-अलग जगहों पर पहुंचकर अचानक छापेमारी कर ऐसे लोगों को खदेड़ा. जो छिपकर नशापान कर रहे थे।.कई नाबालिग पकड़े गए, उन्हें डांट डपटकर चेतावनी दी गई. सार्वजनिक तौर पर उठा बैठक कर आगे ऐसा नहीं करने की हिदायत दी गई.

### नहाने के क्रम में डूबने से युवक की मौत

**गढ़वा ।** जिला के कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरिया पंचायत के शिवरी गांव का 21 वर्षीय युवक सोन नदी में डूब गया. जानकारी के अनुसार शिवरी गांव से दुर्गा पूजा महोत्सव को लेक रविवार को कलश यात्रा निकाली गयी थी, सभी कलशधारियों ने सोन नदी से अपने-अपने कलश में अभिमंत्रित जल भरा. इसी दौरान युवक अपने दोस्त के साथ नहाने चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई.

# लूट से लेकर मानव तस्करी भी कर रहा है रिश्तेदार गैंग

**रोहित कुमार । जमशेदपुर**

पुलिस को चकमा देने के लिए अपराधी नित्य नए-नए तरीके अपनाते रहे हैं. कभी गिरोहों के बीच गैंगवार के लिए चर्चित रहे लौहनगरी जमशेदपुर में अब रिश्तेदार गिरोह व गैंग पुलिस के लिए सिरदर्द बन रहे हैं. हाल के दिनों में जमशेदपुर में अपराधियों ने अपराध के ट्रेंड में बदलाव किया है. यहां अपराध के बदलते ट्रेंड ने पुलिस को परेशान कर रखा है. अब रिश्तेदार गैंग लगातार नए-नए अपराधों को अंजाम दे रहे हैं. इसका उद्भेदन करने में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ता है.



रिश्तेदार गैंग गिरोह में पिता-पुत्र, भाई-भाई, पति-पत्नी, मां-बेटा मिलकर चोरी, नशे का कारोबार, मानव तस्करी और ठगी जैसी घटना को अंजाम दे रहे हैं. हाल के कुछ दिनों में पुलिस ने ऐसे चार रिश्तेदार गिरोह का भंडाफोड़ किया है और आधा दर्जन से अधिक गिरफ्तारी भी की है. इन गिरोहों के रोज बदलते तरीकों ने पुलिस की परेशानी और बढ़ा दी है.

### चोरी में मां-बेटे की संलिप्तता का खुलासा

**केस-1** कदमा पुलिस ने ऐसे चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया था, जिसमें मां-बेटा शामिल थे. बेटा घर में जाकर कीमती सामान की चोरी करता था और मां उसे खपाती (बेचती) थी. इस सिलसिले में पुलिस ने सूरज कुमार और उसकी मां मंजू देवी को गिरफ्तार किया था. मई 2019 में उलियान के ईसीसी फ्लैट और रामजन्मनगर रोड में इसी गैंग ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. पुलिस ने गैंग के पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया था.

### फर्जीवाड़े में बाप और बेटे हुए थे गिरफ्तार

**केस-2** करोड़ों रुपये के जीएसटी घोटाले में जमशेदपुर पुलिस ने पटना में छापेमारी कर प्रदीप कुमार और उनके बेटे अभिजीत को गिरफ्तार किया था. इनके खिलाफ साल 2018 में टेल्को थाना में 9 करोड़ और बिष्टुपुर थाना में 37 करोड़ जीएसटी फर्जीवाड़ा का केस हुआ था. जीएसटी का फर्जी रजिस्ट्रेशन करवा कर दोनों ने कागजात तैयार किए थे. इन फर्जी कागजात का इस्तेमाल कर दोनों ने विभाग को करोड़ों रुपये की चपत लगाई थी.

### लूट के गैंग में शामिल थे पति और पत्नी

**केस-3** ब्राउन शुगर के धंधे में सीतारामडेरा पुलिस ने एक दंपती को गिरफ्तार किया था. इनके पास से 30 पुड़िया ब्राउन शुगर भी बरामद हुआ था. ह्यूम पाइप निवासी बादशाह और उसकी पत्नी रूबी दोनों मिलकर नशे का कारोबार करते थे. पुलिस ग्राहक बनकर दोनों के पास गई थी और नाटकीय अंदाज में गिरफ्तारी की थी. इसके अलावा परसुडीह पुलिस ने मानव तस्करी के मामले में तुलसी और उसके पति टाइगर को गिरफ्तार किया था.

### आओ जानें

**कांस्टेबल की कमी के मामले में झारखंड देशभर में सातवें स्थान पर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बंगाल | - 44.1% | तमिलनाडु | - 10.09% |
| हरियाणा | - 32.0% | राजस्थान | - 8.03% |
| बिहार | - 30.0% | उत्तराखंड | - 6.4% |
| महाराष्ट्र | - 28.2% | केरला | - 4.6% |
| उत्तरप्रदेश | - 26.0% | **(तीन करोड़ से कम आबादी वाला राज्य)** | |
| तेलंगाना | - 26.01% | मिजोरम | - 34.2% |
| झारखंड | - 21.20% | अरुणाचल प्रदेश | - 27.8% |
| छत्तीसगढ़ | - 21.02% | त्रिपुरा | - 23.7% |
| आंध्रप्रदेश | - 20.0% | गोवा | - 17.5% |
| मध्यप्रदेश | - 13.09% | मेघालय | - 16.9% |
| ओडिसा | - 13.03% | हिमाचल प्रदेश | - 5.1% |
| पंजाब | - 12.06% | | |

## लेवी के लिए फैला रखा था दहशत, दो महीने पहले निकला था जेल से

# टीएसपीसी का एरिया कमांडर महेश्वर राम हुआ गिरफ्तार

**संवाददाता । पलामू**

नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में जिले की हरिहरगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर महेश्वर राम उर्फ विक्रम जी उर्फ कुंदन जी उर्फ शेखर जी को गिरफ्तार किया है. उसके पास से एक देशी लोडेड कट्टा, एक 315 बोर की गोली, दो मोबाइल फोन, एक डायरी और टीएसपीसी संगठन का पर्चा मिला है.

छतरपुर थाने में एसडीपीओ अजय कुमार ने सोमवार को बताया कि इसी वर्ष मई-जून महीने में जेल से बाहर निकलने के बाद महेश्वर राम लगातार अपने क्षेत्र के सरकारी योजनाओं, ईंट-भट्ठे मालिक, क्रशर संचालक सहित अन्य से लेवी की मांग कर रहा था और दहशत फैलाए हुए था. इसकी सूचना मिलने पर टीम का गठन किया गया.

इसी बीच पथरा ओपी प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक नीतिश कुमार को सशस्त्र बल के साथ भॉवर मोड़ के पास आने को कहा गया. वहां से यह लोग मंगरदाहा ढोड़ा की तरफ पैदल बढ़े थे. जैसे ही मंगरदाहा ढोड़ा के पास पहुंचे तो वहां पर सुनसान स्थान में एक मड़ई दिखाई दी. सतर्कता के साथ पुलिस पार्टी मड़ई की तरफ बढ़ी तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर मड़ई से निकलकर धान खेत की ओर भागने लगा.

पुलिस बल की सहायता से दौड़ाकर उसे पकड़ लिया गया. पकड़ाए व्यक्ति से जब पूछताछ की गयी तो उसने अपनी पहचान टीएसपीएसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर महेश्वर राम उर्फ विक्रम जी उर्फ कुंदन जी उर्फ शेखर जी के रूप में बताई. उसकी तलाशी ली गयी तो उसकी कमर के बाएं तरफ खोसा हुआ एक देशी लोडेड कट्टा एवं फूलपैंट के बाएं पैकेट से 315 बोर की एक जिंदा गोली, दो मोबाइल फोन, एक डायरी तथा टीएसपीसी संगठन का पर्चा मिला.

महेश्वर राम हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भॉवर गांव के टोला मंगरदाहा का निवासी है और लंबे समय से उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर के रूप में सक्रिय था. कई बार जेल भी जा चुका है. पूछताछ के दौरान महेश्वर ने कई खुलासे किए हैं, जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है.



गिरपफ्तार नक्सलियों के साथ प्रेस-कांफ्रेंस करते पुलिस अधिकारी.

### टॉप कमांडर विरेंद्र गंझू गिरफ्तार

**पलामू/लातेहार ।** जेजेएमपी का टॉप कमांडर और एक लाख का इनामी नक्सली विरेंद्र गंझू को लातेहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है. गिरफ्तार नक्सली से लातेहार पुलिस पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार, पूछताछ में कई अहम खुलासे किये हैं.

### नाबालिग नक्सली का रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा इलाज

**संवाददाता । रांची**

पुलिस जवानों और नक्सलियों के बीच शुक्रवार को कोल्हान क्षेत्र के हुसीपी जंगल में हुई मुठभेड़ में एक नक्सली घायल हो गया था. इस घटना में नक्सली अपने जख्मी साथी को छोड़कर घने जंगल में भाग निकले थे. सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, तो जंगली क्षेत्र में एक घायल नक्सली मिला. हेलीकॉप्टर से उसे इलाज के लिए रिम्स लाया गया था. जानकारी के मुताबिक, नक्सली का नाम ढ़ंगुर भेंगरा है और वह महज 14 साल का है. रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है. उसे कंधा और गर्दन के बीच में गोली लगी है. फिलहाल अचेत अवस्था में है.

### मिली सफलता

- इनके पास से देसी कट्टा, दो फोन व एक डायरी बरामद
- क्रशर संचालकों से लेवी की मांग करते रहता था

# 17 से 19 तक सीआईडी डीजी की समीक्षा बैठक

**संवाददाता । रांची**

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता 17 से 19 अक्टूबर तक समीक्षा बैठक करेंगे. इस दौरान अनुराग गुप्ता दुमका, हजारीबाग, रांची, पलामू, कोल्हान और कोयला क्षेत्र रेंज में पदस्थापित सीआईडी के डीएसपी और सभी जिलों में प्रतिनियुक्त सीआईडी टीम के प्रभारियों के साथ बैठक कर जेल कर्मी और पुलिसकर्मी द्वारा जेल में बंद को अपराधियों की सहायता करने समेत अन्य मामलों पर चर्चा करेंगे.

**इन बिंदुओं पर होगी समीक्षा बैठक :** सभी जिलों में सितंबर माह में हत्या, डकैती, लूट और फिरौती के लिए अपहरण, पोक्सो कांड, मानव तस्करी और बलात्कार से संबंधित कांड की संक्षिप्त समीक्षा की जायेगी.

- संगठित अपराधियों को चिन्हित करना, अप्रैल से सितंबर माह तक सक्रिय आपराधकर्मियों की सूची (जो जेल से जमानत पर मुक्त हुए हैं), अप्रैल से सितंबर तक जेल में बंद अपराधियों द्वारा किसी मोबाइल फोन का उपयोग कर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की घटना की समीक्षा की जाएगी.
- जेल का कोई कर्मी और जेल में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी अपराध कर्मियों की सहायता कर रहा है तो उसकी सूचना उपलब्ध कराये जाने को लेकर समीक्षा होगी.
- इस साल सितंबर माह में जिले में प्रतिवेदित महिला व बच्चों के साथ घटित अपराध जैसे बलात्कार, सामुहिक बलात्कार, पोक्सो एक्ट से संबंधित कांडों पर विशेष ध्यान रखा जायेगा. जिला में कार्यरत महिला थाना की स्थिति ? क्या महिला थाना की प्रभारी महिला है? क्या महिला व नाबालिग के साथ कारित अपराध के संबंध में संबंधित थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है या नहीं? साथ ही पीड़िता के प्रति थाना प्रभारी का सम्मानजनक और व्यवहार के संबंध में समीक्षा की जाएगी.
- दो आपराधिक गुटों के बीच आपसी गैंगवार और रंगदारी के लिए टकराव की संभवना के बारे में जानकारी प्राप्त की जायेगी.

# पुलिसकर्मियों ने ली बाल विवाह मुक्ति अभियान शपथ

- कार्यक्रम का आयोजन सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के सहयोग से किया गया था

**संवाददाता । रांची**

बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत गोंदा थाना परिसर में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रवि ठाकुर की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत सभी पुलिसकर्मियों को शपथ दिलवाया गया. सभी ने शपथ लिया कि वो अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का कार्य करेंगे. झारखंड में पिछले साढ़े पांच साल में बाल विवाह के 34 मामले सामने आए हैं. इस कार्यक्रम का आयोजन सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के सहयोग से किया गया.



**झारखंड में पिछले साढ़े पांच साल में बाल विवाह के 34 मामले आए सामने :** झारखंड में पिछले साढ़े पांच साल में बाल विवाह के 34 मामले सामने आए हैं. जिनमें साल 2018 में 7, 2019 में 3, साल 2020 में 6, साल 2021 में 7, साल 2022 में 5 और साल 2023 में जून महीने तक 6 मामले सामने आए हैं. जिनमें से 21 मामलों का निष्पादन किया गया और 13 मामले निष्पादन के लिए लंबित हैं. इसके अलावा बाल विवाह में शामिल 70 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया है.

### कुरडेग में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**सिमडेगा/कुरडेग ।** कुरडेग थाना क्षेत्र के हेठमा में मुख्य सड़क पर दो बाइक की सीधी टक्कर में दोनों चालक की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम करीब 7 बजे की है. मृतक युवक की पहचान गुलाब मांझी पिता राजेंद्र मांझी और झरैन डाकुआटोली निवासी जस्टिन कुजूर के रूप में हुई. मिली जानकारी के अनुसार युवक हेठमाडीपा अपने घर से सिमडेगा जा रहा था और जस्टिन विपरीत दिशा से आ रहा था. इसी दौरान हेठमा इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास दोनों बाइक में जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही जस्टिन कुजूर की मौत हो गई, जबकी गुलाब गंभीर रूप से घायल हो गया. 108 एंबुलेंस की मदद से उसे तत्काल कुरडेग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. इधर पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

### कीटनाशक खाकर युवक ने कर ली खुदकुशी

**संवाददाता । सिमडेगा**

ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के जोराम बरटोली गांव में एक 20 वर्षीय युवक ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली. युवक की पहचान कार्तिक कच्छप के रूप में हुई. मामले की जानकारी पुलिस को हुई जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया.

घटना के संबंध में मृतक के चाचा ने बताया कि युवक का किसी से कोई लड़ाई झगड़ा नहीं हुआ था. खाना खाने के बाद सभी सो गए थे. अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई. जिसके बाद आनन-फानन में परिवार वाले उसे इलाज के लिए बीरू स्थित शांति भवन मेडिकल सेंटर ले गए. जहां कीटनाशक खाने की बात बताई गई. उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर किया गया, मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लग रही है. इस मामले में ठेठईटांगर थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है.

# सुदामडीह में युवती का शव पुलिस ने किया बरामद

**संवाददाता । जोड़ापोखर**

सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहलबनी बिरसा बस्ती में अश्वनी महतो के भाड़े के मकान में सोमवार को एक 18 वर्षीय युवती का शव पाया गया. युवती को पिछले 16 सितंबर को मुंगेर बिहार से बहला-फुसलाकर यहां लाने वाला थाना सोनहर जिला जमुई बिहार का युवक मिथिलेश तुरी सोमवार सुबह घर के दरवाजे में ताला बंद कर फरार हो गया है.

सुदामडीह पुलिस मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है. मिली जानकारी के अनुसार मोहलबनी विरसा पुल के निकट चाउमिंग की दुकान में काम करने वाला दशरथ ठाकुर नामक युवक ने पिछले 16 सितंबर को अश्वनी महतो के मकान में अपने गांव के एक दोस्त मिथिलेश तुरी को भाड़े पर रखवाया था. उस समय मिथिलेश तुरी के साथ एक युवती थी, जिसे मिथिलेश ने कहा था कि मेरी पत्नी है. बताते चलें कि भाड़े के मकान में रखवाने वाला दशरथ एवं मिथिलेश दोनों गांव दहियारी थाना सोनहर जिला जमुई बिहार का रहने वाला है और दोनों दोस्त है.

सोमवार को सुबह मिथिलेश तुरी घर में ताला बंद कर भाग निकला था. जिसके बाद उसका दोस्त दशरथ ठाकुर किसी वृद्ध महिला के कहने पर बंद दरवाजा का ताला तोड़कर जब देखा तो युवती छत की कड़ी में दुपट्टा के सहारे झूल रही थी. दशरथ ने उसे उतार कर जमीन पर लेटा दिया. जिसके बाद मकान मालिक अश्वनी ने सुदामडीह पुलिस को घटना की सूचना दी. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिथिलेश तुरी का विवाह एक वर्ष पूर्व हुआ है और वह गर्भवती पत्नी को छोड़कर इस युवती को बहला-फुसलाकर यहां लाया था. सुदामडीह पुलिस घटना के संबंध में कुछ भी बताने से इंकार किया है. सूत्रों के अनुसार पुलिस मृतका के घर का पता लगा लिया है.

### लापता बालक का शव तालाब से हुआ बरामद

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के सूर्य देव मंदिर स्थित तालाब से एक बालक का शव सोमवार को बरामद किया गया. तालाब में शव देखने के बाद ग्रामीणों ने इचाक थाने को सूचना दी. मृत बालक कटकमदाग थाना क्षेत्र के रेवाली का रहने वाला बताया गया है. वह नानी के साथ गया था. उसके बाद वह लापता हो गया. 24 घंटे के बाद तालाब से शव मिलने की सूचना मिली. परिजन शव के पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं थे. पुलिस के दबाव पर परिजन सदर अस्पताल तो आए, लेकिन बिना पोस्टमार्टम कराए बच्चे का शव लेकर घर चले गए.

### मारपीट में महिला घायल जेठ और गोतनी पर केस

**हजारीबाग ।** कटकमदाग में मारपीट में एक महिला घायल हो गई. महिला कटकमदाग की रहने वाली है. उसने बताया कि छोटी-छोटी बातों को लेकर भैंसूर उसके साथ मारपीट करते हैं. पूर्व में भी तीन बार उसकी पिटाई की गई, जो उसके जान पर बन आयी. महिला ने भैंसूर और गोतनी पर मारपीट का आरोप लगाया है.

# बच्चे को कुएं में फेंका, मौत, आरोपी गिरफ्तार

- संदीप ने बच्चे की हत्या प्रेमिका को नहीं बुलाने पर कर दी थी
- शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी संदीप भुइयां की जमकर पिटाई कर दी थी

**संवाददाता । पलामू**

जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पिपरा घाघरा गांव में नंदकेश्वर भुइयां के (8) पुत्र संदीप कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने उसी गांव के युगेश भुइयां के पुत्र संदीप भुइयां (22) को गिरफ्तार किया है. संदीप ने बच्चे की हत्या प्रेमिका को नहीं बुलाने पर कर दी थी. गत गुरुवार को सुबह बच्चे का शव पिपरा घाघरा गांव के ही जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े कुएं से बरामद किया गया था. बच्चा 12 घंटे से लापता था.

शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी संदीप भुइयां की जमकर पिटाई कर दी थी. उसका इलाज किया गया था. ठीक होने पर उसे गिरफ्तार किया गया. सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. छतरपुर थाने में डीएसपी अजय कुमार ने इस संबंध में जानकारी दी.



बताया कि गत 11 अक्टूबर को संदीप कुमार नामक बच्चे की हत्या कर दी गयी थी और उसका शव गांव के ही कुएं से बरामद किया गया था. बच्चा लापता होने से पहले तक पड़ोस में रहने वाले संदीप भुइयां के साथ देखा गया था. उन्होंने कहा कि अनुसंधान के दौरान सामने आया है कि संदीप का किसी युवती के साथ प्रेम-प्रसंग था. अक्सर संदीप उक्त बच्चे को अपनी प्रेमिका को बुलाने के लिए भेजता था. इसके लिए वह बच्चे को लालच भी देता था. घटना के दिन संदीप नशे में धुत था और प्रेमिका को बुलाने के लिए बच्चे को भेज रहा था. लेकिन बच्चा जाने को तैयारी नहीं था. इसी से गुस्साए संदीप ने बच्चे को उठाकर कुएं में डाल दिया था.

### आत्महत्या मामले में पुलिस ने प्रेमी फूलचंद को भेजा जेल

**लातेहार ।** सदर थाना क्षेत्र के सबनो गांव के बोड़ा टोला में 12 सितंबर को एक युवती पुष्पा कुमारी (19) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. इस मामले में लातेहार पुलिस ने युवती के प्रेमी फूलचंद अगेरिया को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है. पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि फूलचंद का प्रेम-प्रसंग युवती पुष्पा कुमारी के साथ चल रहा था. दोनों मोबाइल फोन से लगातार बातचीत करते थे. घटना के दिन भी युवती ने अपने प्रेमी से बातचीत किया था. इस मामले में युवती के पिता ने प्रेमी फूलचंद पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया था. लातेहार थाना में मामला दर्ज किया गया था.

## सफलता अवैध शराब कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग की छापेमारी, पांच गिरफ्तार

# 1200 किलो जावा महुआ और 197 लीटर शराब जब्त

**संवाददाता । रांची**

अवैध शराब कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार को पांच थाना क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया. कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित गाड़ीखाना, चुटिया थाना क्षेत्र सिरमटोली, नामकुम थाना क्षेत्र स्थित सामलौंग और एयरपोर्ट थाना स्थित हेथू में छापेमारी की गई. इस दौरान 1200 किलो जावा महुआ, 197 लीटर शराब, एक स्कूटी बरामद किया गया. साथ ही टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच व्यक्ति को गिरफ्तार किया. जबकि दो व्यक्ति भागने में सफल रहे.



**डीसी ने अभियान चलाने का दिया है निर्देश :** राजस्व में वृद्धि के लिए थाना प्रभारी अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान चला रहे हैं. इसे लेकर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने एसएसपी, सदर और बुंडू एसडीओ को निर्देश जारी किया था. जारी निर्देश में कहा गया था कि उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग राज्य सरकार के राजस्व का स्रोत है. राजस्व की दृष्टि से रांची एक महत्वपूर्ण जिला है, जिसका वार्षिक राजस्व 428 करोड़ सुनिश्चित है. इसके मद्देनजर रांची जिले में उत्पाद विभाग के पास उत्पाद बल और संसाधन की कमी है.

रांची जिले में कुल 45 थाने हैं. इसलिए अपने स्तर से थाना प्रभारी और सीओ द्वारा खुदरा उत्पाद दुकानों में बिक्री बढ़ाने के लिए अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया जाये. साथ ही जेएसबीसीएल द्वारा संचालित खुदरा दुकानों में मिलावटी, अवैध या एमआरपी की शिकायत प्राप्त होने पर नियम अनुसार कार्रवाई हो.

### कदमा में सड़क दुर्घटना में दो युवक हुआ घायल

**जमशेदपुर ।** कदमा थाना अंतर्गत मरीन ड्राइव स्थित नीम बगान के पास रविवार रात 8 बजे सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए. घायलों में गम्हरिया निवासी 25 वर्षीय राहुल नायक और उसका साथी शामिल है. कदमा पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया जहां राहुल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. वहीं राहुल के साथी को अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया. दोनों बाइक पर सवार होकर कदमा से गम्हरिया की ओर जा रहे थे.

# वाशिंग मशीन ठीक करने गए युवक के साथ की मारपीट



**संवाददाता । धनबाद**

भूली के निवासी मोहम्मद मुमताज ने सोमवार को मटकुरिया छठ तालाब निवासी चंदन कुमार के खिलाफ घर में बंधक बना कर मारपीट करने का आरोप लगाया है. वहीं, बैंक मोड़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. आवेदन में मोहम्मद मुमताज ने बताया की अपने सहयोगी मोहम्मद मुजफ्फर जो की सैमसंग सर्विस सेंटर में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है. मटकुरिया निवासी चंदन कुमार के यहां वासिंग मशीन की कंप्लेन होने पर देखने गए थे. जहां चंदन कुमार अपने दोस्तों के साथ शराब की पार्टी कर रहा था तभी काम के दौरान चंदन कुमार बिना वजह गाली-गलौज और मारपीट करने लगा. जिसके बाद जान बचाकर वहां से भागकर बैंक मोड़ थाना को लिखित शिकायत कर करवाई की मांग की है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** साम से चंद्र नीच का है. मानसिक उलझन होगा. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी. किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. गायत्री मंत्र का जाप करें.

**वृषभ** समय सामान्य है. बिना वजह का जीवनसाथी से विवाद हो सकता है. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं.

**मिथुन** शिक्षा में विशेष ध्यान देने का समय है. किसी पुराना रोगनक इलाज संभव है. भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है. गणेश जी पर दुब और हल्दी अर्पण करें.

**कर्क** धार्मिक यात्रा का योग है. यात्रा में थोड़ी परेशानी होगी. काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रहेगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. देवी दुर्गा का पूजन ध्यान करें.

**सिंह** किसी से कहा सुनी हो सकता है परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. शुभफलों की प्रधानता रहेगी. विवाद से दूर रहें. सूर्य को जल दे. गायत्री मंत्र जपें.

**कन्या** रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. किसी से मन-मुटाव हो सकता है. सोच विचार कर बोले.

**तुला** काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते हैं. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते हैं. किसी अपनो से विवाद से बचें.

**वृश्चिक** मन प्रसन्न रहेगा. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती है. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. गाय का दूध गरीब को दान करें.

**धनु** खर्च रोग में भी हो सकता है. परिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. कोई लंबी यात्रा से बचे. खर्चे में बढ़ोत्तरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. अन्न का दान करें.

**मकर** चंद्रमा मानसिक तनाव देगा. कार्य योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा.

**कुंभ** कुछ विवाद हो सकता है. जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में ना पड़े.

**मीन** अपनो से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. योग का सहारा ले. माता दुर्गा का जोत जलावें.

### मो. शफीक थे दुर्गा मंदिर निर्माण समिति के उपाध्यक्ष, साल 1948 से हो रही है दुर्गा पूजा

# सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल है श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर

आशीष टैगोर । लातेहार

शहर का श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर न सिर्फ लातेहार वरन आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है. लोग यहां दूर-दूर से मां का दर्शन करने आते हैं. माता के चरणों में माथा टेक कर सुख व समृद्धि की कामना करते हैं. यही नहीं श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल भी है. जब साल 1992 में इस मंदिर का निर्माण कराया जा रहा था तो मुस्लिम समुदाय के मो शफीक (अब महरूम) को मंदिर निर्माण समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया था.

मो शफीक ने न सिर्फ मंदिर निर्माण में व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहयोग दिया वरन चंदा संग्रहण में भी अहम भागीदारी निभाई. श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के सिल्वर जयंती वर्ष पर मो. शफीक के पुत्र मो. शकील अख्तर (सदस्य, स्थायी लोक अदालत, लातेहार) को मंदिर समिति के द्वारा माता की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया था. मो शकील ने अपने विचार व्यक्त किये थे कि इस मंदिर से उनका एवं उनके परिवार का विशेष लगाव है.



आज जिस स्थान पर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर है, वहां एक बड़ा सा तालाब हुआ करता था. आजादी के एक साल बाद साल 1948 को तालाब के एक हिस्से को भर कर देवी मंडप का निर्माण कराया गया था. उसके बाद से लगातार देवी मंडप में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती थी. बाद में यहां एक मंदिर निर्माण कराने का निर्णय लिया गया. वर्ष 1992 में यहां मंदिर निर्माण का कार्य शुरू किया गया.

**विधायक बैद्यनाथ राम ने बनवाया था विवाह मंडप**

झारखंड अलग होने के बाद जब बैद्यनाथ राम विधायक बने तो उन्होंने अपने विधायक कोटे की राशि से मंदिर परिसर में एक विशाल विवाह मंडप का निर्माण कराया. बैद्यनाथ राम ने विधायकी के अपने दूसरे कार्यकाल में भी विवाह मंडप के उपर एक हॉल एवं छह कमरों का निर्माण कराया. आज मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष दर्जनों शादियां व अन्य कार्यक्रम होते हैं. बता दें कि अभिनंदन प्रसाद ने लगातार 30 वर्षों तक मंदिर समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दी. इन 30 वर्षों में मंदिर ने काफी विकास किया और प्रतिष्ठा हासिल की. प्रसाद के स्वेच्छा से त्याग पत्र देने के बाद राजेश कुमार गुप्ता (भोला) को मंदिर समिति का अध्यक्ष बनाया गया है.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

रावण के एक सेनापति विरूपाक्ष का वध किसने किया था – हनुमान

महावीर स्वामी की मृत्यु के बाद जैन संघ के प्रथम अध्यक्ष कौन बने? – सुधर्मन

महाभारत में युधिष्ठिर के अलावा किस और राजा के जुए में राजपाठ हारने का वर्णन है? – राजा नल

तक्षक नाग के शरीर का रंग कैसा था? – रक्त वर्ण

महाभारत में धर्म पुत्र किसे कहा गया है? – युधिष्ठिर

सम्पाति और जटायु में कितनी दूरी तक देखने की क्षमता थी? – 100 योजन

महाभारत युद्ध के बाद कौरव सेना के कितने महारथी बचे? – 3

सुग्रीव के राज्य में भालू सेना का सेनापति कौन था? – धूम्र

महाभारत युद्ध के बाद कितने महारथी जीवित बचे? – 18

पंचवटी किस नदी के तट पर स्थित थी? – गोदावरी

### वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश में जल भरकर आए लोग

# भूली में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

संवाददाता । भूली

भूली ए ब्लॉक दुर्गा मंदिर परिसर में नवनिर्मित मां दुर्गे की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सात दिवसीय श्री श्री 108 सत चंडी महायज्ञ एवं मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर ए ब्लॉक, बी ब्लॉक, आम बागान डी ब्लॉक, शक्ति मार्केट होते हुए भीम तालाब पहुंची. जहां वैदिक मंत्रोचारण के बीच सभी ने अपने-अपने कलश में जल भरा इसके बाद वापस मंदिर पहुंचे. बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह काको मठ के आचार्य संतोष शास्त्री के निर्देशन में ब्राह्मणों की टोली द्वारा की जा रही है.

यज्ञ समिति के मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि सात दिवसीय महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान रविवार को पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई. इसके बाद 21 तारीख को मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारा होगा इस दौरान बाकी दिनों में बेदी पूजन के साथ अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास दिवस समेत अन्य संस्कार संपन्न कराए जाएंगे शाम को संध्या आरती के बाद प्रतिदिन विद्वान ब्राह्मणों द्वारा प्रवचन किया जाएगा. कलश यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में मुकेश लाल यादव अशोक कुमार झा पूर्व पार्षद अशोक यादव डॉक्टर एमके वर्मा पूजा कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, सचिव सुमित पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु सिंह, प्रवीण शर्मा, संकट मोचन पांडे, सिथुन सिंह, मृणाल झा, सीटू सिंह, जयप्रकाश हरोदिया, बम बम, आशीष कुमार, सुजीत कट्टी, पवन कुमार, अमित कुमार,समेत हजारों की संख्या में लोग सामिल थे.



**समारोह संपन्न**

- 21 अक्टूबर को मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा और भंडारा होगा
- बाकी दिनों में बेदी पूजा के साथ ही फलाधिवास संस्कार होगा

बता दें कि भूली की ऐतिहासिक कलश यात्रारविवार को ए ब्लॉक मंदिर से निकलने वाली कलश यात्रा में गाजे बाजे के साथ करीब 2000 महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर यात्रा में भाग लिया. कलश यात्रा में एक और जहां रथ पर सवार भगवान राम सीता हनुमान जी चल रहे थे.वहीं शंकर भगवान पार्वती जी के साथ भूत पिचासों की टोली लेकर पैदल चल रहे थे. इस दौरान पूरा भूली का माहौल भक्तिमय हो गया.

**भव्य कलश यात्रा में महिलाएं**



**निरसा** । निरसा क्षेत्र के जोराडीह गांव में सोमवार को नवनिर्मित दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 701 कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश यात्रा निकली गयी. कलश यात्रा में कुंवारी कन्याओं ने कांटावन नदी से जलाभिषेक कर माथे में कलश लेकर पैदल जोराडीह मंदिर प्रांगण पहुंची. मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा निसिद्ध भट्टाचार्ज द्वारा पूजा अर्चना की गयी. जोराडीह सोलाआना के लोगों ने बताया की यहां नया दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है. यह मंदिर सोनबाद और घाघरा पंचायत के बीच यह मंदिर निर्माण किया गया है.

### अग्रसेन जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**बोकारो** । अग्रसेन जयंती पर मारवाड़ी पंचायत ने सभी समाज के संस्थानों के साथ मिलकर सोमवार को चास के गरगा पुल काली मंदिर से श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर तक शोभयात्रा निकाली. शोभायात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने अग्रसेन जी महाराज के जयकारे लगाए. इस दौरान मंदिर प्रांगण में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया. इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं. मौके पर मारवाड़ी पंचायत के अध्यक्ष डॉ रतन केजरीवाल, सचिव विकास अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक हनुमान पिलानिया, जयप्रकाश तापड़िया, मुकेश भगेरिया, गोपाल टमकोरिया, राज केजरीवाल, दीपू अग्रवाल, संजय गोयल, पंकज बंसल, निरंजन पिपुरिया, प्रदीप पी पुरिया, अनूप अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, दीपू अग्रवाल, संजय गोयल, मारवाड़ी युवा मंच उड़ान शाखा अध्यक्ष मीनू अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेश भगेरिया, विकास केजरीवाल, नवीन केजरीवाल मौजूद थे.

### नवरात्र को लेकर शहर में बनाए जा रहे हैं पंडाल

**पलामू** । शारदीय नवरात्र को लेकर अलग अलग स्थानों पर भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं. वहीं जिले के आबदागंद में सम्राट क्लब के द्वारा राधा नगरी वृंदावन का प्रसिद्ध मंदिर चंद्रोदय मंदिर का प्रारूप तैयार किया जा रहा है. मूर्ति में भी खास बंगला सेट मूर्ति बनाया जा रहा है. इस पंडाल को बनाने के लिए खास तौर पर कोलकाता से कारीगर बुलाए गए हैं. एक माह से 30 कारीगरों की टीम पंडाल को आकर्षक लुक देने के लिए कार्य कर रही है. पंडाल की ऊंचाई 70 फीट होगी.

# मुशायरे में शामिल हुए शायर और साहित्यकार



**जुटे लोग**

- मुशायरा की अध्यक्षता मशहूर शायर अहमद बद्र ने की
- इसमें साहित्य प्रेमियों ने काफी आनंद उठाया

धर्मेंद्र कुमार । जमशेदपुर

अचीवर्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्निकल एक्सीलेंस, जवाहर नगर, मानगो, में एक शानदार शाम-ए- मुशायरा का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता शहर के जाने-माने साहित्यकार एवं शायर अहमद बद्र ने की. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हसन इमाम मल्लिक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शायर गौहर अजीज शामिल हुए. मुशायरा में शहर के जाने-माने आमंत्रित शायरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं. जिसका इंस्टिट्यूट के विद्यार्थी तथा समाज से आए हुए साहित्य प्रेमियों ने भरपूर आनंद उठाया. संस्था के संस्थापक इकरामुल गनी ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया और अपनी संस्था की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मलिक ने कहा कि जो लोग सकारात्मक सोच के साथ समाज की सेवा करते हैं, उन्हें समाज और देश अपनी पलकों पर बिठाते हैं. मनुष्य का व्यक्तित्व ऐसा होना चाहिए, जिसको देखकर दूसरे प्रसन्न हो जाएं.

# डांडिया बीट्स का इंट्री टिकट जारी, आयोजन होगा कल

संवाददाता । रांची

राजधानी रांची के डिबडीह बाईपास स्थित जेके सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में में डांडिया बीट्स 2023 का आयोजन होने जा रहा है. सोमवार को होटल गोल्डन लीफ में प्रेस वार्ता कर इवेंट का इंट्री टिकट जारी किया गया. साथ ही इवेंट में होने वाले डांडिया -गरबा रास के साथ- साथ लाइव डीजे, बच्चों का फैशन शो, बेस्ट कॉस्ट्यूम कार्यक्रम की जानकारी दी गई. इस डांडिया और गरबा रास कार्यक्रम का आयोजन वाओ इवेंट्स, फैंटेसी कल्चरल एकेडमी व जिमहोलिक जिम द्वारा किया जा रहा है. आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम के टिकट का मूल्य 500 रुपये है.



### साहित्यकार नरेश बंका सम्मानित



**रांची** । अग्रसेन जयंती महोत्सव समारोह में अग्रवाल सभा द्वारा कवि व साहित्यकार नरेश बंका को हनुमान सरावगी कला संस्कृति व साहित्य सम्मान प्रदान किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महालेखाकार राजकुमार अग्रवाल और मुख्य वक्ता उद्योगपति पुनीत पोद्दार ने नरेश बंका को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और शाल देकर सम्मानित किया. समारोह के संचालक सुरेशचंद्र अग्रवाल ने सम्मानित नरेश बंका का परिचय कराते हुए बताया कि देश के प्रसिद्ध कवियों के साथ इन्होंने अनेक कवि सम्मेलनों में अपनी भागीदारी निभाई है.

### महोत्सव में आएंगे भजन सम्राट

**धनबाद** । श्याम भक्त मंडल हीरापुर के द्वारा 29 अक्टूबर को धनबाद के हीरापुर स्थित गोल्फ ग्राउंड में भव्य रूप से 48वां श्याम गुणगान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा .जिसमे 200 किलोमीटर तक के हजारों श्याम भक्त शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में अखंड ज्योत, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग और श्याम रसोई भी लगाई जाएगी. उक्त जानकारी श्याम भक्त मंडल हीरापुर के सचिव मनोज खेमका ने 16 अक्टूबर को धनबाद के हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में प्रेस वार्ता के दौरान दी. उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में भक्तों को अपने भजन से रिझाने के लिए भजन सम्राट कन्हिया मित्तल, संजय सैन, परविंदर पलक, राजेश शर्मा और मनोज सैन सहित चंडीगढ़ के श्याम जगत के कई कलाकार शिरकत करेंगे. बाबा का दरबार 80 फुट चौड़ा और 20 फुट की हाइट पर होगा. वहीं श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का भी आयोजन किया गया है. धनबाद के विक्की डेकोरेट कलकत्ता से कारीगर मंगा कर कार्यक्रम को भव्य रूप देंग .

# लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने नौ दिवसीय रामलीला का किया उद्घाटन



संवाददाता । लातेहार

शहर के बीचो-बीच अंबाकोठी परिसर में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 50वें अधिवेशन के मौके पर नौ दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है. जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने रविवार देर शाम दीप प्रज्ज्वलित व फीता काट कर किया. इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम दरबार की झांकी की आरती की. मौके पर बैद्यनाथ राम ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है. अगर हम श्रीरामचरित मानस के एक अंश को भी अपने अंदर उतार लें, तो हमारा जीवन सफल हो जायेगा. समाज में मर्यादा स्थापित कर भगवान श्रीराम पुरूषोत्तम कहलाये. श्रीराम ने पिता के वचन के लिए 14 वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार किया. नारी की रक्षा के लिए रावण का वध किया. उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की अपील की. मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, महामंत्री सुदामा प्रसाद, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका, प्रवक्ता डा विशाल शर्मा, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, मदन प्रसाद, सुनील शौंडिक, राजू सिंह, संतोष अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद मौजूद थे.

### सीख असफलता की देनी चाहिए, ताकि बच्चे खुद को संभाल सकें : शिव

**रांची** । दुनिया भर में प्रसिद्ध यू कैन विन के लेखक शिव खेड़ा ने सोमवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित एक्सपो में युवाओं को मोटिवेट किया. लाइफ लेशन की सीख लोगों के बीच साझा की. कहा कि आजकल के अभिभावक अपने बच्चों को जीत और सफलता के लिए प्रेरित करते हैं. यह सीख हर असफलता की होनी चाहिए, ताकि परिस्थिति बदलने पर बच्चे खुद को संभाल सकें. कहा कि अपने परिवार की रक्षा करना हमारा पहला धर्म है. हर इंसान को ये तीन स्किल पहला- लोगों से बात करना, दूसरा- किसी भी चीज को अपने जीवन में अपनाना और तीसरा- महत्वपूर्ण चीजों को प्राथमिकता देना, जीवन में सक्सेस पाने के लिए जरूरी है. एक विनर के अंदर किसी भी चीज को करने की आदत होती है, वहीं लूजर यह नहीं करना चाहता. कार्यक्रम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी, सरला बिरला यूनिवर्सिटी व गोस्सनर कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे.

# छाती पर कलश स्थापित कर पूजा कर रहे हैं राहुल



संवाददाता । महुदा

महुदा क्षेत्र के तेलमोच्चो अंतरराष्ट्रीय कुसुम साधक परिवार के राहुल कुसुम ने 9 दिन कलश को छाती में रखकर आश्रम में नवरात्रि महोत्सव में कलश स्थापना किया है. नवरात्रि के नौ दिनों में अपने छाती में कलश रख कर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है. नवरात्रि में मां जगदंबे की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है. नवरात्रि के पूरे नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री देवी की पूजा की जाती है. नवरात्रि में माता रानी के भक्त उपवास रहकर मां जगदंबे की विधि- विधान से पूजा किया जा रहा है.

### योतिंद्रनाथ चिलबिंधा के तृतीय पुण्य स्मृति पर 18 अक्टूबर को होगी सभा

**चांडिल** । चांडिल के कदमडीह स्थित कार्यालय में 18 अक्टूबर बुधवार को कुड़मी समाज चांडिल के संस्थापक सारिगत ज्योतिंद्रनाथ महतो चिलबिंधा के तृतीय पुण्यस्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बालिका व महिला वर्ग के लिए चइक पुरा एवं बालक व पुरुष वर्ग के लिए मआड़इर गांथा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा. इसको लेकर सोमवार की शाम कुड़मी समाज चांडिल के सचिव अशोक पुनअरिआर की अध्यक्षता में चांडिल के कदमडीह स्थित कार्यालय में बैठक किया गया. बैठक में आयोजन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया. प्रतियोगिता जीतने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा. इसके साथ ही अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा.

**निर्माण** सचिन बाबा अपने भक्तों को सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने का उपदेश देते रहे

# ब्रह्मलीन सचिन बाबा का भव्य मंदिर बनकर तैयार

संवाददाता । निरसा

श्री श्री गोकुलानंद मठ दलदली के 2 पूज्य संत ब्रह्मलीन सचिन बाबा की भव्य मंदिर नयाडांगा कली मंदिर परिसर में बनकर तैयार है. मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 3 नवंबर को की जाएगी. जिसके निमित सोमवार को नयाडांगा काली मंदिर परिसर में मंदिर समिति एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मखू सिंह, संचालन मधुरेंद्र गोस्वामी एवं धन्यवाद ज्ञापन मनजीत सिंह ने किया. बैठक में मुख्य रूप से गोकुलानंद मठ दलदली के मुख्य सेवादार प्रदीप दा एवं अच्युतानंद दा उपस्थित हुए. संतों ने बताया कि ब्रह्मलीन सचिन बाबा जीवन प्रयत्न कठोर नियमों का पालन करते रहे एवं अपने भक्तों से नाम संकीर्तन, सत्यता, सरलता एवं अहिंसा की मार्ग पर चलने का उपदेश देते रहे. मंदिर समिति के अध्यक्ष माखू सिंह ने कहा कि सभी के सहयोग से काली मंदिर के बाद भव्य राम दरबार का निर्माण किया गया. सचिन बाबा के प्रेरणा से एवं उनकी इच्छा से ही मंदिर परिसर में भव्य सचिन बाबा के मंदिर का निर्माण राधा रानी मंदिर के बगल में किया गया है.



**भक्त उत्साहित**

- सचिन बाबा की प्रेरणा से ही इसका निर्माण किया गया
- 3 नवंबर को सभी पारंपरिक वेशभूषा में सुबह आएंगे

उन्होंने सचिन बाबा की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला. वही मनजीत सिंह ने कहा कि 3 तारीख को सुबह 8 बजे पारंपरिक वेशभूषा में एवं नियम धर्म का पालन करते हुए, गाजे बाजे के साथ सभी भक्त नयाडांगा काली मंदिर परिसर से दलदली आश्रम जाएंगे वहां से जल लेकर पुनः मंदिर परिसर आएंगे. यहां 24 पहर हरि नाम संकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन मंदिर समिति की ओर से किया जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से कन्हाई दास लालू ओझा मनोज सिंह, अखिलेश तिवारी, रविंद्र प्रधान, तपन तिवारी, सपन बक्शी, अर्जुन भूईया, अशोक गुप्ता, कामेश्वर ओझा, विश्वरूप मंडल, बृजेंद्र गोस्वामी, श्यामल मिश्रा और विजय विशाल मौजूद थे.

### कमेटी का कहना है कि कुछ परफ्यूम में अल्कोहल का इस्तेमाल होता है

# परफ्यूम के इस्तेमाल पर रोक

रोहित कुमार । जमशेदपुर

बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी ने गुरु दरबार के धार्मिक कार्यक्रमों में परफ्यूम के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है. शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा जारी आदेश के बाद बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी ने यह कदम उठाया है. कमेटी ने यह भी फैसला लिया है कि सुबह आठ बजे से पहले आनंद कारज संपन्न होने पर वर-वधु को कमेटी की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा.

वहीं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सिख परिवार के बच्चों को आनंद कारज संपन्न कराने के लिए विशेष प्रबंध किये जायेंगे. बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी का कहना है कि कुछ परफ्यूम में अल्कोहल का इस्तेमाल किया जाता है. ऐसे में संगत एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि गुरु दरबार में आयोजित किसी धार्मिक उत्सव व वैवाहिक मौके पर अल्कोहल युक्त परफ्यूम इस्तेमाल नहीं किया जाये. संगत में गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज एवं संगत के प्रति सच्ची भक्ति भावना होती है, लेकिन ज्ञान के अभाव में संगत से गलती हो जाती है. बैठक में चेयरमैन करतार सिंह, चेयरमैन मोहन सिंह, प्रधान कुलविंदर सिंह, महासचिव सुखबिंदर सिंह, मार्गदर्शक बलविंदर सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट कुलदीप सिंह मौजूद थे.



**बैठक संपन्न**

- सुबह आठ बजे से पहले आनंद कारज होगा
- बारीडीह कमेटी द्वारा यह कदम उठाया गया है

## जमशेदपुर

### आर्थिक स्थिति का भी पता चलेगा : सागेन पूर्ति



झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति का कहना है कि झारखंड में जातीय जनगणना होनी चाहिए. जातीय जनगणना से जातियों की वास्तविक संख्या एवं उनकी आर्थिक स्थिति का भी पता चल पाएगा. जो सरकार के लिए जातियों के विकास की योजनाओं को बनाने के साथ उनका क्रियान्वयन करने में सहूलियत होगी. जातीय जनगणना से ही पता चल पाएगा कि इतने वर्षों में आदिवासियों व पिछड़ी जातियों का कितना विकास हो पाया है.

### होनी चाहिए जातीय जनगणना : बीरेंद्र पांडे



पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव बीरेंद्र पांडे का कहना है कि जातीय जनगणना की मांग सभी राज्यों में हो रही है. जातीय जनगणना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे यह पता चलेगा कि किस जाति की कितनी संख्या है और समाज के संसाधनों में उनकी कितनी हिस्सेदारी है, ताकि जनगणना के आधार पर उनको उन संसाधनों का लाभ मिल सके. 1931 के बाद से देश में जातिगत जनगणना नहीं हुई. 2011 में कांग्रेस सरकार द्वारा कराई गई था, लेकिन मोदी सरकार द्वारा उसे सार्वजनिक नहीं किया गया.

### इससे जनता को फायदा होगा : अनिल मोदी



भाजपा के जिला महामंत्री अनिल मोदी का कहना है कि झारखंड में जातीय जनगणना की जानी चाहिए. जिससे जनता को लाभ हो, वैसे कार्य निश्चित रुप से होने चाहिए. उसमें चाहे जातीय जनगणना हो या फिर कुछ और. जहां तक जातीय जनगणना की बात है तो इससे सरकार के पास जातियों की संख्या के साथ उनकी वास्तविक स्थिति से संबंधित आंकड़े उपलब्ध होंगे. इसके आधार पर सरकार द्वारा उनके विकास के लिए योजनाएं बनाई जा सकेंगी. जातीय जनगणना से यह भी पता चलेगा कि आरक्षण का लाभ लेने वाली जातियों का इतने वर्षों में क्या विकास हो पाया.

## चांडिल

### जातीय जनगणना होनी ही चाहिए : मधुश्री महतो



सरायकेला-खरसावां जिले के जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना आवश्यक है. 2011 के बाद राज्य में किस जाति की संख्या बढ़ी है और किसकी घटी है, इससे इसकी जानकारी मिल पाएगी. लुप्त हो रही जातियों के संरक्षण में योजनाएं बनाई जा सकेंगी और जाति की आबादी के अनुसार विकास की योजना बनाकर समाज में उनकी हिस्सेदारी को दिया जा सकेगा. बिहार के जातीय जनगणना के आंकड़ें जारी होने के बाद झारखंड में भी जातीय जनगणना को लेकर हलचल तेज हो गई है. हेमंत सोरेन सरकार को जनभावना को देखते हुए राज्य में भी जातीय जनगणना करवाना चाहिए.

### आर्थिक गणना भी कराई जानी चाहिए : देवाशीष



सरायकेला-खरसावां जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष देवाशीष राय ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना के साथ आर्थिक गणना भी कराई जानी चाहिए, ताकि इसकी जानकारी मिल सके कि किस जाति की संख्या कितनी है और उस समुदाय की आर्थिक स्थिति क्या है. ऐसे में जहां एक ओर वास्तविकता सामने आएगी, वहीं दूसरी ओर सरकार को जातीय विकास की योजनाएं बनाने में लाभ मिलेगा. हो सकता है कि इससे राज्य की राजनीति के जातीय समीकरण में बड़ा उलटफेर होगा, लेकिन समाज विशेष के लोगों को अपनी आबादी की सही जानकारी मिलेगी और राजनीतिक, सामाजिक व अन्य क्षेत्र में उन्हें उसका लाभ भी मिलेगा.

### आबादी के अनुसार लाभ नहीं मिल रहा : अमला मुर्मू



चांडिल प्रखंड के निवर्तमान प्रमुख अमला मुर्मू ने कहा कि झारखंड राज्य में जातीय जनगणना जरूरी है. यहां आबादी के अनुसार लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. जातीय जनगणना होने से राज्य में रहने वाले अलग-अलग जातियों की वास्तविक संख्या की जानकारी मिलेगी. हो सकता है कि इसके नतीजे राज्य के लिए चौंकाने वाले सामने आएं. राज्य की कई आदिम जातियां विलुप्त होने के कगार पर है. सरकार इनके विकास को लेकर कई योजनाएं चला रही हैं. जातीय जनगणना से इसकी जानकारी मिलेगी कि इन योजनाओं से आदिम जनजातियों को कितना लाभ पहुंचा है. राज्य में इसकी संख्या बढ़ी है या कम हुई है.

### जातीय जनगणना से नुकसान नहीं : अजीत तिर्की



झारखंड आंदोलनकारी अजीत तिर्की ने कहा कि बिहार की तरह झारखंड में भी जातीय जनगणना कराने की जरूरत है. इससे किसी को किसी प्रकार का नुकसान नहीं है, बल्कि इससे फायदा यह होगा कि समुदाय विशेष को इसकी जानकारी मिल पाएगी कि राज्य में उनकी आबादी कितनी है. क्या किसी जाति विशेष को लेकर चलाए जाने वाले विकास कार्यों को उनकी आबादी के अनुपात में कितनी राशि का आवंटन किया जाता है. राज्य में सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में किसी जाति विशेष की भागिदारी कितनी है. किस जाति की आबादी बढ़ी है और किसकी घटी है. घट रही जाति के विकास को लेकर नई योजनाएं बनाई जा सकती हैं.

## आदित्यपुर

### झारखंड में जातीय जनगणना जरूरी है : माकुड़



आजसू पार्टी के प्रदेश सचिव सत्यनारायण महतो उर्फ माकुड़ कहते हैं कि बिहार की तरह झारखंड में भी जातीय जनगणना जरूरी है. जातीय जनगणना से खास तौर पर पिछड़ों को फायदा होगा. चूंकि वर्तमान में झारखंड में पिछड़ों को उनकी आबादी के अनुरूप न तो आरक्षण मिल रहा है न हो कोई सुविधाएं. उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना कराकर सरकार सभी वर्गों को उनकी आबादी के अनुसार हिस्सेदारी तय करे. इससे सभी लोगों को फायदा होगा.

### जातीय जनगणना पूरे देश में हो : अम्बुज कुमार



सरायकेला खरसावां जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अम्बुज कुमार कहते हैं कि जातीय जनगणना पूरे देश में होनी चाहिए. हर वर्ग को लगता है कि उनकी आबादी के अनुरूप उनको लाभ नहीं मिल रहा है. ऐसे में झारखंड समेत सभी राज्यों में जातीय जनगणना करानी चाहिए. झारखंड सरकार ने इसके लिए पहल भी कर दी है और संभवतः इसी वर्ष इसकी शुरुआत हो जाएगी. चूंकि झारखंड में पिछड़ों को उनकी आबादी के अनुरूप आरक्षण तय नहीं है, इसलिए यहां गणना जरूर होनी चाहिए.

**बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातिगत जनगणना की सुगबुगाहट**

**लोगों के बीच इसे लेकर चर्चा शुरू, मिलीजुली प्रतिक्रिया**

**सरकार को योजना बनाने में आसानी होगी**

# जातिगत गणना से हर वर्ग को फायदा

बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातिगत जनगणना की सुगबुगाहट शुरू हो गई है. लोगों के बीच इसे लेकर चर्चा हो रही है. जातिगत गणना हो या न हो इस पर लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं. पर तर्कों के आधार पर ज्यादातर लोग चाहते हैं कि जाति आधारित गणना होनी चाहिए. इससे हर वर्ग को फायदा होगा. राज्य सरकार भी चाहती है कि जितनी जल्दी हो इस पर पहल की जाए. अभी तक राज्य में सब कुछ एक अनुमान से चल रहा है.कई जातियां दावा करती हैं कि हमें जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण नहीं मिल रहा है. मेरा हक मारा जा रहा है. वहीं सरकार को भी कुछ मामलों में अनुमान से योजनाएं बनानी पड़ती है. जातिगत गणना होने से हर वर्ग को फायदा तो होगा ही, उन्हें उनकी आबादी के अनुरूप आरक्षण का लाभ भी मिल पाएगा. वर्तमान में कई जातियों को उन्हें उनकी आबादी के अनुरूप लाभ नहीं मिल पा रहा है. इस सच को जानने के लिए जातीय जनगणना जरूरी है. ऐसे में झारखंड समेत सभी राज्यों में जातीय जनगणना होनी चाहिए. झारखंड सरकार ने इसके लिए पहल भी कर दी है, जो कि स्वागत योग्य है. लोग कहते हैं कि इसका विरोध नहीं होना चाहिए. चूंकि न्यायालय ने भी इस कदम को उचित ठहराया है, तभी बिहार में जातीय जनगणना संभव हुई है. शुभम संदेश की टीम ने इस मुद्दे पर विभिन्न जातियों और सामाजिक संगठन के पदधारियों से इस संबंध में बात की है.पेश है रिपोर्ट.




## गोड्डा

### सांस्कृतिक गणना भी होनी चाहिए : अरुण सहाय



बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातीय जनगणना का अगर कोई प्रस्ताव है तो जरूर किया जाना चाहिए. मगर इसके साथ सांस्कृतिक गणना भी होनी चाहिए. वामपंथी नेता अरुण सहाय कहते हैं कि जात की राजनीति काफी पहले से ही की जा रही है. इसमें कोई नई बात नहीं है. सभी धर्मो में कई उपजातियां हैं. उसकी गणना भी किए जानी चाहिए. ताकि पता चल सके कि किसा जाति की कितनी संख्या है. उससे सरकार को योजना बनाने में सहूलियत होगी.

### ध्यान भटकाने के लिए जाति का खेल : राजेश झा



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश झा कहते हैं कि राज्य सरकार को विकास से कोई मतलब नहीं है. वह ध्यान भटकाने के लिए जात की राजनीति कर रही है. हिंदू धर्म को जात के नाम पर तोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहा है, जो सफल नहीं होगा. जनता को भी पता है कि जात के नाम पर समाज का विकास नहीं हो सकता है. यह स्तरहीन राजनीति का नमूना है.

### यह तो पहले भी होती रही है : कुंदन ठाकुर



यूथ कांग्रेस के से जुड़े कुंदन ठाकुर कहते हैं कि देश देश में जाति आधारित गणना पहले भी होती रही है. इधर हाल के वर्षो से यह बंद था. अगर राज्य सरकार जातीय आधार पर गणना करवा कर विकास करना चाहती है तो इसमें परेशानी किस बात की है. वैसे भी वर्तमान में राजनीति का अप्रत्यक्ष आधार जाति ही रही है. जाति आधारित राजनीति देश की सच्चाई है. इसे स्वीकार करना होगा.

### देश को आगे ले जाने की बात होनी चाहिए : संजीव महतो



अब समय विकास का है. ऐसे में जात-पात से ऊपर उठकर देश को आगे ले जाने की बात होनी चाहिए. आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संजीव महतो कहते हैं कि जात-पात के दलदल से निकलकर आगे की बात सोचनी चाहिए. देश के सामने कई समस्याएं हैं उसके निदान के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए. जात धर्म वर्ग पहले से ही समाज को कई नुकसान पहुंचा चुके हैं. समाज को बांटकर नहीं बल्कि संयुक्त रूप से देखने की जरूरत है.

## चाकुलिया

### जातीय जनगणना अति आवश्यक : स्वपन महतो



सीपीएम के राज्य कमेटी के सदस्य स्वपन कुमार महतो ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना अति आवश्यक है. बिहार की तर्ज पर यहां भी जातीय जनगणना हो, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यहां जातियों की आबादी कितनी है. अंग्रेजी शासनकाल में 1931 में जातीय जनगणना हुई थी. उसके बाद 2023 में बिहार सरकार ने जातीय जनगणना कराई है. झारखंड में पिछड़ी जातियों की संख्या 43% है, लेकिन इन्हें 14 प्रतिशत आरक्षण मिलता है. दूसरी ओर झारखंड में आदिवासियों की संख्या 24% है. इन्हें 27% आरक्षण मिलता है. इस स्थिति में झारखंड में जातीय जनगणना जरूरी है, ताकि सभी जातियों को संख्या के हिसाब से सुविधाएं और आरक्षण मिल सके.

## साहिबगंज

### झारखंड में भी लागू होनी चाहिए : बरकरतुल्ला



सहिबगंज जिला कॉग्रेस अध्यक्ष बरकरतुल्ला खान का कहना है कि झारखंड में भी जातिगत जनगणना लागू होनी चाहिए .इससे नीतियां बनाने में मदद मिलेगी. साथ ही यह पता चलेगा कि किस जाति के कितने लोग हैं और उन्हें क्या फायदा मिल रहा है .उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार जातीय आधार पर गणना करा कर विकास करना चाहती है तो इसमें भाजपा के उच्च वर्ग के नेताओं को परेशानी किस बात की है. वैसे भी वर्तमान में राजनीति का अप्रत्यक्ष आधार जाति ही रही है. जाति आधारित राजनीति देश की सच्चाई है. इसे स्वीकार करना होगा.जातीय जनगणना होने से सभी जातियों को उसकी जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व मिल सकेगा . सभी जातियों को इससे लाभ भी मिलेगा. उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री ने भी कहा है कि झारखंड में बिहार की तर्ज पर जल्द से जल्द जातीय जनगणना कराई जाएगी. जातिगत जनगणना से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में काफी बदलाव आएगा और लोगों को इससे फायदा मिलेगा. निश्चित तौर पर यह मील का पत्थर साबित होगी.

### जातियों की हिस्सेदारी तय होगी : सुनील सिन्हा



साहिबगंज जिला जदयू जिला अध्यक्ष सुनील सिन्हा ने बताया कि झारखंड में भी जल्द से जल्द बिहार की तर्ज पर जातिगत जनगणना होनी चाहिए .जातीय जनगणना से सभी जातीय की हिस्सेदारी तय होगी. जिससे जिसका जितना हक होगा मिल पाएगा . हर समाज के लोगों का विकास होगा. जातिगत जनगणना से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में काफी बदलाव आएगा और लोगों को इससे फायदा मिलेगा. सरकार को इस ओर अपना कदम बढ़ाना चाहिए.

## चक्रधरपुर

### झारखंड में जातीय जनगणना जरूरी : जीवन



आदिवासी हो समाज महासभा के पोड़ाहाट अनुमंडल उपाध्यक्ष जीवन बांकिरा ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना जरूरी है. इससे झारखंड में रहने वाले विभिन्न जन जातियों के बारे में पता चलेगा. साथ ही राज्य में रहने वाले दलित और पिछड़ा वर्ग के लोगों का सही आंकड़ा पता चलेगा. जाति के आधार पर ही विकास योजनाएं लायी जाती हैं. इसलिए इस पर सभी राजनीतिक दलों को विचार करना चाहिए. क्या किसी जाति विशेष को लेकर चलाए जाने वाले विकास कार्यों को उनकी आबादी के अनुपात में कितनी राशि का आवंटन किया जाता है. राज्य में सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में किसी जाति विशेष की भागिदारी कितनी है. वैसे भी वर्तमान में राजनीति का अप्रत्यक्ष आधार जाति ही रही है. जाति आधारित राजनीति देश की सच्चाई है.

### कई योजनाएं जनगणना के आधार पर : मदन



चक्रधरपुर के आदिवासी हो समाज युवा महासभा के सदस्य मदन बोदरा ने कहा कि सरकार की कई योजनाएं जनगणना के आधार पर ही बनती हैं. जातीय जनगणना झारखंड के लिए बेहद जरूरी है. जातियों का सही आंकड़ा सरकार के पास होना चाहिए. इससे स्पष्ट हो पाएगा कि किस जाति की जनसंख्या कितनी है. अगर जनगणना हो रही है तो जातीय जनगणना ही की जाए. ऐसे में झारखंड समेत सभी राज्यों में जातीय जनगणना करानी चाहिए. झारखंड सरकार ने इसके लिए पहल भी कर दी है और संभवतः इसी वर्ष इसकी शुरुआत हो जाएगी.

**संख्या स्पष्ट होने से आरक्षण में भी मिलेगा फायदा**

**झारखंड सरकार की पहल का लोगों ने किया स्वागत**

## चाईबासा

### जातीय जनगणना होनी चाहिये : सन्नी सिंकू



झारखंड पुनरुत्थान अभियान के संयोजक सन्नी सिंकू ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना जरूरी है, ताकि प्रत्येक समुदाय की संख्या का आंकलन हो सके. झारखंड में किस समुदाय के अधिक लोग निवास करते है. इसकी जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिये. बिहार की तर्ज पर ही यहां भी जनगणना अनिवार्य कर देना चाहिये. लेकिन इस पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिये. राजनीति होने से जातिगत नीति बनती है. झारखंड का उत्थान के लिये कार्य करने की जरूरत है.

### झारखंड में हो समुदाय का बढ़ेगा वर्चस्व : जेम्स



आदिवासी हो समाज के सदस्य सह बीएसपी के जिला अध्यक्ष जेम्स हेम्ब्रम ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना की जरूरत है. इससे हो समुदाय की पहचान अलग से होगी. जाति की जनगणना होने से आदिवासियों की संख्या की आधिकारिक रूप से जानकारी मिलेगी. इससे विकास पर काम करने में आसानी होगी. किसी जाति के लिये कितना बजट सरकार पास करेगी, यह तभी हो पायेगा जब जातिगत तरीके से गणना होगी.

### निर्णय के बाद ही जातीय जनगणना हो : गब्बर



आदिवासी हो महासभा के महासचिव गब्बर सिंह हेम्ब्रम ने कहा कि जातीय जनगणना से संख्या का आकलन होगा. हालांकि इसमें सभी की राय लेनी चाहिये. जब तक हर राजनीति पार्टी व सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि की राय नहीं मिलेगी तब तक जातिगत गणना आरंभ नहीं करनी चाहिये. झारखंड एक छोटा राज्य है. जनगणना में अधिक खर्च होता है. इससे आम जनता पर बोझ बढ़ेगा. सरकार को इस पर विचार करने की जरूरत है.

### कुड़मी समुदाय का भी बढ़ेगा वर्चस्व : शंकर महतो



टोटेमिक कुड़मी समाज के अध्यक्ष शंकर लाल महतो ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना अनिवार्य रूप से होनी चाहिये. इससे कुड़मी की संख्या का पता चलेगा. कुड़मी के अलावा अन्य समुदाय के लोगों की संख्या सामने आयेगी. सरकार को इस पर मंथन कर गणना आरंभ करना चाहिये. बिहार की तर्ज पर ही झारखंड में जनगणना आरंभ करने से बेहतर होगा. इस पर रणनीति बनाने की जरूरत है.





## हजारीबाग

### बिहार की तरह न हो जातीय जनगणना : सुदेश



चंद्रवंशी समाज के राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश चंद्रवंशी का कहना है कि राजनीतिक लाभ के लिए जातीय जनगणना नहीं होनी चाहिए. जिस तरह बहार में जातीय जनगणना हुई है, वह सही नहीं है. अगर राजनीति लाभ के लिए यह जनगणना होगी, तो समाज में इसका बेहतर संदेश नहीं जाएगा. इसे वैमनस्यता का भाव उत्पन्न होने का खतरा होगा.

### जातीय जनगणना होनी चाहिए : चंद्रनाथ भाई पटेल



झारखंड आंदोलनकारी सह कुर्मी समाज के चंद्रनाथ भाई पटेल ने कहा कि जातीय जनगणना कराना बेहद जरूरी है. इससे यह भी पता चल जाएगा कि किस जाति के कितने लोग हैं और फिर सही मायने में पिछड़ों को लाभ देने की योजना बनाई जा सकेगी. बिहार जिस तरह जातीय जनगणना के पक्ष में है, उसी प्रकार खासकर पूर्वी भारत में जातीय जनगणना कराने की जरूरत है.

### जातीय जनगणना तो होनी ही चाहिए : विकास राणा



विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह आजसू हजारीबाग के जिलाध्यक्ष विकास कुमार राणा ने कहा कि जातीय जनगणना बिल्कुल होनी चाहिए. इससे पिछड़ों का विकास होगा. यह लोगों की मांग है. जनप्रतिनिधि होने के नाते वह जनभावना का कद्र करते हैं और जनहित में जो काम है, उसका वह समर्थन करते हैं. अगर जातीय जनगणना नहीं होगी, तो पिछड़ा वर्ग पिछड़ता ही चला जाएगा. उसे आरक्षण का लाभ कैसे मिलेगा.

### जातीय जनगणना से सबको न्याय : गणेश कुमार



सूचना अधिकार रक्षा मंच के सचिव सह सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि जातीय जनगणना होनी चाहिए. इससे सभी लोगों को न्याय मिलेगा. लोग जान पाएंगे कि उनकी आबादी कितनी है. उसके अनुसार सरकारी लाभ की योजना तैयार की जा सकेगी. जातीय जनगणना लोगों के हित में है.

### जनहित में होनी चाहिए जातीय गणना : अजय गुप्ता



वैश्य समाज से जुड़े कांग्रेस नेता सह 20 सूत्री के सदस्य अजय गुप्ता ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से वह जातीय जनगणना की वकालत करते हैं. इससे लोगों को लाभ मिलेगा. इसका राजनीतीकरण नहीं होना चाहिए. इसे सही तरीके से इसे लागू करने की जरूरत है. जातीय जनगणना के बाद सरकारी योजनाओं से उन लोगों को लाभ मिलेगा, जो अब तक किसी कारणवश वंचित रह गए हैं.

## किरीबुरु

### जातीय जनगणना समाज को बांटेगा : वीरेन्द्र मिश्रा



सेल के ठेकेदार सह समाजसेवी वीरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि जातीय जनगणना समाज को बांटने व आपसी विद्वेष उत्पन्न करने का कार्य करेगा. जातीय जनगणना से किसी भी जाति को विशेष लाभ नहीं होने वाला है. सरकारों को इससे ज्यादा जरूरी लोगों व क्षेत्र का विकास करते हुये तमाम बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने, अधिक से अधिक रोजगार का सृजन करे. जिनके परिवार में एक भी नौकरी करने वाले लोग नहीं हैं, वैसे परिवार के एक सदस्य को कम से कम नौकरी उपलब्ध करा कर उस परिवार के आर्थिक विकास की तरफ ध्यान देने की जरुरत है.

### बेरोजगारों की जनगणना कराए : अशोक मंडल



मेघाहातुबुरु के सेलकर्मी अशोक कुमार मंडल ने कहा कि एक तरफ सरकार समाज से धर्म व जाति के बीच की खाई को खत्म करने का प्रयास कर रही है. दूसरी तरफ वोट की गलत राजनीतिक के लिये जातीय जनगणना कराकर फिर से समाज को विभिन्न जातियों में बांटने का कार्य कर रही है. जातीय जनगणना सभ्य व शिक्षित समाज के लिये अभिशाप साबित होगा. समाज को विभिन्न जातियों में बांटकर कोई भी देश अथवा राज्य उन्नति नहीं कर सका है. सरकार को जातीय जनगणना के बजाए देश भर के शिक्षित बेरोजगारों की जनगणना करानी चाहिए, ताकि रोजगार की दिशा में सरकार के कार्यों की वास्तविक सच्चाई का पता चल सके.

### काली कमाई करने वालों की हो गणना : दयानंद



दयानन्द कुमार उर्फ बब्लू ने कहा कि सरकार जातीय जनगणना की जगह वैसे नेताओं व अधिकारियों की जनगणना कराये जिसने अपनी चल व अचल सम्पत्ति को काली कमाई से भर लिया है. देश से लेकर विदेशों तक के बैंकों में इनके पैसे पडे.हुये हैं. रिश्तेदारों के नाम पर अकूत संपत्ति व जमीन अवैध तरीके से खरीदे गये हैं. हम जहां रहते हैं वहां सभी जाति व धर्म के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं. जब हम कभी उनसे उनकी जाति नहीं पूछते हैं तो सरकार ऐसा कर क्यों हमें आपस में बांटने में लगी है.

## लातेहार

### जातीय जनगणना समय की मांग है: शत्रुघ्न प्रसाद



ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि जातीय जनगणना मौजूदा समय की आवश्यकता है. समाज के किस तबके के कितने लोग हैं और उन्हें क्या सुविधायें सरकार के द्वारा दी जा रही है, यह जानना आवश्यक है. आज भी ओबीसी समुदाय को वह हक व अधिकार नहीं मिला जो उसे मिलना चाहिए. लातेहार में 50 प्रतिशत से अधिक ओबीसी समुदाय के लोग हैं, लेकिन उन्हें जिले में आरक्षण नहीं मिला है. जातीय जनगणना होने से सरकार को अपनी योजनाएं बनाने में सहूलियत होगी.

### नीति निर्धारण में सहायक होती है. लाल मोहन



आदिवासी नेता लाल मोहन सिंह ने कहा कि जातीय जनगणना होनी चाहिए. इससे यह पता चल जाएगा कि किस समुदाय की कितनी आबादी है. इस आधार पर उनके लिए विकास योजनाए बनायी जा सकेंगी. समाज में जिस समुदाय के लोगों की संख्या कम होगी, सरकार उनके लिए अलग से योजनाएं बना कर उनका विकास कर पायेंगी. इससे सामाजिक संतुलन बना रहेगा.इसलिए सरकार को जातिगत जनगणना करानी चाहिए.

## गिरिडीह

### जातीय जनगणना होनी चाहिए : रामेश्वर महतो



अभिभावक एकता मंच के रामेश्वर महतो ने कहा कि बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए . इससे किस जाति की कितनी आबादी है वह पता चल सकेगा. जातीय जनगणना के बाद आबादी के अनुसार सभी जातियों को आरक्षण का लाभ मिल सकेगा.

### जातीय जनगणना बहुत जरूरी : शंभू वर्मा



_शंभू वर्मा ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना बहुत ही जरूरी है . झारखंड में रहने वाले सभी जातियों की जनसंख्या कितनी है उसका पता चलना चाहिए .लंबे समय से झारखंड में जातीय जनगणना की मांग होती रही है . जातीय जनगणना होने से आरक्षण का दायरा बढ़ेगा और विकास की गति तेज होगी.

### झारखंड में भी मांग बढ़ने लगी है : मो. शमीम



मो. शमीम ने कहा कि बिहार की तरह झारखंड में भी जातीय जनगणना जरूरी है . बिहार में जातीय जनगणना होने से झारखंड में भी इसकी मांग बढ़ने लगी है . जातीय जनगणना होने से राज्य और राज्य के वासियों को कई तरह का लाभ मिलेगा . उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब जातीय जनगणना करवाने की मांग की है.

### जातियों की संख्या सार्वजनिक होगी : उमेश तिवारी



गिरिडीह निवासी उमेश तिवारी ने कहा कि झारखंड में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए. इससे कई तरह के लाभ होंगे . वर्तमान में कई जाति के नेता अपनी संख्या को ज्यादा बताकर आरक्षण की मांग करते हैं. जनगणना के बाद सभी जातियों की संख्या सार्वजनिक हो जायेगी.इससे सभी जातियों को लाभ मिलेगा.इसलिए जातिगत गणना जरुरी है.

## धनबाद

### बिहार की तर्ज पर हो जातिगत गणना : अखिलेश



अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा के जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार गुप्ता ने कहा कि बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातिगत जनगणना होनी चाहिए. इससे पता चलेगा कि झारखंड में किस जाति के कितने लोग हैं. साथ ही सरकार की योजनाओं में जाति आधार पर भी लाभ मिलना चाहिए. इसके अलावा सरकारी सिस्टम को भी दुरुस्त करना होगा. तभी हर जाति को लाभ मिलेगा.

### यह समाज को बांटने वाली नीति : प्रदीप कुमार

राजपूत विचार मंच के सदस्य प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि जातिगत जनगणना समाज को बांटने वाली नीति है. इससे न तो राज्य का विकास होगा और न ही देश का कोई भला होगा. बिहार में जातीय समीकरण सबसे अधिक है. इसलिए वहां जातिगत गणना की गई है. भारत में जाति के आधार पर या योग्यता के आधार पर नौकरी मिलती है.

### जातिगत गणना से सहमत नहीं : रवि भूषण

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष रवि भूषण श्रीवास्तव ने कहा कि वह जातिगत जनगणना से सहमत नहीं है और उसके पूरी तरह खिलाफ है. जातिगत जनगणना समाज को बांटने वाला काम है. इससे न तो राज्य का भला हो सकता है और न ही किसी विशेष जाति को लाभ होने वाला है. अगर कोई काम करना है तो देश के हित में काम करना चाहिए. देश के विकास के लिए काम करना चाहिए. जातिगत जनगणना से मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाएगा.

### जातिगत गणना देश को तोड़ने वाली : विजय सिंह

हीरापुर के विजय सिंह ने कहा कि जातिगत जनगणना देश को तोड़ने वाली नीति है. अगर कोई काम करना है तो देश के विकास के लिए काम करना चाहिए. सिस्टम को दुरुस्त करना चाहिए. हर सरकारी विभाग में घोटाला होता है. बगैर रिश्वत दिए कोई काम नहीं होता है. हर विभाग को दुरुस्त करने की जरूरत है. हर क्षेत्र में विकास होना चाहिए. जातिगत जनगणना समाज को बांटने वाला काम है.

## बेरमो

### झारखंड में भी हो जातिगत जनगणना : अफजल

यूनाइटेड मिल्ली फोरम के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस ने कहा कि जाति भारतीय समाज का एक अभिन्न अंग है, जो सामाजिक संबंधों, आर्थिक अवसरों और राजनीतिक गतिशीलता को प्रभावित करती है. जातिगत जनगणना विभिन्न जाति समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों और आवश्यकताओं के बारे में सूचना प्रदान कर इस संबंध में मदद कर सकती है. यह नीति निर्माताओं को ऐसी नीतियों के निर्माण में मार्गदर्शन प्रदान कर सकती है जो प्रत्येक समूह की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करे और इस प्रकार समावेशी विकास को बढ़ावा दे.

### सरकार के पास गरीबों की सूची होगी : गुलाब

दामोदर बचाओ अभियान के संयोजक गुलाब चंद्रा ने कहा कि देश में जाति एक सच्चाई है. इससे इंकार नहीं किया जा सकता. इसलिए जाति जनगणना होनी चाहिए. इससे इस बात की जानकारी हो जाएगी कि किस जाति के लोग कितने हैं. उसमें कितने अमीर हैं कितने गरीब हैं. सरकार के पास जाति के अनुसार गरीबों की सूची होगी. उसके विकास के लिए जो योजनाएं बनाई जाएगी, जिससे सही गरीब को लाभ मिल सके. इस उद्देश्य के साथ जाति जनगणना हो.

### पाठक जातीय जनगणना पर अपनी राय दें

बिहार में जातीय जनगणना कराए जाने के बाद अब झारखंड में भी जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही है. झारखंड में झामुमो सहित की राजनीतिक पार्टियों ने जातीय जनगणना की वकालत की. जातीय जनगणना को लेकर झारखंड में सियासत में भी हलचल है. झारखंड में जातीय जनगणना कराना जरूरी है या नहीं, इस पर राजनीतिक-सामाजिक संगठनों के साथ ही आम लोग, विभिन्न समाज के अगुवा भी अपनी राय भेज सकते हैं.

**नोट** पाठक 50 से 75 शब्दों में अपनी राय नाम, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो के साथ वाट्स एप नंबर 8102917469 पर भेजें. आपकी राय 18 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित की जाएगी.

### राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार के खिलाफ बाबूलाल मंराडी ने शुरू की थी यात्रा

# 28 को रांची में बाबूलाल की संकल्प यात्रा का समापन होगा

**विशेष संवाददाता। रांची**

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का समापन 28 अक्टूबर को छह विधानसभा की रैली सह संयुक्त सभा के साथ होगी. इस कार्यक्रम में रांची जिले के अंतर्गत पड़ने वाले छह विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, खिजरी, मांडर और तमाड़ के नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे. यह सभा रांची के हरमू मैदान में होगी. यह जानकारी यात्रा के संयोजक एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी. वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की नाकामियों, विफलताओं, राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, खनिजों की लूट, तुष्टिकरण के खिलाफ 17 अगस्त से प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल के नेतृत्व में संकल्प यात्रा प्रारंभ हुई थी. मरांडी ने राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में जाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए राज्य की स्थिति को बताने का संकल्प लिया था. लेकिन, प्रदेश अध्यक्ष की यह



संकल्प यात्रा जनता के अपार समर्थन से जन संकल्प यात्रा में बदल गई.

**आठ चरणों में 71 विधानसभा में हो चुकी है यात्रा :** उन्होंने बताया कि अब तक 71 विधानसभा क्षेत्र में यह यात्रा आठ चरणों में संपन्न हो चुकी है.

**खास बातें**
- छह विधानसभा क्षेत्रों के नेता व कार्यकर्ता होंगे शामिल
- रांची के हरमू मैदान में होगी यह सभा

बरसात के मौसम में भी जिस प्रकार से जनता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को सुनने के लिए उमड़ी, उससे स्पष्ट है कि जनता हेमंत सरकार के कारनामों से ऊब चुकी है. डॉ वर्मा ने बताया कि

#### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम चलाया जा रहा

डॉ वर्मा ने बताया कि संकल्प यात्रा के साथ ही पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम भी चलाया जा रहा था, जिसमें अमृत वाटिका के निर्माण हेतु गांव-गांव से मिट्टी, शहीद स्थल, शहीदों के गांव, ऐतिहासिक स्थलों से कलश में भरकर मिट्टी संग्रह की गई है. ऐसे सभी 263 प्रखंड और 49 नगर निकाय क्षेत्र को मिलाकर 312 कलश 28 अक्टूबर को सम्मानपूर्वक हरमू मैदान पहुंचेंगे, जिन्हें दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा. यह संयुक्त कार्यक्रम राज्य की सवा तीन करोड़ जनता को एक नया संदेश और नई प्रेरणा से भर देगा.

अभी दशहरा के कारण यात्रा अवकाश है. 28 अक्टूबर को रांची के हरमू मैदान में यात्रा का समापन कार्यक्रम होगा. बताया कि समापन कार्यक्रम में रांची, हटिया, कांके, मांडर, खिजरी और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त सभा होगी, जिसमे हजारों कार्यकर्ता और जनता जुटेगी.

### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

झारखंड में बहने वाली किस नदी को ' बंगाल का शोक ' कहा जाता है ?
**-दामोदर नदी**

झारखंड में एलुमिनियम उद्योग की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?
**-1937**

झारखंड के किस जिले में ' राजमहल कौशल अभयारण्य ' स्थित है ?
**-साहेबगंज**

झारखंड के किस जिले में ' बिरसा भगवान जैविक उद्यान ' स्थित है ?
**-रांची**

झारखंड में मराठों का आक्रमण सर्वप्रथम कब शुरू हुआ ?
**-1741**

झारखंड राज्य के किस जिले में सोनपुरा रियासत स्थित है ?
**-पलामू**

झारखंड राज्य में निवास करने वाले किस जनजाति के लोग पंचायत को पचेरा कहकर संबोधित करते हैं ?
**-उरांव**

झारखंड राज्य में कुल कितने अनुमण्डल है ?
**-35**

झारखंड में पहला वृत्तचित्र किस वर्ष बनाया गया था ?
**-1954**

### ब्रीफ खबरें

#### मुखिया पार्वती मुर्मू ने बीडीओ का किया स्वागत

**घाटशिला।** पावड़ा पंचायत की मुखिया पार्वती मुर्मू के नेतृत्व में घाटशिला की प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा का सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में मेंमेटो देकर स्वागत किया. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने मुखिया सहित वार्ड सदस्यों का आभार व्यक्त किया. ज्ञात हो की पिछले दिनों नए प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में युनिका शर्मा ने योगदान दी है. पहली बार पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्यों ने औपचारिक मुलाकात करने कार्यालय पहुंची थी. स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य दीपाली सीट, सुखदेव टुडू, दिनेश मुर्मू, जैस्मिन हेंब्रम शामिल थे.

#### कैंपा के मजदूरों को कई माह से नहीं मिला मानदेय

**जमशेदपुर।** प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (कैंपा) प्लांटेशन में लगे मजदूरों को कई माह से मानदेय नहीं मिला. इसको लेकर सोमवार को मजदूर सोनारी स्थित वन विभाग के कार्यालय पहुंचे, जहां दलमा डीएफओ के समक्ष आपनी समस्याओं को रखा. मजदूरों ने बताया कि वे लोग कैंपा के तहत प्लांटेशन करते हैं. लगभग 500 से ज्यादा मजदूर इस काम में लगे हुए हैं. सभी मजदूरों का दो से तीन माह का मानदेय लंबित है. मानदेय नहीं मिलने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है तथा आर्थिक स्थिति भी खराब हो चुकी है.

#### शाखा विस्तार यातायात निरीक्षक की बैठक

**चंदवा।** आल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के बरवाडीह ब्रांच का संरक्षा और शाखा विस्तार यातायात निरीक्षक की बैठक अधीक्षक रंजीत कुमार की अध्यक्षता में रविवार को टोरी स्टेशन कक्ष में किया गया. उन्होंने कहा की रेल देश की लाइफ लाइन है, इसका संरक्षा के साथ परिचालन बहुत आवश्यक है, बिना संरक्षा के रेल परिचालन से बड़ी दुर्घटना हो सकती है.

#### टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार वितरित

**कथारा।** केबी कॉलेज बेरमो में नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा और कॉलेज परिवार के द्वारा टीबी रोगियों के बीच पोषाहार वितरण किया गया. छह महीने से लगातार पांच टीबी रोगियों को गोद लेकर के बी कॉलेज पोषाहार का वितरण कर रही है. पौष्टिक आहार टीबी रोगियों को बीमारी से निजात दिलवाने में मदद करती है. पोषाहार किट में प्रति रोगी तीन किलो दाल, डेढ़ किलो चना, एक किलो बादाम, एक किलो गुड़, एक किलो सरसों तेल शामिल है.

### विभिन्न प्रखंडों में घूम-घूम कर प्रचार-प्रसार करेगा जागरुकता रथ

# बाल विवाह गंभीर मुद्दा : डीसी

**संवाददाता। हजारीबाग**

समाहरणालय परिसर से बाल विवाह से आजादी अभियान जागरुकता रथ को डीसी नैंसी सहाय ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह जागरुकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में घूम-घूम कर बाल विवाह से होने वाली बुराइयों के बारे में प्रचार-प्रसार करेगी. मौके पर डीसी ने कहा कि बाल विवाह अत्यंत गंभीर मुद्दा है, जिस पर रोक लगाने के लिए जमीनी स्तर पर जनमानस को जागरूक करते हुए जिले में बाल विवाह के विरुद्ध सकारात्मक माहौल तैयार किया जा रहा है.

सरकार के निर्देशानुसार जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि बाल विवाह से आजादी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें तथा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाएं. जिले में बाल विवाह से संबंधित घटना की सूचना जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को देने की अपील लोगों से की गई. बता दें कि बाल विवाह से आजादी कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, बालगृह, बाल विकास परियोजना कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, जिले के विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं आदि से बाल विवाह की रोकथाम के लिए शपथ ग्रहण, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, प्रभातफेरी जैसे कार्यक्रम किए गए.

**निकाली गई जन जागरुकता पदयात्रा :** जिले के झील परिसर से झंडा चौक तक बाल विवाह की रोकथाम के लिए जन जागरुकता पदयात्रा भी निकाली गई. मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, सदर एसडीओ विद्याभूषण, जिला बाल सरंक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद, प्रणव तिवारी, सतीश कुमार रजक, अभिषेक कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, संगीता कुमारी, नागेन्द्र कुमार, उमेश कुमार, धर्मवीर धीरज, विजय कुमार रविदास जयंत कुमार सहित बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं जनसेवा परिषद् के प्रतिनिधि एवं कर्मी उपस्थित थे.



जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं डीसी.

**खास बातें**
- हजारीबाग में बाल विवाह से आजादी अभियान शुरू
- अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें

#### टाटीझरिया में बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला, ली शपथ

**दारू।** बाल विवाह से आजादी अभियान के तहत जन सहयोग केंद्र की अगुवाई में स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाई. टाटीझरिया की बेड़म पंचायत के मवि परतंगा, नवप्रावि खैरकोचा, मवि मंगरपट्टा, नवप्रावि जोभीसिमरा, नवप्रावि चोंचा, नवप्रावि चुड़को, नवप्रावि हेसाकोचा, टाटीझरिया पंचायत के मवि मुरकी, नवप्रावि बिसाय, डूमर पंचायत के नवप्रावि हाथीबार, नवप्रावि भदईकटवा, मवि बेड़म, नवप्रावि जेरूवाडीह तथा विष्णुगढ़ की खरना पंचायत के नवप्रावि जावाबारी के सभी शिक्षक, हितधारकों, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, वार्ड सदस्य आदि शामिल हुए. बच्चों ने गांवों में प्रभातफेरी निकाल बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ली. इस कार्यक्रम को राज्य स्तर पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेनस फाउंडेशन ने नेतृत्व प्रदान किया. इसे राज्य सरकार ने भी आयोजित कराया. दसरा रेबिल्ड इंडिया फंड के सहयोग से टाटीझरिया एवं विष्णुगढ़ प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायतों में भी यह कार्यक्रम चला.

#### बाल विवाह रोकने के लिए लोगों को किया जागरूक

**चलकुशा।** चलकुशा प्रखंड मुख्यालय के निकट बाल विवाह रोकथाम के लिए लोगों को शपथ दिलाई गई तथा बाल विवाह रोकथाम करने एवं लोगों को जागरूक करने के लिए प्रखंड मुख्यालय से चलकुशा थाने तक मानव श्रृंखला बनाई गई. मानव श्रृंखला बनाने में होली एंजेल पब्लिक स्कूल चलकुशा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय चलकुशा आदि के बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों, आंगनबाड़ी कर्मियों, प्रखंड व आंचल कर्मियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का नेतृत्व बीइइओ किशोर कुमार ने किया.

#### अग्रसेन जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**बोकारो।** अग्रसेन जयंती पर मारवाड़ी पंचायत ने सभी समाज के संस्थानों के साथ मिलकर सोमवार को चास के गरगा पुल काली मंदिर से श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर तक शोभयात्रा निकाली. शोभयात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने अग्रसेन जी महाराज के जयकारे लगाए. इस दौरान मंदिर प्रांगण में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया. इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं. मौके पर मारवाड़ी पंचायत के अध्यक्ष डॉ रतन केजरीवाल, सचिव विकास अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक हनुमान पिलानिया, जयप्रकाश तापड़िया, मुकेश भगेरिया, गोपाल टमकोरिया, राज केजरीवाल, दीपू अग्रवाल, संजय गोयल, पंकज बंसल, निरंजन पिपुरिया, प्रदीप पी पुरिया, अनूप अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, अग्रवाल आदि लोग मौजूद थे.

## नामजद आरोपी एकलव्य की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**संवाददाता। धनबाद**

जनता मजदूर संघ कुंती गुट के नेता अविनाश सिंह उर्फ सोनू पर जानलेवा हमला करने के मामले के नामजद आरोपी पूर्व डिप्टी मेयर एकलव्य सिंह की अग्रीम जमानत अर्जी सोमवार को खारिज कर दी है. जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में आज जमानत की अर्जी पर सुनवाई हुई. अदालत के आदेश पर पुलिस कांड दैनिकी प्रस्तुत किया.

अदालत में वरीय अधिवक्ता समर श्रीवास्तव द्वारा एकलव्य सिंह के पक्ष में बहस की गई, जबकि अभियोजन पक्ष से अपर लोक अभियोजक समिति प्रकाश व वादी की ओर से वरीय अधिवक्ता अभय कुमार भट्ट द्वारा अग्रिम जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया गया. प्राथमिकी सोनू के भाई राहुल सिंह की शिकायत पर तिसरा थाने में 10 जनवरी 23 को एक्लव्य सिंह, सत्यम रिटोलिया, राजू खान समेत छह सात अज्ञात के विरुद्ध दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 8 जनवरी 2023 की रात करीब 11:30 बजे सोनू सिंह ,राहुल सिंह अपने स्कॉर्पियो गाड़ी से जयरामपुर से झरिया जरूरी काम से जा रहा था. इसी बीच रास्ते में एकलव्य सिंह ने अपनी पिस्तौल से अविनाश सिंह पर सामने से फायर कर दिया. गोली सामने के शीशा को छेदते हुए अविनाश के चेहरे पर लगी, जिससे वह जख्मी होकर सीट पर लुढ़क गया. फायरिंग करने के बाद सभी वहां से बलियापुर की तरफ भाग गए. इस मामले में सत्यम रितोलिया की अग्रिम जमानत अर्जित पूर्व में ही अदालत द्वारा खारिज कर दी गई थी.

## स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता। कोडरमा**

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के तत्वाधान में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 कार्यक्रम का अयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के बीएड सत्र 2022-24 एवं 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग लिया. इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आदर्श जीवन के लिए शारिरिक फिटनेस बहुत जरुरी है. हमें अपने सांसारिक जीवन में अपने फिटनेस के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए. कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी, कोडरमा ,सौरभ शर्मा ने इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन की सफलता का राज हमारी बेहतर फिटनेस है. हम सभी को अपनी दैनिक दिनचर्या में शारीरिक व्यायाम को प्राथमिकता देना चाहिए. कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं को फल वितरण भी किया गया. इस अवसर महाविद्यालय के प्रशिक्षु उमेश दांगी, सूरज, नेहा, पूजा, जितेंद्र,रजनी कुमारी, शम्मा प्रवीण, सचिन , सोहेल, सुप्रिया, रिंकेश कुमार,शशांक सोनकर, सुधीर कुमार, , सूरज कुमार, रंजीत कुमार, राजन कुमार, दिव्या , सुनील, निराला, ज्योति प्रसाद, रेणु, कलावती, अनुराधा, सोनाली कुमारी, अंजलि कुमारी, प्रिया कुमारी, सुनीता कुमारी ,अनिता कुमारी ,अमित कुमार, अनामिका कुमारी, सुनील कुमार, लक्ष्मन कुमार, सीमा कुमारी जितेंद्र कुमार, अन्य एवं सभी सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे.



### विभावि में लैंगिक संवेदीकरण पर कार्यशाला का आयोजन

# हर स्त्री के पास है ताकत : डॉ रंजना

**संवाददाता। हजारीबाग**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से सोमवार को लैंगिक संवेदीकरण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ के रूप में रांची विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक डॉ रंजना श्रीवास्तव ने लैंगिक समानता के बारे में भूतकाल से अब तक के विभिन्न चरण बताए तथा उन्होंने कहा कि महिलाओं को सर्वप्रथम समानता के नाम पर सहायता दी जाती थी और अब महिला सशक्तीकरण की बात हो रही है. महिलाओं को अपनी शक्ति समझने की आवश्यकता है.

हर स्त्री के पास ताकत है, उसे बस अपनी ताकत पहचानने की आवश्यकता है. कार्यशाला को संबोधित करते हुए केंद्र की समन्वयक डॉ ममता ने लैंगिक संवेदीकरण का अर्थ, महत्व, आवश्यकता और वास्तविक स्थिति को बताया. उन्होंने बताया कि कैसे किसी परिवार में स्त्री की आय प्राथमिक आय नहीं मानी जाती और कैसे दैनिक जीवन में स्त्रियों को विभिन्न लैंगिक असमानता जनित समस्याओं का सामना करना पड़ता है. इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ इफ्शा खुर्शीद ने स्वागत भाषण के साथ किया. अपने संभाषण में उन्होंने कहा कि राष्ट्र की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब महिलाओं तथा पुरुषों को समान रूप से महत्व दिया जाए. विषय प्रवेश करते हुए विभाग के शोधार्थी पुष्कर कुमार पुष्प ने कहा कि लैंगिक असमानता व्यवहार से पहले दिमाग में आता है. हमें हमारी मानसिकता बदलने की आवश्यकता है तथा लैंगिक समानता में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका परिवार की है.



**खास बातें**
- महिलाओं को अपनी ताकत पहचानने की आवश्यकता
- शोधार्थियों को दिखाई गई फिल्म दैट डे आफ्टर एवरी डे

#### मजदूर नेताओं ने निलंबन को लेकर जताया आक्रोश

**बोकारो।** क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ की बैठक सोमवार को बोकारो के सेक्टर 9 स्थित प्रधान कार्यालय में हुई. बैठक में सेल अनाधिशासी कर्मचारियों ने बोनस की मांग को लेकर दुर्गापुर इस्पात संयंत्र में प्रदर्शन कर रहे दो मजदूर नेताओं एचएमएस के सुकांतो रक्षित एवं सीटू के सीमांत चटर्जी के निलंबन को लेकर दुर्गापुर इस्पात संयंत्र एवं सेल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया. बैठक को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री सह सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान सेल प्रबंधन मजदूरों के प्रति जितनी निरंकुश है, वो ऐतिहासिक है. एक तरफ मजदूर काफी मेहनत कर उत्पादन का रिकॉर्ड बना रहे है, तो दूसरी ओर प्रबंधन लोकतांत्रिक रूप से अपने हक के लिए आवाज उठाने वाले मजदूरों के दमन के लिए नयी-नयी तरकीब अपना रही है. उन्होंने कहा कि निरंकुश प्रबंधन को यह ज्ञात होना चाहिए कि मजदूर जब आंदोलन पर आते हैं तो तख्त भी पलट देते हैं.

## विधायक निधि से हुआ बोड़ाम व पटमदा में सड़क का शिलान्यास



**संवाददाता। जमशेदपुर**

जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को बोड़ाम प्रखंड के लायलाम पंचायत के रापचा गांव में विधायक निधि से प्यारा सिंह के घर से हारा मांझी के घर तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. वहीं पटमदा प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत लछिपुर पंचायत के नहचीबेड़ा से लछिपुर जानेवाले रास्ते में पुल निर्माण और पटमदा प्रखंड कुमहीर मोहुलतोल में कुमहीर नाला पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. मौके पर विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार में क्षेत्र के हर हिस्से में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य हो रहा है. इस अवसर पर ग्राम प्रधान हरी सिंह, देवेन सिंह, कृष्णा तंतुबाई, गुहिराम सिंह, प्यारा सिंह, रंजीत सोरेन, रवींद्र सिंह, प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, ईशान गोप, साधु भूमिज, काजल सिंह, बिनय मंडल, मानिक महतो, दिलीप सोरेन, स्वपन महतो, विष्णु गोराई, संजय सिंह, मिलन दास आदि ग्रामीण उपस्थित थे.

#### एशिया के सबसे गर्म जलकुंड को पर्यटक स्थल के रूप में किया जाएगा विकसित

**हजारीबाग/बरकट्ठा।** एशिया के सबसे गर्म जल कुंड बरकट्ठा को विकसित करने के लिए तैयारी चल रही है. बरकट्ठा विधायक अमित यादव की पहल पर डीडीसी प्रेरणा दीक्षित ने सोमवार को गर्म जल कुंड का निरीक्षण किया. यह उम्मीद लगाई जा रही है कि 10 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य यहां धरातल पर उतारे जाएंगे. बरकट्ठा स्थित सूर्यकुंड एक कैटेगरी टूरिस्ट प्लेस के रूप में सरकार के लिस्ट में अंकित है. यहां जिला स्तर से ही 10 करोड़ रुपए तक का डीपीआर बनाकर इसे विकसित किया जा सकता है. इसके लिए हजारीबाग उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने स्थानीय विधायक अमित यादव की पहल पर सूर्यकुंड का भौतिक निरीक्षण किया. निरीक्षण करने के बाद उप विकास आयुक्त ने बताया कि बहुत जल्द ही सूर्य कुंड को विकसित किया जाएगा.

**कार्यक्रम**

### डीएसपीएमयू के ईएलएल विभाग में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

# मानवीय संवेदनाओं तक पहुंचना शिक्षा का उद्देश्य : राजलक्ष्मी

**संवाददाता। रांची**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के ईएलएल डिपार्टमेंट में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ये इंडक्शन कार्यक्रम स्नातक सत्र 2023-27 के छात्रों के लिए किया था, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राजलक्ष्मी सहाय और प्रो. प्रकाश सहाय शामिल रहे. वहीं, कार्यक्रम का नेतृत्व ईएलएल के कॉडिनेटर डॉ. विनय भरत ने किया. कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम में शामिल हुई राजलक्ष्मी ने कहा कि ईश्वर और प्रकृति से अगर आप एकात्म हो जाते हैं तो फिर जिंदगी में सबकुछ सरल सहज उपलब्ध हो जाता है.



**हरेक विधा के लिए एक इष्टदेव :** शिक्षा का उद्देश्य महज अंक प्राप्ति कर नौकरी लेना नहीं है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं तक पहुंचना है. उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में हरेक विधा के लिए एक इष्टदेव हैं. शल्य चिकित्सा के लिए गणेश, अर्थ के लिए लक्ष्मी और राजनीति के लिए कृष्ण.

**खास बातें**
- शिक्षक का काम पढ़ाना नहीं, छात्रों को दिशा देना है
- कार्यक्रम का नेतृत्व ईएलएल के कॉडिनेटर डॉ विनय ने किया

#### विभाग में बेहतरीन शैक्षणिक माहौल कायम

डॉ विनय भरत ने बताया कि ईएलएल विभाग ने महज तीन साल में एक अच्छी शिक्षकों की टीम की मदद से विभाग में बेहतरीन शैक्षणिक माहौल कायम किया है. अनुशासन की मिसाल कायम की है. नतीजतन आज विभाग ने सवा करोड़ का राजस्व विश्वविद्यालय मद में दे चुका है और छात्राओं की संख्या 50% से बढ़कर 60% हो गई है. इस कार्यक्रम में श्वेता गौरव,सौरभ मुखर्जी ,रंजना,शुभांगी रोहतगी, मानसी विश्वास, सुरभि कुमारी, ईशा सिंह, अनामिका सोरेन, तन्वी बद्रियार, अंजलि राधारानी, पूजा कुमारी, अर्चना कुमारी शामिल रहीं.

#### कब, कहां, कैसे, जिज्ञासा के मूल प्रश्न

प्रो प्रकाश सहाय ने कहा कि कब, कहां और कैसे – ये जिज्ञासा के मूल प्रश्न हैं. शिक्षा इन्हीं प्रश्नों की खोज है. इसलिए आप शिक्षक से प्रश्न करें. प्रश्न का होना ही विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ी चिंता है. उन्होंने कहा कि शिक्षक का काम पढ़ाना नहीं, छात्रों को दिशा देना है.

## प्रदर्शन के मूड में राशन कार्डधारी

**संवाददाता। चांडिल**

राशन से वंचित कार्डधारियों के प्रखंड व अनुमंडल मुख्यालय में विरोध-प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग का कोई असर दिखाई नहीं पड़ रहा है. पदाधिकारियों का आश्वासन भी गरीबों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है. प्रखंड के बाद अनुमंडल मुख्यालय में विरोध-प्रदर्शन करने के बाद भी राशन नहीं मिलने पर अब कार्डधारी उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं. कार्डधारियों का आरोप है कि मिलीभगत से ही गरीबों को मिलने वाली राशन की कालाबाजारी की जाती है. दरअसल, राशन नहीं मिलने की शिकायत लेकर 29 सितंबर को कुकड़ू प्रखंड के चानो, हेडेमुली व डेरे के 477 कार्डधारी अनुमंडल मुख्यालय पहुंचकर विरोध-प्रदर्शन किया था. विरेध-प्रदर्शन के बाद कार्डधारियों ने अनुमंडल पदाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपाकर मामले की जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की थी.



**477 कार्डधारियों को दो माह का नहीं मिला राशन :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जन वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले राशन वितरण में अनियमितता को लेकर हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है. 29 सितंबर को कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के तीन गांव के महिला-पुरुष 477 कार्डधारी चार ट्रैक्टर पर सवार होकर अनुमंडल मुख्यालय पहुंचे थे और राशन डीलर की करतूतों की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी को दी. कार्डधारियों ने बताया कि उन्हें जुलाई व अगस्त माह का राशन नहीं दिया गया है. दो बार अंगूठे का निशान लेकर एक बार का राशन देने की जानकारी भी दी थी. उस समय कार्डधारियों की बातों को सुनने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा ने कहा कि गरीबों को मिलने वाले राशन को कोई नहीं खा सकता.

▼ ब्रीफ खबरें

### पुलिस ने गिरोह के दो शख्स को दबोचा

**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर में 5 अक्टूबर को बैंक से करीब साढ़े तीन लाख रुपये लेकर जा रहे एक शख्स से लूट का मामला काफी सुर्खियों में रहा. पहले लुटेरों ने शख्स पर थूक फेंका, फिर सॉरी बोल उसके कपड़े साफ करने के बहाने उसके झोले से पैसे लेकर गायब हो गए. वहीं अब इस मामले में समस्तीपुर पुलिस ने जो खुलासा किया उसके अनुसार यह थूक फेंको फिर सॉरी बोल लूटने वाला गिरोह कई जिलों में एक्टिव है. डीएसपी के अनुसार लोगों को किसी तरह झांसा देकर लूटने वाले दो सदस्यों को गोपालगंज और बेगूसराय से गिरफ्तार किया है.

### ट्रेन हादसे के छठे दिन शुरू होगा परिचालन

**बक्सर ।** जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर 11 अक्टूबर को हुए भीषण रेल दुर्घटना के छठे दिन भी पूरी तरह से रेल परिचालन सामान्य रूप से नहीं हो रहा है. इसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बक्सर के स्टेशन मास्टर राजन कुमार ने बताया कि बीच बीच में मेगा ब्लॉक लगाकर जो कमी है, उसे दूर किया जा रहा है. सुबह कई ट्रेन को डाउन लाइन से रवाना किया गया है. सोमवार सुबह से कई ट्रेन रवाना हुई है. हावड़ा दिल्ली के बीच सोमवार सुबह से नियमित रूप से ट्रेनें चल रही हैं.

### तस्करी मामले में दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**अररिया ।** सिकटी प्रखंड के पुलिस ने छापेमारी कर मद्य निषेध के सब इंस्पेक्टर और एएसआई को दबोचा है. इनके साथ दो तस्कर भी गिरफ्तार किए गए है. तलाशी में नेपाली शराब की 68 बोतल मद्य निषेध कैंप के पीछे से बरामद किया गया. बैंच नंबर से मिलान करने पर एक ही बैच नंबर पाया गया. जिस कारण मद्य निषेध के एसआई सह कैंप प्रभारी भूपेन्द्र कुमार सिंह और एएसआई दिनेश कुमार सहित शराब तस्कर पलासी थाना क्षेत्र के भटगांव निवासी संतोष मंडल व दिलीप मंडल को सिकटी थाना पर लाया गया. जिसे आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है.

# मनियार मठ के जीर्णोद्धार का काम शुरू करेगा एएसआई

- यह एक बेलनाकार मंदिर है. ऐसा कहा जाता है कि यह राजगृह के देवता मणिनाग का मंदिर है

**अधीक्षण पुरातत्वविद गौतमी भट्टाचार्य ने बताया, हम जल्द ही मठ का संरक्षण करेंगे**

**संवाददाता । पटना**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने नालंदा जिले के राजगीर में स्थित गुप्त काल की एक प्राचीन संरचना मनियार मठ के संरक्षण के लिए प्रयास शुरू करने का फैसला किया है. अधिकारियों ने बताया कि प्राचीन मठ को नया जीवन देने के लिए एएसआई जल्द ही संरक्षण कार्य शुरू करेगा.

पुराने शहर राजगृह के लगभग मध्य में स्थित, मनियार मठ एक रहस्यमय पूजा स्थल है जो नागा शीलभद्र को समर्पित माना जाता है और कुछ समय पहले एक बौद्ध स्तूप भी रहा है. बेलनाकार स्तूप को स्थानीय लोग 'शुभ कुआं' मानते हैं जहां वे नाग देवता की पूजा कर अपने सुखी जीवन की कामना करते हैं. एएसआई, पटना सर्कल की अधीक्षण पुरातत्वविद गौतमी भट्टाचार्य ने बताया, हम जल्द ही मठ का संरक्षण करेंगे. हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होगा कि इसका मूल स्वरूप बरकरार रहे.

उन्होंने कहा कि एएसआई ने हाल ही में राजगीर के महादेव मंदिर में संरक्षण कार्य पूरा किया है. भट्टाचार्य ने कहा, मनियार मठ में वेदी, चबूतरे, मंदिर आदि संभवतः नाग पूजा से संबंधित धार्मिक रस्मों और अनुष्ठान



के लिए बनाए गए थे. यह एक बेलनाकार मंदिर है. ऐसा कहा जाता है कि यह राजगृह के देवता मणिनाग का मंदिर है. पाली ग्रंथों में इसे मणिमाला चैत्य कहा गया है, जबकि महाभारत में मणिनाग मंदिर का उल्लेख है. उन्होंने कहा कि चित्रों की कला शैली से यह संरचना गुप्त काल की प्रतीत होती है. भट्टाचार्य ने कहा, हमने राजगीर में स्थित 'जरासंध की बैठका' का संरक्षण कार्य भी पूरा कर लिया है. पुरातत्वविदों के अनुसार, मगध के राजा जरासंध की राजधानी राजगीर थी. महाभारत के अनुसार, यह वह जगह है जहां जरासंध से लड़ते हुए भीम ने उनके शरीर के दो हिस्से किए थे और उसे दोबारा जुड़ने से रोकने के लिए दो विपरीत दिशाओं में फेंक दिया था. इस तरह जरासंध मारा गया था.

राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) ने हाल ही में केंद्रीय संरक्षित स्मारकों-राजगीर (नालंदा) में प्राचीन संरक्षित दीवारों से घिरे क्षेत्रों के भीतर प्राचीन संरचनाओं और अन्य स्मारकों/अवशेषों के संरक्षण और विकास के लिए मसौदा विरासत उपनियम जारी किए हैं. राजगीर में संरक्षित स्थलों में कई स्मारक और प्राचीन अवशेष हैं, जिनमें से ज्यादातर खंडहर में तब्दील हो चुके मंदिरों और पत्थरों की संरचनाएं हैं. इनमें जरासंध का अखाड़ा (युद्धभूमि), बिम्बिसार जेल (कैदी का घर), जैन मंदिर, महादेव मंदिर, सोन भंडार गुफा, मनियार मठ, जीवकाम्रवन, रथ के पहिए के निशान और शंख, नए उत्खनन से प्राप्त स्तूप आदि शामिल हैं. राजगीर के स्मारक ज्यादातर मौर्यकालीन ईंटों, पत्थर के मलबे, मिट्टी और ईंट जेली से बने हैं.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- बिहार का राज्यचिन्ह क्या है – बोधिवृक्ष
- भारत और किस देश ने 'इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज' का उद्घाटन किया है – ब्रिटेन
- सुनील गंगोपाध्याय का पहला उपन्यास कौन था – आत्मोप्रकाश
- विश्व का सबसे लंबा महाकाव्य कौन है – महाभारत
- किस देश ने फीबा बास्केटबॉल विश्वकप 2023 का खिताब जीता – जर्मनी
- बिहार के जीटी रोड का क्या नाम है – एनएच 2
- कंथक का गौतम बुद्ध के जीवन में क्या संबंध था – घोड़ा
- नाचने वाला हिरन भारत के किस प्रदेश में पाया जाता है – मणिपुर
- पावरपॉइंट सॉफ्टवेयर किसने बनाया था – डेनिस ऑस्टिन
- औरंगजेब के समय पटना का नाम क्या रखा गया – अजीमाबाद
- लखनऊ में पहली बार क्या आयोजित की गई – ट्रांसजेंडर प्राइड वॉक
- बिहार में पहली बार विधानसभा चुनाव कब हुआ – 1937

### मिल के गेट पर अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को दिया अंजाम

# अपराधियों ने राइस मिल के कर्मी को मारी गोली, मौत

**संवाददाता । पूर्वी चंपारण**

जिले के रामगढ़वा स्थित एक राइस मिल के गेट पर अपराधियों ने गोलाबारी की घटना को अंजाम दिया है. जिसमें एक राइस मिल कर्मी की मौत हो गयी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है. घटना रविवार की रात साढ़े 8 बजे की बतायी जा रही है. ऐसी चर्चा है कि अपराधियों ने इस घटना के बाद मिल की 30 लाख की लहना की राशि लूट कर फरार हो गये. रात में हुई अंधाधुंध फायरिंग के बाद पूरे इलाके में दहशत व्याप्त है.

वही घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने स्थल निरीक्षण कर पुलिस को कई आवश्यक निर्देश दिए हैं. घटना काठमांडू दिल्ली राजमार्ग संख्या एन एच 527डी रक्सौल सुगौली खंड अंतर्गत रामगढवा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर के कस्बा टोला स्थित शिव शक्ति मॉर्डन राइस मिल की है. जहां मिल के प्रवेश द्वार पर हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना को अंजाम दिया, जिसमें



**बेखौफ अपराधी**

- रविवार देर रात 8 बजे की घटना बतायी जा रही है
- मृतक की पहचान दिलीप सिंह के रूप में हुई है

नेपाल के गौर निवासी दिलीप सिंह नामक एक कर्मी की मौत हो गई है.

आमोदेई निवासी चालक सुरेश कुशवाहा घायल है. जिसका इलाज रक्सौल के एसआरपी हॉस्पिटल में चल रहा है. दिलीप सिंह को एक गोली बाईं ओर सीने में लगी है, जिसे मृत घोषित कर दिया गया है. वहीं, चालक सुरेश को दो गोली सीने में लगी है. जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है.

बताया गया कि टाटा सफारी से दोनों मुजफ्फरपुर से लहना वसूल कर मिल गेट पर पहुंचकर गेट खुलवाने की कोशिश कर रहे थे. मिलकर्मियों के अनुसार पहले से घात लगाये आधा दर्जन अपराधी जो सिल्वर कलर के बोलेरो वाहन पर सवार थे. उनकी वाहन को घेर कर फायरिंग शुरू कर दी,और वाहन में रखे दो बैग लेकर गम्हरिया की ओर फरार हो गये. मृतक दिलीप मिल का एकाउंटेंट बताया जा रहा है. घटना स्थल से पुलिस ने तीन खोखा बरामद कर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है.

### बदमाशों ने कांस्टेबल को मारी गोली, पुलिस ने अपराधी को मार गिराया

**पटना ।** सराय थाना क्षेत्र में सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान अपराधियों ने सिपाही अमिताभ को गोली मारकर हत्या कर दी. इसके बाद एक्शन लेते हुए पुलिस ने तुरंत अपराधियों को अरेस्ट कर थाने ले जाने लगी तभी अपराधी गाड़ी से छलांग लगाकर भागने की कोशिश करने लगे उसी दौरान पुलिस मुठभेड़ में अपराधी का एनकाउंटर कर दिया गया. मृतक सिपाही मुंगेर का जिले का रहने वाला था. वहीं घटना को अंजाम देकर भाग रहे एक बदमाश को भीड़ ने पकड़ लिया. उसके बाद पुलिस के हवाले कर डाला. इसके बाद जब पुलिस टीम बदमाश को अपने साथ थाने ले जा रही थी तो ये अपराधी पुलिसकर्मी को धक्का देकर भागने लगे उसके बाद इनका एनकाउंटर किया गया है. पुलिस ने इस मामले में शामिल 2 बदमाशों का एनकाउंटर किया. टीम ने महज 3 घंटे में ही अपराधियों को ढेर कर डाला.

### रोहतास में बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग

# डांसर को लगी गोली, हालत गंभीर

- गोली डांसर के सीने को चीरते हुए स्पाइन में जाकर फंस गयी थी. डॉक्टरों ने गोली निकाल दी

**संवाददाता । रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के कोटा गांव में बच्चे की बर्थडे पार्टी में रसूखदारों ने हर्ष फायरिंग की है. इस घटना में सीने में गोली लगने से अर्केस्ट्रा की डांसर गंभीर रूप से जख्मी हो गयी. आनन-फानन में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जानकारी के मुताबिक, गोली डांसर के सीने को चीरते हुए स्पाइन में जाकर फंस गयी थी. डॉक्टरों ने गोली निकाल दी है, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. हर्ष फायरिंग की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है.

**बर्थडे पार्टी में किया गया था नाच-गाने का आयोजन :** मिली जानकारी के मुताबिक, कौपा गांव में श्याम किशोर पांडेय के पोचे और लोकेश पांडेय के बेटे का जन्मदिन था. इस अवसर पर अखंड कीर्तन व प्रीतिभोज के बाद डांस का आयोजन किया गया था. इसी दौरान हर्ष फायरिंग की जाने लगी, जिसमें एक गोली डांसर के सीने में लग गयी. गोली लगने के बाद वो स्टेज पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी. स्थानीय लोगों के सहयोग से आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. बता दें कि बिहार की शादी-पार्टियों और अन्य प्रोग्रामों में रसूखदार अपनी रसूख दिखाने के लिए हर्ष फायरिंग करते हैं. ज्यादातर मौके पर यह हर्ष फायरिंग जान पर बन आती है. पुलिस प्रशासन भी हर्ष फायरिंग को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाती है. इसके बावजूद लोग समझने को तैयार नहीं है.

## नाबालिग के यौन शोषण मामले में एक युवक धराया

**नवादा ।** आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की सूचना पर नवादा साइबर पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है. बच्चे का यौन शोषण मामले को फेसबुक पर पोस्ट करने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया है. नवादा जिले के ही एक युवक ने बच्चे के यौन शोषण से संबंधित अश्लील वीडियो फेसबुक पर वायरल किया था. वहीं आर्थिक अपराध इकाई के सूचना पर साइबर थाना की पुलिस ने उस युवक को नवादा जिले के अकबरपुर से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक अकबरपुर थाना क्षेत्र के हनुमानगढ़ गांव का निवासी विपिन कुमार बताया जाता है. पुलिस ने इसके पास से वीडियो बनाने वाला 01 मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है. पोस्ट करने के मामले में साइबर थाने की पुलिस ने एक युवक को अपने हिरासत में लिया है. साइबर थाना प्रभारी डीएसपी प्रिया ज्योति ने बताया कि शीघ्र ही इस मामले में शामिल सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

### नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की हुई मौत

**सारण ।** सारण जिले में सोमवार को नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई. घटना जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र के मदारपुर पंचायत के मदारपुर गांव की है, जहां डबरा नदी में डूबने से दो मासूम बच्चों की जान चली गई. मृतक भाइयों की पहचान किशन कुमार और कुणाल कुमार के रूप में हुई है. घटना उस वक्त की है जब किशन और कुणाल दोनों भाई एक साथ खेलने के लिए नदी के किनारे गए हुए थे, दोनों खेलते-खेलते नदी में नहाने लगे. नहाने के दौरान किशन गहराई में चला गया जिसके कारण वो डूब गया.

## कारोबार

### कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली ।** इजरायल-हमास युद्ध के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है. ब्रेंट क्रूड का भाव 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कोई बदलाव नहीं किया है. सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है.

### ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत

**नई दिल्ली ।** ग्लोबल मार्केट से सोमवार को कमजोर संकेत मिल रहे हैं. पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी बाजार में दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए. डाउ जॉन्स फ्यूचर्स सोमवार को मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है. यूरोपीय बाजार के सूचकांक भी पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए. इसी तरह एशियाई बाजारों में भी आज लगातार दबाव बना हुआ है. कमजोर कंज्यूमर सेंटीमेंट्स और मिडिल ईस्ट के तनाव के कारण वॉल स्ट्रीट में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा.

### सिग्नेचर का शुद्ध कर्ज 6 महीने में 66% घटा

**नयी दिल्ली ।** रियल्टी क्षेत्र की कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने कहा है कि उसका शुद्ध कर्ज जुलाई-सितंबर तिमाही के अंत में 66 प्रतिशत घटकर 369.96 करोड़ रुपये पर आ गया है. कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि सितंबर, 2022 के अंत में कंपनी का शुद्ध कर्ज 1,093.89 करोड़ रुपये था जो चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के अंत में घटकर 369.96 करोड़ रुपये हो गया. पिछले महीने गुरुग्राम की कंपनी 730 करोड़ रुपये जुटाने के लिए अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आई थी.

### अहमदाबाद एयरपोर्ट ने चार्टर फ्लाइट्स के लिए यूजर चार्जेज में कई गुना बढ़ोतरी कर दी

# काफी महंगा हो जाएगा चार्टर ऑपरेशंस

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश में इन दिनों वर्ल्ड कप मैच खेला जा रहा है. दर्शक जहां मैच का आनंद उठाने में लगे हैं, वहीं कंपनियां इसका व्यवसायिक लाभ उठाने में लगी हैं. दरअसल वनडे वर्ल्ड कप के कई मैच गुजरात के अहमदाबाद में खेले जा रहे हैं और फाइनल भी वहीं खेला जाना है. इस बीच एयरलाइन कंपनियों का आरोप है कि अहमदाबाद एयरपोर्ट ने चार्टर फ्लाइट्स के लिए यूजर चार्जेज में कई गुना बढ़ोतरी कर दी है.

उनका कहना है कि इस तरह यूजर चार्जेज में अचानक बढ़ोतरी करना अवैध है और इससे चार्टर ऑपरेशंस काफी महंगा हो जाएगा. इन कंपनियों ने इस मामले में केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की है. अहमदाबाद एयरपोर्ट का मालिकाना अडाणी ग्रुप के पास है. देश के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडाणी की अगुवाई वाले इस ग्रुप का हेडक्वार्टर भी अहमदाबाद में ही है.

एयरलाइन कंपनियों का आरोप है कि अहमदाबाद एयरपोर्ट ने ग्राउंड हैंडलिंग चार्जेज में 10 गुना से अधिक बढ़ोतरी कर दी है. एयरपोर्ट टैरिफ

**अडाणी ग्रुप के पास है एयरपोर्ट का मालिकाना हक**



**लगाया आरोप**

- केंद्र से हस्तक्षेप करने की मांग की है
- इस ग्रुप का हेडक्वार्टर अहमदाबाद में है

तय करने वाली एजेंसी एयरपोर्ट इकनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी (एईआरे) ने शुक्रवार शाम को इस बारे में एक नोटिस जारी किया. अथॉरिटी ने कहा कि उसकी मंजूरी के बिना चार्जेज और टैरिफ लगाना अवैध है. अथॉरिटी ने कहा कि कुछ एयरपोर्ट ऑपरेटर मंजूरी लिए बिना चार्जेज लगा रहे हैं जो ठीक नहीं है. सभी एयरपोर्ट ऑपरेटर्स को इस तरह के चार्ज लगाने से बचना चाहिए. अडानी एयरपोर्ट्स के प्रवक्ता ने सवालों का जवाब नहीं दिया.

जानकारों का कहना है कि एईआरए ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के टॉप मैनेजमेंट को सम्मन देकर सोमवार को बुलाया है. अहमदाबाद एयरपोर्ट की सितंबर में जारी टैरिफ लिस्ट के मुताबिक 15 से अधिक यात्रियों वाली चार्टर फ्लाइट पर जनरल एविएशन चार्ज कम से कम 265,000 रुपये है. इस पर प्रति पैसेंजर 17,667 रुपये का चार्ज लगेगा. साथ ही एयरपोर्ट ने आईपीएल के दौरान ऑपरेट होने वाले स्पेशल फ्लाइट्स पर 6,000 रुपये प्रति पैसेंजर एक्स्ट्रा चार्ज वसूला है. ये चार्ज लैंडिंग और पार्किंग चार्ज के अलावा है. साथ ही एयरलाइन कंपनियों को कहा गया है कि अगर किसी खास सीजन के लिए किसी फ्लाइट की जानकारी नहीं दी गई है तो उसे चार्टर माना जाएगा.

**एक्स्ट्रा फीस एयरोनॉटिकल चार्जेज नहीं है :** सूत्रों के मुताबिक इंडिगो, स्पाइसजेट और विस्तारा ने पुराने चार्जेज के आधार पर क्रिकेट टीमों को लाने ले जाने के लिए बीसीसीआई के पास बिड भरी थी. उनका कहना है कि अहमदाबाद एयरपोर्ट के इस तरह अचानक चार्ज बढ़ाने से उन्हें भारी नुकसान होगा क्योंकि बीसीसीआई ने एक्स्ट्रा चार्ज देने से इन्कार कर दिया है. एयरलाइन कंपनियां दुनियाभर से क्रिकेट प्रेमियों को लाने के लिए स्पेशल चार्टर फ्लाइट्स ऑपरेट कर रही हैं.

अक्टूबर में अहमदाबाद एयरपोर्ट से 170 से अधिक चार्टर फ्लाइट्स ऑपरेट की गई हैं जो सामान्य से चार गुना अधिक है. अडाणी एयरपोर्ट्स के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि एक्स्ट्रा फीस एयरोनॉटिकल चार्जेज नहीं है, इसलिए एईआरए से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है. अधिकारी ने साथ ही कहा कि कंपनी बढ़ाए गए चार्जेज की समीक्षा कर रही है. हालांकि एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज के लिए चार्ज लगाया गया है जो एयरक्राफ्ट ऑपरेशंस के लिए अहम होता है. इस बारे में नियम स्पष्ट हैं. एयरपोर्ट एयरक्राफ्ट ऑपरेशंस के लिए जो भी सर्विसेज देता है वे एयरोनॉटिकल सर्विसेज होती हैं.



कॉफी फल ओडिशा के कोरापुट जिले में उगाया जा रहा है. एक समय गरीब क्षेत्र रहा ओडिशा का कोरापुट हाल ही में अपने असाधारण कॉफी उत्पादन के लिए विश्व मानचित्र पर उभरा है.

**बड़ी राहत** लगातार छठे महीने थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है

# थोक महंगाई दर सितंबर में घट कर 0.26 फीसदी पर आई

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

खुदरा के बाद अब थोक महंगाई से भी त्योहारों के पहले आम आदमी को बड़ी राहत मिली है. थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर सितंबर में घटकर -0.26 फीसदी पर आ गई है. लगातार छठे महीने थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है. अगस्त में यह पांच महीने के उच्चतम स्तर -0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी.

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि सितंबर महीने में डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर घटकर -0.26 फीसदी पर आ गई है. सितंबर, 2022 में थोक महंगाई दर 10.55



फीसदी थी. इससे पिछले महीने अगस्त में थोक महंगाई दर पांच महीने के उच्चतम स्तर -0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी. वहीं, जुलाई के महीने में यह -1.36 फीसदी रही थी. मंत्रालय के मुताबिक सितंबर महीने में मुख्य रूप से पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में रासायनिक तथा रासायनिक उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, बुनियादी धातुओं और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट की वजह से थोक महंगाई कम हुई है.

आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई सितंबर में घटकर 3.35 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त में यह 10.60 फीसदी थी. ईंधन एवं बिजली खंड की महंगाई सितंबर में शून्य से 3.35 फीसदी नीचे रही, जो अगस्त में -6.03 फीसदी थी. इसी तरह विनिर्मित उत्पादों की महंगाई सितंबर में शून्य से 1.34 फीसदी नीचे रही, जबकि अगस्त में यह शून्य से 2.37 फीसदी नीचे रही थी. उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर घटकर तीन माह के निचले स्तर 5.02 फीसदी पर आ गई. खुदरा महंगाई दर में गिरावट की मुख्य वजह सब्जियों एवं ईंधन की कीमतें कम होना रहा है.

### सरकार ने लिया फैसला

# वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस की वैधता अवधि 10 साल बढ़ाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने विमानन क्षेत्र को सुगम एवं बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत नियमों में संशोधन किया है. इसके तहत वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस की वैधता अवधि बढ़ा कर 10 साल कर दी गई है. अभी तक वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) की वैधता पांच साल होती थी. ये अवधि पूरी होने के बाद इसका नवीनीकरण कराना होता था. नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि मंत्रालय ने विमान नियम, 1937 में संशोधन किया है. मंत्रालय ने इन संशोधनों के तहत एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) और सीपीएल धारकों के लाइसेंस की वैधता को पांच साल से बढ़ा कर 10 साल कर दी है. अभी तक वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) की वैधता पांच साल थी, जिसे अवधि पूरी होने के बाद नवीनीकरण कराना होता था. मंत्रालय ने इसके साथ ही हवाई अड्डे के आसपास 'रोशनी' संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए भी नियमों में संशोधन किया गया है. वहीं, एक अन्य संशोधन के तहत विदेशी लाइसेंस के सत्यापन की आवश्यकता को हटा दिया है. इसके अलावा एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) लाइसेंस धारकों के लिए संबंधित जरूरतों को और उदार बनाया गया है. मंत्रालय के मुताबिक 10 अक्टूबर को अधिसूचित विमान नियम 1937 में संशोधन विमानन क्षेत्र में सुगमता को बढ़ावा देने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं.

उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक है. इसी के तहत कई एयरलाइंस कंपनियां अपने विमान बेड़े का विस्तार कर रही हैं. वे बढ़ती हवाई यातायात मांग को पूरा करने के लिए अधिक पायलटों को नियुक्त करेंगी.

# हकीकत की उपेक्षा कबतक

दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था. तीसरी बनने की उद्घोषणा. तेज विकास दर का दावा. बावजूद इसके भूख के मानदंड पर भारत का फिसलता क्रम अंततः क्या जाहिर कर रहा है. यह बेहद संजीदा सवाल है और इन सवालों को दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए. सरकारी प्रवक्ता और सरकार में बैठे लोगों का यह कह देना कि इस तरह के तमाम आंकड़े पश्चिमी औपनिवेशिक मानसिकता के द्योतक हैं, तथ्यों पर देर तक पर्दा नहीं डाल सकते. दुनिया में चाहे हंगर रिपोर्ट हो या लोकतंत्र के हालात से संबंधी रपटें, भारत को विचार करने की जरूरत है कि आखिर समस्या है तो उसे समूल किस तरह दूर किया जा सकता है. भारत सरकार ही दावा करती आयी है कि कोरोना काल से ही वह अस्सी करोड़ लोगों की आजीविका के लिए पांच किलो मुफ्त राशन देती आ रही है. इसके लिए धन का प्रबंध भी हुआ है. यानी तेज विकास की आंधी के बावजूद देश में बढ़ती असमानता अब पूरी ताकत से उभर कर दुनिया को दिखने लगी है. आज चूंकि वैश्विक स्तर पर जारी होने वाले लगभग हर सूचकांक को भारत सरकार उसे तैयार करने की विधि पर सवाल उठाते हुए खारिज कर देती है, इसलिए अब उसके एतराज को खुद भारत में भी बहुत से लोग अब गंभीरता से नहीं लेते. गौरतरलब है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स (वैश्विक भूख सूचकांक) तैयार करने वाली संस्थाओं- आयरलैंड की कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी की वेल्ट हंगरहाइफ ने भारत सरकार की आपत्तियों को बिंदुवार खारिज करते हुए कहा है कि उसकी रिपोर्ट 125 देशों के बारे में है, लेकिन उस पर एतराज सिर्फ भारत ने जताया. जिन आंकड़ों के आधार पर उन्होंने सूचकांक में भारत को 111वें स्थान पर रखा, उनके स्रोत उन्होंने सार्वजनिक कर दिए हैं. उनमें ज्यादातर आंकड़े खुद भारत सरकार के हैं. दोनों संस्थाओं ने कहा है कि वह अपनी रिपोर्ट 2006 से जारी कर रही है, जिसकी पहले समकक्ष संस्थाओं के विशेषज्ञ समीक्षा करते हैं. इसीलिए कभी उसकी रिपोर्ट विवादास्पद नहीं रही. दरअसल, भारत में रहने वाले लोगों का आम तजुर्बा भी वही है, जो यह रिपोर्ट हमें बता रही है. देश में उपभोग के घटते स्तर, प्रति व्यक्ति अनाज की घटती उपलब्धता और आम पोषण की कमी का नतीजा लंबाई की तुलना में कम वजन, उम्र की तुलना में कम लंबाई और रक्तक्षीणता से ग्रस्त महिलाओं और बच्चों की संख्या बढ़ने के रूप में सामने आ रहा है. सरकार ऐसी रिपोर्टों का खंडन करने के लिए उन कल्याण योजनाओं का तर्क देती है, जो उसने वंचित तबकों के लिए चला रखी हैं. विकास अर्थव्यवस्था की भाषा में इसे इनपुट कहा जाता है, जबकि ज्यादा विश्वसनीय रिपोर्टें आउटपुट के आधार पर तैयार की जाती हैं. यानी जो अंतिम परिणाम मौजूद है, इनमें उस पर ध्यान दिया जाता है. वैसे भी जब तक लोगों के पास स्थायी रोजगार और परिवारों के पास स्थिर आमदनी का जरिया कम ही शेष है.

> चूंकि वैश्विक स्तर पर जारी होने वाले लगभग हर सूचकांक को भारत सरकार उसे तैयार करने की विधि पर सवाल उठाते हुए खारिज कर देती है, इसलिए अब उसके एतराज को खुद भारत में भी बहुत से लोग अब गंभीरता से नहीं लेते.

## सुभाषित

**स्वदेशं पतितं कष्टे, दूरस्था लोकयन्ति ये।**
**नैव च प्रतीकुर्वन्ति, ते नराः शत्रुनन्दनाः।।**

जब देश संकट में पड़ा हो तो जो उदासीन भाव से दूर खड़े होकर केवल देखते रहते हैं और कोई भी प्रतिकार नहीं करते, ऐसे व्यक्ति अथवा समूह, शत्रु को आनंद देने वाले होते हैं.

# कितने महत्वपूर्ण हैं विधान सभाओं के चुनाव

**पिछले कुछ चुनावो के अनुभव इस धारणा को बल भी देते हैं. लेकिन राजनीति तो तेजी से बदलने वाली चीज है. पल भर में कुछ भी हो सकता है.यह भी समझ लेने वाली बात है कि अगले लोकसभा चुनाव में कुछ दूसरे पहलू भी हैं जिनको कमतर नहीं आंका जा सकता. एक तो केंद्र सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल का मूल्यांकन होगा. यदि ऐसा हुआ तो लोग बदलाव को महत्व देंगे. इसमें संदेह नहीं की केंद्र के स्तर पर मतदाता असंतोष बढ़ा है.**



• देश-काल



डॉ. प्रमोद पाठक

चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा के चुनावों की घोषणा कर दी. इसके साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गईं. शंखनाद हो चुका है, बिगुल बज चुका है और तैयारी शुरू हो चुकी हैं. पांच राज्य, 679 विधानसभा क्षेत्र और लोकसभा के पहले के आखिरी राज्यवार चुनाव. इसमें भी तीन हिंदी पट्टी के राज्य जहां भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला है. काफी दिलचस्पी होगी इन चुनावों को लेकर. वैसे इन चुनावों के महत्व को लेकर तीन तरह की धारणाएं बन रही हैं.पहली धारणा तो यह है कि कुछ लोग यह मान रहे हैं कि इन चुनावों को अनावश्यक महत्व दिया जा रहा है और इनका लोकसभा के चुनाव पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा. यानी इनका असर राज्य तक ही सीमित रहेगा. दूसरी धारणा है कि यह चुनाव आगामी लोकसभा चुनाव की दिशा तय करेंगे. यानी इन चुनावों में जीत हार का असर अगली लोकसभा चुनाव में दिखेगा.एक तीसरी धारणा भी है. कुछ लोग यह मानते हैं कि यह चुनाव इतना जरूर निर्धारित करेंगे कि आगामी लोकसभा के चुनाव में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कौन करेगा. यानी इंडिया गंठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस के हाथों में रहेगा या कांग्रेस अपनी भूमिका थोड़ी सीमित कर घटक दल का धर्म निभायेगी. अर्थात दूरगामी रणनीति पर काम करेगी. साथ ही इंडिया गठबंधन का भविष्य भी यह चुनाव तय करेंगे.

इन तीनों धारणाओं के पीछे मजबूत तर्क भी हैं. लेकिन उन तर्कों के पीछे एक मनोविज्ञान भी है जिसको समझना जरूरी है. पहली धारणा के प्रवक्ता इस सोच से प्रभावित हैं कि इन विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में रह सकता है. जाहिर है कि ये लोग इस वजह से इस चुनाव के परिणाम को लोकसभा के चुनाव परिणाम से जोड़ कर नहीं देखना चाहेंगे. यह धारणा तर्क से ज्यादा मनोभाव से प्रभावित है और इसी मनोभाव के प्रभाव में उनके तर्क गढ़े जा रहे हैं. उनका सबसे बड़ा तर्क है कि हिंदुस्तान के मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अलग-अलग तरीके से मतदान करते हैं और राज्यहित और देश हित को अलग-अलग कसौटी पर परखते हैं. पिछले कुछ चुनावो के अनुभव इस धारणा को बल भी देते हैं. लेकिन राजनीति तो तेजी से बदलने वाली चीज है. पल भर में कुछ भी हो सकता है.यह भी समझ लेने वाली बात है कि अगले लोकसभा चुनाव में कुछ दूसरे पहलू भी हैं जिनको कमतर नहीं आंका जा सकता. एक तो केंद्र सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल का मूल्यांकन होगा. यदि ऐसा हुआ तो लोग बदलाव को महत्व देंगे. इसमें संदेह नहीं की केंद्र के स्तर पर मतदाता असंतोष बढ़ा है. और यह इस विधानसभा चुनाव के बाद भी रहेगा. साथ ही बिहार के जातीय मतगणना का असर अगले लोकसभा चुनाव पर पड़ने की कितनी संभावना है वह भी इन चुनावों के परिणाम बताएंगे.

इन बातों के आलोक में यदि हम वस्तुनिष्ठ विश्लेषण करें तो इन विधानसभा चुनावों के परिणामों का महत्व है क्योंकि ये अगले लोकसभा चुनाव पर असर डालेंगे. इस लिहाज से इन विधानसभा चुनावों में कम से कम इंडिया गठबंधन को पूरी चुस्ती और ईमानदारी से काम करने की आवश्यकता है. अब दूसरी धारणा की बात करते हैं. तो दूसरी धारणा वैसे लोगों की है की है जो यह मान रहे हैं की इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में विपक्ष बेहतर स्थिति में है और भाजपा कमजोर पड़ रही है. इस तरह की धारणा वाले लोग ज्यादातर इंडिया गठबंधन के पक्षधर हैं और उनका मानना है कि इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में संयुक्त विपक्ष यदि भाजपा के मुकाबले बेहतर स्थिति में रहती है तो यह आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाता मानस को विपक्ष की ओर मोड़ने काम करेगा. विशेष रूप से मध्य प्रदेश और राजस्थान के नतीजे जहां लोकसभा की अपेक्षाकृत ज्यादा सीटें हैं. वैसे छत्तीसगढ़ और तेलंगाना भी कम महत्वपूर्ण नहीं रहेंगे, क्योंकि लोगों की नजर इन राज्यों में कांग्रेस पर होगी. यानी इन नतीजों से कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में वापसी की संभावना तय होगी. जहां तक तीसरी धारणा वाले लोगों की बात है तो वो इसमें ज्यादा रुचि रखते हैं कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कौन करेगा और राष्ट्रीय राजनीति में इसका भविष्य क्या होगा.इतना तो निश्चित है कि यदि इन चुनावों में इंडिया गठबंधन के घटक दल बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो आगामी लोकसभा के चुनाव में भाजपा को कड़ी चुनौती मिलेगी. अब इसमें एक और भी बात महत्वपूर्ण है. कांग्रेस का प्रदर्शन. यदि कांग्रेस मध्य प्रदेश में वापसी कर लेती है और राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ बचा लेती है तो इंडिया गठबंधन में उसका रसूख काफी बढ़ जाएगा. साथ ही यदि तेलंगाना में कांग्रेस अपनी स्थिति बेहतर कर लेती है तो फिर वह इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करेगी और चंद्रशेखर राव की पार्टी भी कांग्रेस के साथ लोकसभा चुनाव में तालमेल करने को तैयार हो जाएगी. कुल मिलाकर ये चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव की जमीन तैयार करेंगे. तमाम तरह के जनमत सर्वेक्षण भी संभवतः इसी को ध्यान में रखकर किये जा रहे हैं. हो सकता है इसमें से कुछ सर्वेक्षण मतदाता मानस के दिमाग में किसी तरह का प्रभाव डालने के लिए प्रायोजित भी किये जा रहे हों. अब देखना यह है कि मतदाता कितना सजग है और इस तरह के प्रयासों को कैसे देखता है. इतना तो तय है की हर सर्वेक्षण निष्पक्ष नहीं होता. वैसे भी सूचना प्रौद्योगिकी और टेक्नोलॉजी के इस दौर में आम आदमी के सोच को भ्रमित करना बहुत मुश्किल नहीं रहा. तो इन चुनावों पर बहुत कुछ निर्भर करता है.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## है प्रेम जगत का सार

प्रेम है क्या? इस प्रकार के सवाल उठते रहते हैं. उसके जवाब भी लोग अपने मति के अनुरूप देकर संतोष कर लेते हैं, लेकिन बिंदु कवि ने जो प्रेम की परिभाषा दी, वह अद्भुत और अतुलनीय है. कम से कम सारगर्भित शब्दों में उन्होंने बता दिया- हे प्रेम जगत में सार और कुछ सार नहीं. एक बाउल फकीर से एक बड़े शास्त्रज्ञ पंडित ने पूछा कि प्रेम, प्रेम...निरंतर प्रेम का जप किए जाते हो, यह प्रेम है क्या? मैं भी तो समझूं! इस प्रेम का किस शास्त्र में उल्लेख है, किन वेदों का समर्थन है? वह बाउल फकीर हंसने लगा. उसका इकतारा बजने लगा. खड़े होकर वह नाचने लगा. पंडित ने कहा- नाचने से क्या होगा? और इकतारा बजाने से क्या होगा? व्याख्या होनी चाहिए प्रेम की और शास्त्रों का समर्थन होना चाहिए. कहते हो प्रेम परमात्मा का द्वार है, मगर कहां लिखा है? और नाचो मत, बोलो! इकतारा बंद करो बैठो! तुम मुझे धोखे में न डाल सकोगे. औरों को धोखे में डाल देते हो इकतारा बजा कर, नाच कर. औरों को लुभा लेते हो, मुझको न लुभा सकोगे. उस बाउल फकीर ने फिर भी एक गीत गाया. उस बाउल फकीर ने कहाः गीतों के सिवाय हमारे पास कुछ और है नहीं. यही गीत हमारे वेद, यही गीत हमारे उपनिषद, यही गीत हमारे कुरान. क्षमा करें! नाचूंगा, इकतारा बजाऊंगा, गीत गाऊंगा यही हमारी व्याख्या है. अगर समझ में आ जाए तो आ जाए; न समझ में आए, दुर्भाग्य तुम्हारा. पर हमसे और कोई व्याख्या न पूछो. और कोई उसकी व्याख्या है ही नहीं. और जो गीत उसने गाया, बड़ा प्यारा था. गीत का अर्थ थाः एक बार एक सुनार एक माली के पास आया और कहा कि तेरे फूलों की बड़ी प्रशंसा सुनी है, तो मैं आज कसने आया हूं कि फूल सच्चे हैं, असली हैं या नकली हैं? मैं अपने सोने के कसने के पत्थर को ले आया हूं और वह सुनार उस गरीब माली के गुलाबों को पत्थर पर कस कसकर फेंकने लगा कि सब झूठे हैं, कोई सच्चे नहीं हैं. उस बाउल फकीर ने कहा, जो उस गरीब माली के प्राणों पर गुजरी, वही तुम्हें देखकर मेरे प्राणों पर गुजर रही है. तुम प्रेम की व्याख्या पूछते हो! और मैं प्रेम में नाच रहा हूं. अंधे हो तुम! तुम प्रेम के लिए शास्त्रीय समर्थन पूछते हो और मैं प्रेम को संगीत दे रहा हूं! बहरे हो तुम! मगर अधिक लोग अंधे हैं, अधिक लोग बहरे हैं.

# भारत की विदेश नीति की बारीकियां

• विदेश नीति

अंजन रॉय

यह अप्रत्याशित नहीं है कि इज़रायल-हमास युद्ध ने भारत में दो मुख्य राजनीतिक दलों के बीच शब्दों और विचारों की लड़ाई शुरू कर दी है. हमास के हमले को आतंकवादी कृत्य बताने और इजरायल को पूरा समर्थन देने के प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस की आलोचनाएं आमने-सामने आ गईं. अपने बयानों में, भारत की सबसे पुरानी पार्टी ने मध्य पूर्व संकट पर पारंपरिक भारतीय रुख को याद किया है और परोक्ष रूप से सरकार के दृष्टिकोण की आलोचना की है. प्रधानमंत्री मोदी के बयान और कांग्रेस की आलोचनाओं को वास्तव में इज़रायल राज्य के निर्माण और अरब-इजरायल संघर्ष के बाद के इतिहास को समझे बिना भारतीय विदेश नीति की बारीकियों को समझा नहीं जा सकता. प्रथम विश्व युद्ध के बाद 1920 के दशक में ब्रिटिश प्रधानमंत्री आर्थर जेम्स बालफोर द्वारा जारी एक प्रस्ताव द्वारा इज़रायल राज्य के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यूरोप में यहूदियों के नरसंहार और यातना और हत्याओं के अनुभव के साथ, यहूदियों के लिए एक नया गृह राज्य बनाने के लिए यरूशलेम के चारों ओर भूमि के एक टुकड़े को यहूदियों का राज्य बनाने का निर्णय किया गया. द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन द्वारा इज़रायल के पहले प्रधानमंत्री बेनगुरियन के साथ एक समझौते के साथ फिलिस्तीन के आसपास की भूमि पर1948 में नया राज्य बनाया गया था. तब से, मुस्लिम मध्य पूर्व को लगा कि यह उस भूमि के स्थानीय लोगों को उखाड़कर बनाया गया राज्य है और उन्होंने इसे मिटा देने की प्रतिज्ञा की. दरअसल, यह एक हजार साल पुराना युद्ध और संघर्ष है. एक हजार साल पहले जब इजराइलिया यहूदी पूरी दुनिया में, खासकर यूरोप में फैल गये थे, तब इजराइलियों को मिस्र और फिलिस्तीनी भूमि से बाहर निकाल दिया गया था. युद्ध और टकराव इस क्षेत्र में स्थानिक हो गये. आज भी, ईरानी यहूदी राज्य के सबसे कट्टर और खुलेआम विरोधी हैं तथा यहूदी राज्य को नष्ट करने के समर्थक हैं. हालांकि, अन्य अधिक यथार्थवादी मध्य पूर्व के देशों ने इज़रायल की वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है.भारत ने नये राज्य की स्थापना के दो साल के भीतर 17 सितंबर, 1950 को इज़रायल को मान्यता दे दी. पंडित जवाहरलाल नेहरू, जो उस समय प्रधानमंत्री थे, ने कहा कि भारत को इज़रायल को पहले ही मान्यता दे देनी चाहिए थी लेकिन इसमें देरी हुई.फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) का भारतीय नेताओं के साथ सहज सौहार्द्र था, जिसमें इंदिरा गांधी भी शामिल थीं, जिन्होंने तेजतर्रार और प्रसिद्ध पीएलओ नेता यासर अराफात की मेजबानी की थी. बहुत बाद में, जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने भी फिलिस्तीनियों के प्रति अपनी सहानुभूति दिखाई.2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इज़रायल के साथ भारत के संबंध तेजी से विकसित हुए. घनिष्ठ सुरक्षा और रक्षा संबंधों के साथ संबंध विकसित हुए. इज़राइल, सैन्य हार्डवेयर उत्पादन में अपनी चतुराई के साथ, भारत के लिए रणनीतिक हथियार प्रणालियों और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया.भारत को पड़ोस से लगातार आतंकवादी खतरे और चीन से सैन्य खतरों के आलोक में इज़रायल देश के हार्डवेयर और खुफिया प्रणालियों का एक प्रमुख स्रोत बन गया था. इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कट्टर हितों ने बाहरी नीति रुख के पुनःअभिविन्यास को बढ़ावा दिया है.हमास हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी के बयान, जिसमें हमास के भयानक आतंकवादी हमले के बाद इज़रायल के प्रति समर्थन और सहानुभूति व्यक्त किया गया था, में ऐसी आतंकवादी कार्रवाई के मामले में भारत की चिंता छिपी है. मुंबई में हुआ आतंकवादी हमला, जिसे अब 26/11 के नाम से जाना जाता है, और 2001 में संसद पर हमला भी, इस बात की याद दिलाते हैं कि भारत के साथ पहले क्या हुआ था. खुले समाज में आतंकी हमले का यह एकमात्र उदाहरण नहीं था. पहले के दौर में खालिस्तानी आतंकवादियों के जघन्य अपराध और इसके खिलाफ बदले की भावना से होने वाली हत्याओं का अचानक भड़कना भी इस बात को रेखांकित करता है कि आतंकवाद एक स्थिर समाज और राजनीति के लिए क्या नुकसान कर सकता है. पश्चिमी सहानुभूति के चारों ओर दोहरापन है- घर पर आतंकवादी हमला अत्यधिक निंदनीय है और लोकतंत्र और उदारवाद के नाम पर प्रायश्चित किया जाता है.

> एक हजार साल पहले जब इजराइलिया यहूदी पूरी दुनिया में, खासकर यूरोप में फैल गये थे, तब इजराइलियों को मिस्र और फिलिस्तीनी भूमि से बाहर निकाल दिया गया था. युद्ध और टकराव इस क्षेत्र में स्थानिक हो गये. आज भी, ईरानी यहूदी राज्य के सबसे कट्टर और खुलेआम विरोधी हैं तथा यहूदी राज्य को नष्ट करने के समर्थक हैं.

# भारत में कुपोषण की स्थिति बेहद गंभीर

• सामयिकी

ललित मौर्य

इस साल का ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 जारी कर दिया गया है, जिसमें 125 देशों की सूची में भारत को 111वें पायदान पर रखा गया है, जो देश में बढ़ती भुखमरी और कुपोषण की गंभीर स्थिति को दर्शाता है.इस मामले में देश की स्थिति कितनी खराब है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत अपने पडोसी देशों जैसे बांग्लादेश (81), पाकिस्तान (102), नेपाल (69), श्रीलंका (60) से भी काफी पीछे है. इस इंडेक्स में भारत को कुल 28.7 अंक दिए गए हैं जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाने के लिए काफी हैं. देखा जाए तो पिछले वर्ष 2022 में भारत को इस इंडेक्स में 107वें पायदान पर रखा गया था. मतलब की पिछले साल की तुलना में देश में स्थिति कहीं ज्यादा खराब हुई है, जिसकी वजह से वो चार पायदान गिरकर 111 पर आ गया है. हालांकि भारत को इस लिस्ट में मोजांबिक, अफगानिस्तान, चाड, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक से ऊपर रखा गया है. सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक में तो कुपोषण की दर 48.7 फीसदी तक पहुंच गई है. इस बारे में जो रिपोर्ट जारी की गई है, उसके मुताबिक भारत में कुपोषण की स्थिति बेहद गंभीर है. बच्चों में वेस्टिंग दर 18.7 फीसदी रिपोर्ट की गई है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है. यह वो बच्चे हैं जो अपनी ऊंचाई के लिहाज से बहुत पतले हैं. इसी तरह देश 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में एनीमिया का प्रसार 58.1 फीसदी दर्ज किया गया है. मतलब की इस आयु वर्ग की आधी से ज्यादा महिलाएं खून की कमी का शिकार हैं.कुपोषण से जूझती 16.6 फीसदी आबादी, 58 फीसदी महिलाओं में खून की है कमी इतना ही नहीं रिपोर्ट के अनुसार देश में 16.6 फीसदी आबादी कुपोषण का शिकार है. वहीं पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 फीसदी बच्चे स्टंटिंग यानी अपनी उम्र के लिहाज से ठिगने हैं. इसी तरह पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में मृत्यु दर 3.1 फीसदी दर्ज की गई है. कहीं न कहीं यह आंकड़े देश में व्याप्त कुपोषण की गंभीर स्थिति को दर्शाते हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता. हालांकि पिछले दो वर्षों से भारत सरकार इस रिपोर्ट को नकारती रही है. सरकार के अनुसार इस रिपोर्ट में जिस माप यानी मैट्रिक्स का इस्तेमाल किया जा रहा है वे इसे संदेह के घेरे में लाता है. लेकिन सरकार जो भी कहे इस रिपोर्ट में जो आंकड़े साझा किए गए हैं उन्हें झुठलाया नहीं जा सकता और यह कहीं न कहीं देश में कुपोषण की बेहद गंभीर स्थिति की ओर इशारा करते हैं. गौरतलब है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स देश-दुनिया में भुखमरी और कुपोषण को मापने और ट्रक करने का एक टूल है. यदि वैश्विक स्तर पर देखें तो इंडेक्स के मुताबिक नौ देशों में भूख और भुखमरी की स्थिति बेहद चिंताजनक है, इनमें बुरुंडी, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, कांगो रिपब्लिक, लेसोथो, मेडागास्कर, नाइजर, सोमालिया, दक्षिण सूडान और यमन शामिल हैं. वहीं भारत सहित अन्य 34 देशों में यह स्थिति गंभीर बनी हुई है. रिपोर्ट के अनुसार भारत ही नहीं कई अन्य देशों में भी भूख और भुखमरी की स्थिति बदतर हुई है. 2015 के बाद से देखें तो मध्यम, गंभीर या चिंताजनक स्थिति वाले 18 देशों में इस साल स्थिति कहीं ज्यादा खराब हुई है. देखा जाए तो हाल के कुछ वर्षों में एक के बाद एक आपदाएं आई हैं उनसे स्थिति कहीं ज्यादा खराब हुई है. पहले महामारी, इसके बाद रूस-यूक्रेन में जारी संघर्ष ने स्थिति और ज्यादा खराब की है. वहीं जलवायु में आते बदलाव और उनसे जुड़ी चरम मौसमी आपदाओं ने तो जैसे लोगों की कमर ही तोड़ दी. इन आपदाओं ने जहां कृषि पर व्यापक असर डाला है साथ ही खाद्य असुरक्षा को भी बढ़ाया है. इसकी वजह से कई देशों में खाद्य संकट कहीं ज्यादा गहरा गया है. लेकिन इसके बावजूद किसानों के हौसले कमजोर नहीं हुए हैं. इस बारे में पेशे से किसान 31 वर्षीय चेतन कुमार का कहना है कि, "हमारे माता-पिता किसान हैं, हमारे पूर्वज भी किसान थे, और हम छोटे किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझते हैं. अगर हम अपनी समस्याओं का समाधान नहीं करेंगे तो कौन करेगा?"सोमालिया के 20 वर्षीय मोहम्मद अली मोहम्मद का कहना है कि लोग पहले ही संघर्ष की आग में जल रहे थे, फिर कोरोना महामारी आई. इसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध, इसकी वजह से कीमतों में काफी ज्यादा असर पड़ा है.

> कुपोषण से जूझती 16.6 फीसदी आबादी, 58 फीसदी महिलाओं में खून की है कमी इतना ही नहीं रिपोर्ट के अनुसार देश में 16.6 फीसदी आबादी कुपोषण का शिकार है. वहीं पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 फीसदी बच्चे स्टंटिंग यानी अपनी उम्र के लिहाज से ठिगने हैं. इसी तरह पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में मृत्यु दर 3.1 फीसदी दर्ज की गई है.

## मीडिया में अन्यत्र

# ओलंपिक की दावेदारी

बहुत समय पहले से, ओलंपिक का इस्तेमाल एक 'सॉफ्ट पावर' माध्यम के रूप में किया गया है. दुनियाभर की सरकारों ने इन खेलों से पड़ने वाले खेल-संबंधी, आर्थिक और सामाजार्थिक प्रभावों, साथ ही इनकी मेजबानी से मिलने वाली राजनीतिक वैधता पर दांव लगाया है. विश्व युद्ध के बाद का यूरोप, रंगभेद-युग के बाद का दक्षिण अफ्रीका और 2010 के दशक का ब्राजील इसके जीवंत उदाहरण हैं. मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी (आईओसी) के सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एलान को इसी रोशनी में देखना चाहिए. उन्होंने एलान किया कि इस चार-वर्षीय विशाल आयोजन के 2036 के संस्करण की मेजबानी हासिल करने के लिए भारत 'कोई कसर बाकी नहीं रखेगा'. भारत का इससे पहले होने वाले यूथ ओलंपिक में भी दिलचस्पी दिखाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वह घोटालों से घिरे और खराब ढंग से आयोजित दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों (2010) में घटित अप्रिय घटनाओं से जन्मे संकोच से छुटकारा चाहता है. हालांकि 2036 के लिए मेजबान शहर के नाम पर मुहर लगने में समय लगेगा (गौरतलब है कि 2032 संस्करण के लिए ब्रिसबेन का चयन जुलाई 2021 में हो पाया) और दूसरे दावेदार भी होंगे, लेकिन यह कोशिश भारत की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को जाहिर करती है. चाहे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता की ख्वाहिश हो या जी-20 की अध्यक्षता को लेकर जोश, भारत ने विशिष्ट स्थान पाने की लगातार कोशिश की है. ओलंपिक मेजबान का ठप्पा उसे बदलती विश्व व्यवस्था में रणनीतिक बढ़त की स्थिति में ला सकता है.खेल के लिहाज से, यह साफ है कि हाल में संपन्न एशियाई खेलों में 107 पदकों वाले शानदार प्रदर्शन से जो सशक्त अनुकूल हवा का झोंका पैदा हुआ है, भारत उसका लाभ लेना चाहता है. बीजिंग 2008 में अभिनव बिंद्रा ने जब देश का पहला व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण जीता, उसके बाद से कई-खेलों वाली प्रतियोगिताओं में भारत का प्रदर्शन लगातार ऊपर की ओर गया है. इस बात का पक्का विश्वास है कि पेरिस 2024 में भारत दहाई अंकों में पदक जीतेगा.



(द हिंदू)

## शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### अपर्णा/अर्पणा

**व्यावहारिक** जीवन में आपने कई बार गौर किया होगा कि लोग अपर्णा और अर्पणा शब्दों के प्रयोग में गलतियां कर बैठते हैं. उनमें वैसी महिलाएं या लड़कियां भी होती हैं, जिनका नाम अर्पणा या अपर्णा होता है. ऐसी गलती इसलिए होती है, क्योंकि ये दोनों शब्द कुछ अंतर के बावजूद एक जैसे लगते हैं. जो शब्दों के प्रयोग के मामले में सावधान नहीं होते, वे अर्पणा को अपर्णा या अपर्णा को अर्पणा समझ लेते हैं. ऐसी गलती से बचने के लिए आवश्यक है कि इन दोनों शब्दों को अच्छी तरह से समझा जाये. अर्पणा शब्द अर्पण का स्त्रीलिंग रूप है. अर्पण का अर्थ है देना, सौंपना, भेंट करना, दान करना, बलिदान करना, वापस करना, रखना. समर्पण शब्द अर्पण से ही बना है- सम्+अर्पण=समर्पण. यानी सम् उपसर्ग की जब अर्पण शब्द से संधि होती है तो समर्पण शब्द की व्युत्पत्ति होती है. हम जब पूजा करते हैं तो मंत्र बोलते हैं पुष्पं समर्पयामि. इसका अर्थ यह हुआ कि मैं आपको फूल समर्पित कर रहा हूं, भेंट कर रहा हूं. स्पष्ट है कि अर्पणा का अर्थ भेंट, दी हुई, दान की हुई, भक्ति है. अर्पणा का लक्षणार्थ भक्ति और श्रद्धा भी है. दूसरा शब्द है अपर्णा. अपर्णा का मतलब है-अ+पर्णा. अपर्णा शब्द को पुल्लिंग रूप में देखा जाये तो अपर्ण होता है. पर्ण का अर्थ है पत्ता और अपर्ण का अर्थ हुआ पत्र विहीन, जिसमें पर्ण या पत्ते न हों. अपर्णा शब्द का विशेष अर्थ है माता पार्वती, जिन्हें दुर्गा भी कहा जाता है. पार्वती का नाम अपर्णा क्यों पड़ा, इसके पीछे एक कथा है. जब पार्वती भगवान शंकर को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए तपस्या कर रही थीं, तब वे वन में रहकर कंद, मूल एवं फल खाती थीं, धीरे-धीरे उन्होंने यह सब छोड़ दिया और उग्र तपस्या करने लगीं. तब वे सिर्फ पेड़ों से पत्ते खाती थीं, लेकिन पत्ते यानी पर्ण को भी खाना छोड़ दिया, जिसके चलते उन्हें अपर्णा कहा गया.

# आचार संहिता लगते-लगते रह गई

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

श्रीमती जी हाथ में पर्स लेकर जैसे ही घर से बाहर जाने को हुईं, हमने उन्हें टोका और कहा "अब यह सब नहीं चलेगा.आचार संहिता लग गई है." वह बोलीं, "क्या मतलब?"
हमने कहा, "वही मतलब है, जो आचार संहिता का होता है अर्थात पहले बताना पड़ेगा कि आप बाजार किस काम से जा रही हैं?"
वह बोलीं, "नई साड़ी खरीदनी है."
हमने चुनाव आयोग के सख्त लहजे में कहा, "कोई भी नया कार्य शुरु करने की अनुमति आचार संहिता लगे रहने पर दिया जाना संभव नहीं है."
वह काफी देर तक हमारा चेहरा देखती रहीं और उस कानूनी भाषा को पकड़ने का प्रयत्न करती रहीं, जिसमें हमने अपने वाक्य कहे थे. फिर बोलीं, "सीधी- सीधी बात कहो कि साड़ी खरीदने के रुपए नहीं दोगे?"
फिर कहा, "लेकिन उधार में तो ला सकते हैं. रुपए बाद में दे देना."
हमने कहा, "यह भी संभव नहीं है.किसी भी प्रकार के कोई वायदे अथवा घोषणा पर भी प्रतिबंध है."
फिर हमने उन्हें आचार संहिता का अर्थ समझाया और कहा कि घर में पत्नी को किसी भी प्रकार से प्रलोभन देकर लुभाना आचार संहिता के अंतर्गत मान्य नहीं है. रूखा–सूखा जैसा चल रहा है, वैसे चलता रहेगा. न पिकनिक पर जाना स्वीकार है, न किसी होटल में खाना खाने के लिए जाने की अनुमति होगी." श्रीमती जी बोलीं, "ब्यूटी पार्लर तो जा सकते हैं?"
हमने कहा, "नहीं. आचार संहिता में किसी भी नये कार्य की मनाही है." पूरे घर में कुछ सैकिंड के लिए उदासी छा गई. फिर श्रीमती जी बोलीं, "ठीक है. अब तक तुमने अपनी आचार संहिता लगाई, अब मेरी भी आचार संहिता सुनो."
हम चकराए. हमने कहा, "आपकी आचार संहिता क्या होती है?" वह बोलीं, "जितना खाना घर में बना हुआ है, वह बैठकर मैं और आप खा सकते हैं, लेकिन अब आगे से कोई खाना नहीं बनेगा. जिसको जो खाना है वह स्वयं बनाए. आचार संहिता के अंतर्गत पत्नी द्वारा पति को खाना बनाकर नहीं दिया जाएगा." सुनते ही हमारे होश उड़ गए. हमने युद्ध विराम के लहजे में कहा, "भाग्यवान ! हम तो केवल मजाक कर रहे थे. दरअसल घर के अंदर आचार संहिता न कभी लगी है और न लगेगी." श्रीमती जी मुस्कुरा दीं. कहा, "अब लाइन पर आए. आपकी आचार संहिता मैं हूं और मेरी आचार संहिता आप हैं. चुनाव तो आते-जाते रहेंगे." हम भी मुस्कुरा दिये. वह दिन है और आज का दिन है, हम फिर कभी भूल कर भी आचार संहिता का शब्द अपनी जुबान पर नहीं लाए.





# नवरात्र विशेष





## नवरात्र में कीजिए इटखोरी की मां भद्रकाली के दर्शन

# सदियों से सिद्ध है मां का यह स्वरूप



डॉ हरेन्द्र सिन्हा

**चतरा ज़िला, झारखंड के उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के पूर्वोत्तर भाग में अवस्थित है. इस जिले के पुरातात्विक अन्वेषण में ऐसे ऐसे स्थलों की जानकारियां प्राप्त हो रही हैं जिससे यह बात सिद्ध होती है कि प्रागैतिहासिक काल से ही इस भूमि पर मानव का विचारण होता रहा है तथा ऐतिहासिक काल में इस क्षेत्र में हिंदू, बौद्ध एवं जैन गतिविधियां काफी सक्रिय रही हैं.**

### बौद्ध देवी तारा ही भद्रकाली

यहां का सबसे चर्चित ऐतिहासिक स्थल इटखोरी का भद्रकाली मंदिर, चतरा जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है. हजारीबाग-बरही मार्ग से पद्मा होकर यहां सुगमता से पहुंचा जा सकता है. यह क्षेत्र वर्ष 1770 से पूर्व छः परगना के शासकों के आधिपत्य में था. 1917 में प्रकाशित जिला गजेटेड में श्री लिस्टेड ने इटखोरी के पुरावशेषों और इतिहास की विस्तृत चर्चा की है. डी. आर. पाटील ने भी अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'द एंटीक्वेरियन रीमेंस इन बिहार' में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वार्षिक प्रतिवेदन 1920-21 के हवाले से भी इटखोरी के बारे में सूचना दी. इन्हीं स्रोतों से पता चलता है कि इटखोरी के किसी तालाब के किनारे काले पत्थर की बनी बौद्ध देवी तारा की अभिलेख युक्त मूर्ति पाई गई थी. यह मूर्ति दर असल 1918 में इटखोरी के पुरातात्विक अन्वेषण के दौरान प्रो0 हीरानंद शास्त्री को प्राप्त हुई थी जो मूर्ति विज्ञान के विशेषज्ञ हैं. प्रो0 शास्त्री ने बौद्ध देवी तारा की प्रतिमा को उसके लक्षणों के आधार पर पहचाना था. आगे चलकर इसी प्रतिमा को भद्रकाली के रूप में इटखोरी के मुख्य मंदिर में स्थापित किया गया, क्यों बौद्ध देवी तारा हिंदू देवी पार्वती का प्रतिरूप ही हैं. मूर्ति के निचले हिस्से में प्रोटो बांग्ला लिपि में पाल शासक महेंद्र पाल देव (988-1038)का अभिलेख है- महेंद्र राजे अश्विन अनुष्ठाने.



### राम के वनवास से जुड़ी हैं कथाएं

मुहाने और बक्सा नदियों के संगम पर स्थित इटखोरी गांव भद्रकाली मंदिर के लिए देशभर में प्रसिद्ध है. रजरप्पा की तरह ही इस क्षेत्र को दूसरे महत्वपूर्ण शक्तिपीठ के रूप में मान्यता प्राप्त है. इस स्थल पर सनातन, बौद्ध एवं जैन धर्मों का समागम हुआ है. सनातन धर्मावलंबियों के लिए यह पावन भूमि मां भद्रकाली तथा सहस्त्र शिवलिंग महादेव का सिद्ध पीठ के रूप में आस्था का केंद्र है. वहीं बौद्ध लोगों के लिए यह स्थल भगवान बुद्ध की तपोभूमि के रूप में प्रसिद्ध है. इसी स्थान को जैन धर्म के दसवें तीर्थ तीर्थंकर भगवान शीतल नाथ स्वामी की जन्म भूमि की मान्यता प्राप्त है. जनश्रुतियों के अनुसार प्राचीन काल में तपस्वी मेघा मुनि ने अपने तप से इस परिसर को सिद्ध पीठ के रूप में स्थापित किया था. भगवान राम के वनवास तथा पांडवों के अज्ञातवास की पौराणिक धार्मिक कथाओं से मां भद्रकाली मंदिर परिसर को जोड़ा जाता रहा है लेकिन ये सब जनश्रुतियां ही हैं, पुरातात्विक रूप से इसे अभी तक साबित नहीं किया जा सका है.

### पाल कालीन मूर्तियां

यहां हाल ही में भव्य प्रवेश द्वार के साथ एक भव्य मंदिर का निर्माण किया गया, जिसमें मां भद्रकाली की काले पत्थर की 5 फीट ऊंची चतुर्भुज मूर्ति स्थापित की गई है, जिसकी चर्चा ऊपर की जा चुकी है. इस मंदिर के गर्भगृह में, भद्रकाली की प्रतिमा के अलावा, दीवारों पर सूर्य, उमा महेश्वर, विष्णु आदि की मूर्तियां भी छोटे खाने बनाकर उसमें स्थापित कर दी गई हैं. ये सारी मूर्तियां ब्लैक बेसाल्ट पत्थर की है और इनका निर्माण शैली पाल कालीन है.



**जनश्रुतियों के अनुसार प्राचीन काल में तपस्वी मेघा मुनि ने अपने तप से इस परिसर को सिद्ध पीठ के रूप में स्थापित किया था. भगवान राम के वनवास तथा पांडवों के अज्ञातवास की पौराणिक धार्मिक कथाओं से मां भद्रकाली मंदिर परिसर को जोड़ा जाता रहा है.**

### प्रतिवर्ष लगता विशाल मेला

इस स्थल के धार्मिक महत्व को देखते हुए बहुत पहले से नवरात्र तथा शिवरात्रि जैसे पर्वों के समय यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है, भव्य मेला भी लगता है और अब तो इस स्थल की महत्ता को देखते हुए राज्य सरकार ने इसे 'राजकीय इटखोरी समारोह' घोषित कर दिया है, जहां प्रतिवर्ष 19 से 21 फरवरी तक तीन दिनों का विशाल मेला आयोजन होता है. इस मेले में मां भद्रकाली का दर्शन करते देश भर से श्रद्धालु पहुंचते हैं.

### सदियों पहले था भव्य मंदिर

इस मुख्य मन्दिर के निर्माण के लिए नींव की खुदाई के दौरान लगभग 500 प्रस्तर मूर्तियां भी निकली थीं जिन्हें एक संग्रहालय का रूप देकर मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रदर्शित कर दिया गया है, जिसे बाद में पर्यटन विभाग द्वारा और विकसित कर दिया गया है. खुदाई में इतनी बड़ी संख्या में प्राप्त इन मूर्तियों को देखकर यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि यहां सातवीं-आठवीं शताब्दी के आसपास एक भव्य मंदिर रहा होगा, जो किसी कारणवश धराशायी हो गया और बाद में इसी स्थान पर स्थानीय निवासियों के प्रयास से यहां इस नए विशाल भद्रकाली मंदिर की स्थापना हुई, जो आज पूरे देश में जाना जाता है.

### इन धर्मों के लिए भी महत्वपूर्ण

पुरातात्विक दृष्टिकोण से यह क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण है और भद्रकाली मंदिर के समीप ही लेखक द्वारा बिहार स्थल गांव में एक स्तूप के अवशेष भी देखे गए, जिसके उत्खनन के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से उन्हें अनुमति भी प्राप्त हुई थी. बौद्ध धर्म से संबंधित अनेक मूर्तियां और मनौती स्तूप आदि यहां प्राप्त हुए हैं. हिंदू धर्म से संबंधित मूर्तियों की भी संख्या काफी है. जैन धर्म से संबंधित मूर्तियां आदि भी देखने को मिलती हैं. इस प्रकार इटखोरी का यह स्थल तीनों धर्म के लिए महत्व रखता है और इन तीनों धर्मों के श्रद्धालु सालों भर यहां आकर मां भद्रकाली मंदिर के साथ साथ यहां के संग्रहालय का भी भ्रमण करते हैं.

## शुभ और सुखद हो नए घर में प्रवेश



आचार्य अजय कुमार मिश्रा

नवरात्रि के दौरान विशेष कर दशमी तिथि को नए घर में प्रवेश शुभ माना जाता है. कई बार नए घर में प्रवेश के बाद सब कुछ अच्छा सा नहीं नजर आता. कभी परिजनों का बीमार होना तो कभी बनते काम का बिगड़ना जैसे लक्षण नए घर के उत्साह को कमजोर कर देते हैं. वास्तुशास्त्र के सुझाव है कि ऐसा नहीं हो, इसलिए नए भवन में प्रवेश से पूर्व निम्नलिखित उपाय अवश्य करने चाहिए-

**अगर** नए मकान में आते ही रोजगार व्यवसाय में हानि या गिरावट महसूस हो, बरकत में कमी होने लगे, तो कच्चे धानी के सरसों का तेल का दान करें. 11 शनिवार तक शाम को पीपल पेड़ के नीचे सरसो तेल का दीया जलाएं.

**कई** बार बच्चे बेकहल से हो जाते हैं, माता-पिता की बात नहीं सुनते. पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते. ऐसी समस्या होने पर घर के द्वार पर सूर्य यंत्र लगाएं. साथ ही अपने पूजा स्थल पर भी सूर्य यन्त्र स्थापित कर उसकी अराधना करें.

**नए** घर में आने के बाद नींद न आने की शिकायत हो गयी है, तो पांच हल्दी की गांठ को पीले कपड़े में बांध कर अपने सोने वाले तकिए में रखें, साथ ही मकान के कच्चे भाग में हरा धनिया उगाएं. अनिद्रा की समस्या बहुत हद तक दूर हो जाएगी.

**अगर** नए मकान में आते ही परिवार में कोई बीमार रहने लगे, तो कुछ दिनों तक खाने के बाद गुड़ का प्रयोग कर के देखिए.

**नए** घर में आने के बाद से ही स्वास्थ्य बिगड़ रहे हों तो पूरे भवन में पीले रंग के पर्दे का प्रयोग करें तथा सारे मकान में हल्दी के घोल के छींटें मारें. इससे नवग्रहों में सर्वाधिक शुभ ग्रह बृहस्पति के आर्शीवाद से घर-परिवार फलने-फूलने लगेगा.

**एक** बड़ा वास्तुदोष है मकान में हवा का आगमन सुचारू रूप से नहीं होना. इसके निवारण के लिए सफेद वस्तुओं का दान करें, जैसे, सफेद चावल, कपूर आदि.

अगर सूर्योदय के बाद सूर्य की रोशनी/किरणें मकान में नहीं आतीं और मकान में अंधेरा सा रहता है, तो यह भी वास्तु दोष का एक प्रकार है. इस कारण दुर्भाग्य, रोग-शोक की समस्याएं परेशान करती हैं. निवारण के लिए रात को लाल मसूर की दाल को मकान में चारों तरफ फैला दें, तथा सुबह उठकर उसे बाहर फेंक दें.

**मकान** में सीलन की समस्या गर बार-बार होती है तो यहां रहने वालों में सांस संबंधी बीमारी की आशंका होती है. इसके निवारण के लिए प्रत्येक सोमवार को खीर का भोग भगवान को लगाएं. फिर खुद भी इसका सेवन करें और परिजनों में भी वितरित करें.

**कई** बार नए घर में प्रवेश करने के बाद लगाए गए पेड़-पौधे सूखने लगते हैं या अधिक फल-फूल नहीं देते. कई बार नए घर में तुलसी जी का पौधा बार-बार सूख जाता है. आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं तो गमले के नीचे थोड़ा चावल और कूपर रख कर देखें. साथ ही मिट्टी पर भी कुछ चावल बिखेर दें.

# जगजननी की स्तुति में जनमानस का जागरण



डॉ मयंक मुरारी

**प्रकृति की शक्ति सदैव हमको जगाती है. अस्तित्व की ऊर्जा हर क्षण प्रवाहित हो रही है. लेकिन हमारा अंतर्जगत सुप्तावस्था में रहता है. ऋतु संक्रमण के माध्यम से शक्ति अपनी ऊर्जा को जागरण का कारण बनाती है. अस्तित्व की वह ऊर्जा ही शक्ति का निनाद है. वह निनाद हमारे अंतर्नाद को चोट करता है. वह अवसर प्रदान करता है कि हम जगत के सौंदर्य को पहचानें. अस्तित्व की खिलावट को महसूस करें.**

### तिमिर का करते नाश

जगतजननी की अनुकंपा जब बरसने लगती है, तब हमारे अंदर पात्रता का भाव आता है. देवी पाठ के माध्यम से ध्वनि के द्वारा अपने भीतर हम नाद पैदा करते हैं. इससे हमारी ऊर्जा को विस्तार मिलता है. मार्कण्डेय पुराण में वर्णित ये सात सौ श्लोक अपने शब्द संयोजन की ध्वनि से हमारे अंदर के तिमिर का नाश कर उसे अक्षत आलोक से उद्भाषित करते हैं. इनके सस्वर पाठ से हमारे अंदर एक रसायनिक परिवर्तन होता है, जो आत्मिक शक्ति के जागरण का कारण बनते हैं. अंतशक्ति का जागरण ही और उसका विस्तार ही नवरात्र का लक्ष्य है, जिसके परिणामस्वरूप हमारी शक्तियों सृष्टि में प्रवाहित अस्तित्व की प्राण ऊर्जा से जागृत होती है.

### सप्तमातृका

देवी के कई रूप हैं. त्रिमहादेवी, पंचदेवी, सात बहनियां, अष्टमातृका, नवदुर्गा, दशमहाविद्या, द्वादशप्रधानदेवी, षोडश देवी, अष्टादश शक्ति की साधना एवं पूजन की परंपरा हजारों साल से भारतीय जनमानस के केंद्र में रहा है. शतपथ ब्राह्मण में सप्तमातृका का वर्णन है. यह सप्तमातृका ही भारत के गांव-गांव में सातों बहिनयां, शीतला माता के रूप में पूजन किया जाता है. महादेवी के इस सप्तमातृका रूप को रुद्र के सात बहनों के रूप में उल्लेख मिलता है. दुर्गा की ये सात शक्तियां ही ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, बाराही, नरसिंही और ऐंद्री है. देवी के इस सप्तमातृका के रूप का वर्णन विक्रमादित्य के दरबारी साहित्यकार अमर सिंह ने अपने अमर कोष में किया है. उनकी यह कलाकृति हरेक गांवों में मिल जाएगी, जहां गांव के हरेक परिवार कोई भी शुभ अनुष्ठान की शुरूआत माता की पूजन और मांगलिक कर्मकांड से करता है.



### दुष्टों के लिए संहारकारी

भारतीय जनमानस जब माता की आराधना में जगजननी भजन का गायन करता है, तब उसमें भगवती के योगिन रूप को अष्टमातृका और नव नव दुर्गा के रूप में स्मरण किया जाता है. वह कई रूप धारण करती है. वह कई शस्त्रों को धारण करती है. परमधारम उनका निवासस्थल है. वही शक्ति है, और वही राधा, सीता, पार्वती, शिव, राम और कृष्ण है. माता करूणामयी है और दुष्टों के लिए संहारकारी भी है. माता दुर्गा ने शक्ति के कई स्वरूप में दुष्टों का संहार किया है. शुंभ निशुंभ से युद्ध करते हुए मां सरस्वती की रक्षा के लिए देवताओं ने अपने सप्तमातृका शक्ति को भेजा था. इसका उल्लेख मातृवात्सल्यविंदानम् में विस्तार से किया गया है. इस युद्ध में देवताओं की सेनापति माता काली बनीं. काली के सात रूपों में भैरवजी को माता के एकमात्र भाई के रूप में पूजन किया जाता है. हरेक गांव के देवस्थान में उनको देवियों के भाई के रूप में स्थान दिया गया है. सप्तमातृका की पूजन में शक्तिपूजन का स्थान भैरवजी का है और उनके बिना देवी आराधना का कर्म पूरा नहीं होता है. काली रहस्य में वर्णन किया गया है कि -

काली, कपालिनी, कांता, कामदा. कालसुंदरी, कालरात्रि, कालिका च काल भैरवपूजिता।।

### गांवों में ब्रह्मस्थान पर स्थापित

मंदिरों में सप्तमातृका के पूजन के लिए मिट्टी की पिंडी बनायी जाती है. देवी के सप्तमातृका के रूप को पिंडी के माध्यम से व्यक्त किया जाता है. कई स्थानों पर यह पिंडी पत्थर के बनाकर उसमें माता के रूप, आकार आदि को उकेरा जाता है. इन पिंडी के पास ही भैरव को स्थान दिया जाता है. कई विद्वानों ने सप्तमातृका के रूप में वृत्ति, श्री, वाणी, स्मृति, मेधा, धृति व क्षमा को जोड़ा गया है. ऐसा ही उल्लेख श्रीमदभावगत गीता में भी आया है. सात बहनों के रूप में देवी का यह स्वरूप गांव को विघ्न और बाधाओं से बचाने के लिए होता है. आज भी गांवों में ब्रह्मस्थान पर सात पिंडी के रूप में देवी स्थान कायम है. बाहर से आनेवाला हरेक व्यक्ति पहले ब्रह्मस्थान और सात पिंडी के समक्ष नतमस्तष्क होता है. उसके बाद ही गांव के प्रवेश करता है. माता के इस रूप की आराधना भारतीय जीवन दर्शन में सामाजिक सरोकार के साथ पारिवारिक मूल्यों एवं मानवीयता को उद्भाषित और सवंर्द्धित करने का एक विधान रहा है.

### कन्या भोजन से दूर होते दोष

नवरात्रि में अष्टमी और नवमी के दिन कन्या भोजन का विधान है. इसके पीछे तथ्य यह है कि दो वर्ष से दस वर्ष की आयु वाली नौ कन्याओं को भोजन कराने से व्यक्ति के समस्त दोष खंडित हो जाते हैं. पूजा संस्कार में एक शब्द आता है प्रतिगृह्यताम. इसका तात्पर्य यह होता है कि मनुष्य के रूप में मैं ईश्वर से निवेदन करता हूं कि मैं आपको निश्चित वस्तु को अर्पित कर रह हूं और आप मुझे भी अभीष्ठता प्रदान करें. दो वर्ष की कन्या को कौमारी कहा जाता है. इसके पूजन से दुख और दरिद्रता खत्म होती है. तीन वर्ष की कन्या त्रिमूर्ति कहलाती है जिसके पूजन से धन-धान्य की प्राप्ति होती है और संपूर्ण परिवार में कल्याण आता है. चार वर्ष की कन्या को कल्याणी कहा जाता है जो सुख की प्राप्ति कराती है. पांच साल की कन्या रोहणी होती है, जिसके पूजन से व्यक्ति रोगमुक्त होता है. छह वर्ष की कन्या कालिका होती है जिसके पूजन से विद्या और राजयोग प्राप्त होता है. सात साल की कन्या को चंडिका माना जाता है. वह ऐश्वर्य की दात्री होती है. आठ साल की कन्या शाम्भवी के रूप में व्यक्ति को लोकप्रियता प्रदान करती है. नौ वर्ष की कन्या दुर्गा के रूप में शत्रु पर विजय प्रदान करती है. दस वर्ष की कन्या सुभद्रा कहलाती है. वह सभी मनोरथ को पूरा करती है.

### संतुलन स्वरूप अर्द्धनारीश्वर



देवी और देवता के सभी रूपों में उनका अर्द्धनारीश्वर के स्वरूप दिखता है. परमात्मा पुरुष है. वह नारी भी है. वह दोनों एक साथ है. हमारा जीवन भी दोनों का संतुलन है. वह सृजन और पालन के मध्य है. उससे परे और पूरा भी है. शिव का अनंत स्वरूप है. अर्धनारीश्वर का स्वरूप इसमें सर्वश्रेष्ठ और संपूर्ण है. जब अस्तित्व का दो स्वरूप पुरुष और प्रकृति (स्त्री) अपनी पूर्ण दिव्यता और भव्यता के साथ प्रकट होता है, तो वह अर्धनारीश्वर का रूप होता है. यह ब्रह्म की कल्पना है. इसमें नारीत्व और पुरुषत्व दोनों आधा-आधा है. पुरुष प्रकृति (स्त्री) का संयोजन रूप में विराट सृजन और पालन का गुरुत्व दायित्व निर्वहन कर रहा है. उसी प्रकार हरेक प्राणवान सत्ता इस दोहरी भूमिका को अदा करता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## दक्षिण अफ्रीका के सामने नीदरलैंड की चुनौती कमजोर



भाषा। धर्मशाला

विश्व कप में अब तक शानदार फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका ने विरोधी टीमों के लिये खतरे की घंटी बजा दी है और मंगलवार को नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करके वह अपनी स्थिति और मजबूत करने उतरेगी. पिछले दो मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने दिखा दिया कि अब वह 'चोकर्स ' (दबाव के आगे घुटने टेकने वाले) का ठप्पा हटाने के इरादे से आये हैं. दिल्ली में पहले मैच में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट पर 428 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बाद उसने 102 रन से जीत दर्ज की . इसके बाद लखनऊ में पांच बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराया. आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें जहां अपने रसूख के अनुरूप नहीं खेल पा रही है, वहीं दक्षिण अफ्रीका ने हर विभाग में दमदार खेल दिखाया है . विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्कराम ने प्रभावित किया है. तीनों ने श्रीलंका के खिलाफ शतक जमाये जबकि हेनरिच क्लासेन और डेविड मिलर ने भी उपयोगी पारियां खेली. श्रीलंकाई बल्लेबाजों के सामने उसके गेंदबाज उतने प्रभावी नहीं रहे लेकिन अगले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने वापसी की. डिकॉक ने लगातार दूसरा शतक जमाया जबकि गेंदबाजी में मार्को जेनसेन और कैगिसो रबाडा प्रभावी रहे. दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच 177 रन से जीता. नीदरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की नजरें बड़े अंतर से जीत दर्ज करने पर लगी होंगी.

### इंग्लैंड को अब सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : जोस

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के हाथों विश्व कप में अप्रत्याशित हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि उन्हें अब अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा. अफगानिस्तान ने यहां रविवार को इंग्लैंड को 69 रन से हराया. यह विश्व कप मैच में अफगानिस्तान की दूसरी जीत थी और अब वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है. अभी इंग्लैंड को भारत, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों का सामना करना है. बटलर ने कहा कि मैने पहले भी कहा है कि हम इस तरह से शुरूआत नहीं करना चाहते थे. लेकिन अब हम इन हालात में हैं तो आगे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा.

### ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराया

लखनऊ। ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी वनडे विश्व कप मैच में सोमवार को यहां श्रीलंका को पांच विकेट से शिकस्त देकर पहली जीत दर्ज की. श्रीलंका की पारी को 43.3 ओवर में 209 रन पर रोकने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 35.2 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया. ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिस ने 58 जबकि मिशेल मार्श ने 52 रन का योगदान दिया. श्रीलंका के लिए दिलशान मधुशंका ने तीन विकेट लिये.श्रीलंका ने अच्छी शुरूआत की थी. पर आस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को विकेट पर जमने नहीं दिया.



### झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023

**दुमका ।** दुमका में सोमवार को झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का अनावरण व प्रदर्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया. इस अवसर पर डीआईजी दुमका सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त आंजेनेयुलु दोड्डे,डीएसपी विजय कुमार,जिला खेल पदाधिकारी तूफान पोद्दार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती के साथ शहर के गणमान्य नागरिक, खेलप्रेमी, खिलाड़ी, स्कूली छात्र-छात्राएं और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे.

### प्रवीण कुमार ताइक्वांडो राष्ट्रीय रेफरी की उपाधि से सम्मानित

**कोडरमा ।** कोडरमा के प्रवीण कुमार को ताइक्वांडो राष्ट्रीय रेफरी की उपाधि से सम्मानित किया गया है. ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित रेफरी सेमिनार का आयोजन ओडिशा के पुरी में किया गया. जिसमें कोडरमा के प्रवीण जोशी ने भी भाग लिया. वर्ल्ड ताइक्वांडो संघ के निर्देशानुसार यह सेमिनार आयोजित की गई. इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों एवं रेफरी को नए रूल से अवगत कराना था. यह सेमिनार 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर को पुरी में आयोजित की गई.

### शुभ लक्ष्मी बनी बिहार महिला टीम की प्रशिक्षक



**रांची।** हजारीबाग की रहने वाली पूर्व अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी शुभ लक्ष्मी शर्मा को बिहार महिला सीनियर क्रिकेट टीम का प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है. शुभ लक्ष्मी पिछले वर्ष तक झारखंड महिला क्रिकेट टीम की सदस्य रही. उनकी इस उपलब्धि पर कई खिलाड़ियों और अधिकारियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है.

## आईओसी की बैठक में लगी मुहर

# 128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी

भाषा। मुंबई

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने का फैसला ले लिया है. मुंबई में आईओसी के 141वें सत्र की बैठक में यह फैसला लिया गया. आईओसी के कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में क्रिकेट समेत पांच खेलों को शामिल करने के फैसले पर मुहर लगाई गई. क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था. यानी 128 साल बाद लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में इसकी वापसी हो रही है.

**क्रिकेट के अलावा चार और खेल 2028 ओलंपिक में होंगे शामिल :** आईओसी कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में क्रिकेट समेत पांच खेलों को शामिल करने के फैसले पर मुहर लगाई गई. इनमें क्रिकेट के अलावा बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लेक्रोस समेत पांच नए खेलों को शामिल कर लॉस एंजिलस आयोजकों के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई. इसको लेकर प्रस्ताव पहले ही पास हो चुके थे. हालांकि, सभी नए खेलों को 2028 लॉस एंजिलिस खेलों में जगह सुनिश्चित करने के लिए आईओसी सदस्यता द्वारा मत हासिल करने की आवश्यकता थी. सोमवार को आधिकारिक रूप से पांचों नए खेलों को शामिल कर लिया गया. लॉस एंजिलिस-28 आयोजन समिति द्वारा पांच खेलों को शामिल करने के प्रस्ताव का आईओसी के 99 सदस्यों में से मतदान करने वाले केवल दो सदस्यों ने विरोध किया.

**आईओसी ने ट्वीट कर दी जानकारी :** आईओसी मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की. उन्होंने लिखा है कि लॉस एंजिलस ओलंपिक में पांच नए खेलों को शामिल करने के आयोजन समिति के प्रस्ताव को आईओसी सत्र द्वारा स्वीकार कर लिया गया है. साथ ही आईओसी ने क्रिकेट के आगे टी-20 लिखा, यानी क्रिकेट के मुकाबले टी-20 फॉर्मेट में खेले जाएंगे. इनमें पुरुष और महिला क्रिकेट के मुकाबले शामिल होंगे. इससे पहले 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भी क्रिकेट की वापसी हुई थी, लेकिन उसमें सिर्फ महिलाओं का टी-20 मुकाबला खेला गया था. भारतीय महिला टीम ने उसमें रजत पदक जीता था.

**5 नए खेलों को शामिल करने का फैसला**

**बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लेक्रोस को भी मिली जगह**



### 1900 के पेरिस ओलंपिक में शामिल था क्रिकेट

क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जहां इंग्लैंड और फ्रांस स्वर्ण पदक के लिए भिड़े थे. हालांकि, लंबे समय से क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की कोशिशें चल रही थीं और अब जाकर यह सफल हो पाया है. दरअसल, आईओसी क्रिकेट की लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए भारतीय उपमहाद्वीप के बाजार को भुनाने की कोशिश करेगा. इसी वजह से पुरुष और महिला टी-20 क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किया जाएगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक क्रिकेट के शामिल होने पर 2024 के पेरिस ओलंपिक में प्रसारण अधिकार 158.6 करोड़ रुपये के मुकाबले 2028 में 1525 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है. क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने के फैसले पर आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने भी खुशी जताई है.

### आईसीसी के साथ मिलकर काम करेगा आईओसी

इससे पहले आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा था कि भाग लेने वाली टीमों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है. हम आईसीसी के साथ काम करेंगे. हम किसी भी देश के व्यक्तिगत क्रिकेट अधिकारियों के साथ काम नहीं करेंगे. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल के सहयोग से हम देखेंगे कि क्रिकेट को और अधिक लोकप्रिय कैसे बनाया जा सकता है.

### क्रिकेट का होगा वैश्विक विस्तार

**बेंगलुरू।** करीब ढाई अरब से अधिक प्रशंसक और दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढता टीवी राजस्व. आंकड़ों की दृष्ट से क्रिकेट भले ही फुटबॉल के बाद सबसे लोकप्रिय वैश्विक खेल लगता हो लेकिन सही मायने में इसका विस्तार राष्ट्रमंडल देशों तक ही हो पाया है. इसमें भी भारत क्रिकेट की धुरी रहा है. अब 2028 लॉस एंजिलिस खेलों में टी-20 क्रिकेट की वापसी से खेल और व्यवसाय दोनों लिहाज से फायदा नजर आ रहा है. ओलंपिक क्रिकेटरों को ऐसा मंच देगा जो शायद विश्व कप से भी बड़ा होगा. ओलंपिक पदक गले में पहने पोडियम पर खड़े होकर राष्ट्रगान सुनने पर जो गौरव अनुभव होता है, उससे क्रिकेट अभी तक वंचित रहे हैं. कैरेबियाई राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के संघ के अध्यक्ष कीथ जोसेफ ने कहा कि ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया जाना शानदार खबर है. इससे क्रिकेट की वैश्विक छवि बनेगी. उन्होंने लॉस एंजिलिस खेलों में क्रिकेट को शामिल किये जाने के आईसीसी के प्रयासों का पुरजोर समर्थन किया था. उन्होंने कहा कि टी-20 युवा दर्शकों को लुभाता भी है. अमेरिका 2024 में टी-20 विश्व कप का सह मेजबान है जो ओलंपिक से पहले खेल की लोकप्रियता बढाने में मददगार होगा. वैसे यह सोचना गलत है कि महज ओलंपिक में शामिल होने से क्रिकेट फुटबॉल की तरह लोकप्रिय हो जायेगा. आईसीसी महिला और पुरूष टी20 रैंकिंग में क्रमशः 66 और 87 देश हैं जबकि फीफा पुरूष टीम रैंकिंग में 207 और महिला वर्ग में 186 देश हैं. वैसे टी-20 प्रारूप अफ्रीका, यूरोप और लातिन अमेरिका तक पहुंच गया है.

## ग्रुप सी में रेलवे, गुजरात व गोवा की टीमें जीती

खेल संवाददाता । रांची



16 से 27 अक्टूबर तक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 16 वें एडिशन की शुरूआत हो चुकी है. सोमवार को जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ग्रुप सी के मुकाबले खेले गए. पहले दिन रेलवेज ने मणिपुर, गुजरात ने अरूणाचल प्रदेश और गोवा ने आंध्र प्रदेश को मात देकर पूरे अंक अर्जित किए.

**रेलवेज ने मणिपुर को 9 विकेट से हराया :** जेएससीए के मुख्य मैदान के रेलवेज और मणिपुर के बीच खेले गए मुकाबले में रेलवेज ने 9 विकेट से जीत दर्ज की. टॉस जीतकर रेलवेज ने गेंदबाजी का फैसला किया. मणिपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाए. टीम की और पुखरंभम प्रफुल्लोम ने सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली. वहीं रेलवेज की ओर से आकाश पांडे ने 6 रन देकर 4 विकेट झटके. लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवेज की टीम ने 11 वें ओवर में 1 विकेट खोकर 116 रन बनाकर जीत दर्ज की. विजेता टीम की ओर से प्रथम सिंह ने नाबाद 67 रनों की पारी खेली. वहीं शिवम चौधरी ने 16 गेंदों में 35 रन मारकर जीत में योगदान दिया.

**गुजरात ने अरूणाचल प्रदेश को 6 विकेट से हराया :** जेएससीए के ओवल ग्राउंड में गुजरात और अरूणाचल प्रदेश के बीच मुकाबला खेला गया. जिसमें गुजरात ने 6 विकेट से जीत दर्ज की. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अरूणाचल की टीम ने 8 विकेट पर 126 रनों का स्कोर खड़ा किया. अरूणाचल के कप्तान नीलम ओबीआई ने सर्वाधिक 29 रनों की पारी खेली. गुजरात की ओर से रवि बिस्नोई, चिंतन गाजा, अर्जन ने 2-2 विकेट झटके. दूसरी पारी में गुजरात के सौरभ चौहान के 18 गेंदो में 61 उमंग के 13 गेंदो में 37 रन के तेज पारी के बदौलत 7.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 131 रन बनाए और जीत दर्ज की. अरूणाचल के सभी गेंदबाजों की जम कर धुनाई हुई.

**गोवा ने आंध्रा को 31 रन से हराया :** दिन का तीसरा मुकाबला जेएससीए के ओवल ग्राउंड में गोवा और आंध्र प्रदेश के बीच खेसा गया. जिसमें गोवा ने 31 रनों से जीत दर्ज की. टॉस हारकर गोवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 232 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया. टीम के कप्तान दर्शन मिसाल ने 61, राहुल त्रिपाठी ने 47 और अंत में टूनिश सवकार 34 और सिद्धार्थ 32 ने तेज पारी खेली. आंध्रा की ओर से हरिशंकर और पृथ्वी राज ने 2-2 विकेट झटके. विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी आंध्रा 201 रन बनाकर ढेर हो गई. आंध्रा के उपरी क्रम के बल्लेबाज हनुमा विहारी 58, कप्तान केएस भरत और अश्विन हेब्बर ने 31-31 रनों की पारी खेली. गोवा की ओर से लक्ष्य गर्ग और अर्जुन तेंदुलकर ने 3-3 विकेट झटके.

## एनसीसी जामदा की दूसरी जीत

### सीसीसी चक्रधरपुर को पराजित किया

संवाददाता । चाईबासा

30वीं एसआर रुंगटा बी-डिविजन लीग के अंतर्गत खेले गए सोमवार के मैच में नेशनल क्रिकेट क्लब बड़ाजामदा की टीम ने चक्रधरपुर क्रिकेट क्लब को 31 रनों से पराजित कर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा. इस प्रतियोगिता में नेशनल क्रिकेट क्लब की यह लगातार दूसरी जीत है. इससे पूर्व इन्होंने जगन्नाथपुर क्रिकेट क्लब को 26 रनों से पराजित किया था. जीत के साथ ही एनसीसी जामदा की टीम के कुल 8 अंक हो गए हैं और अगर कोई चमत्कार नहीं हुआ तो इसका क्वार्टर फाईनल में खेलना लगभग तय है. स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए मैच में टॉस नेशनल क्रिकेट क्लब के कप्तान ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए नेशनल क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 28 ओवर में 162 रन बनाकर आल आउट हो गई. उद्घाटक बल्लेबाज प्रवीण साहनी ने चार चौकों एवं एक छक्का की मदद से 31 रन तथा मुस्तफा अंसारी ने तीन चौकों एवं एक छक्का की मदद से 26 रन बनाए. दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी निभाकर टीम को ठोस शुरुआत दी. लेकिन बाद के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए. मध्यम क्रम में यशस्वी गौतम ने 26 रन, विद्यालय मनोज कुमार महतो ने 14 रन तथा आयुष आर्या ने 11 रन बनाए. चक्रधरपुर क्रिकेट क्लब की ओर से ओवैस अंसारी ने 21 रन देकर तीन तथा एसएच रहमान ने 31 रन देकर तीन खिलाड़ियों को आउट किया. जीत के लिए निर्धारित 30 ओवरों में 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चक्रधरपुर क्रिकेट क्लब की शुरुआत काफी अच्छी रही. दोनों उद्घाटक बल्लेबाज ओवैस अंसारी एवं अंकित कुमार सिंह ने पहले विकेट के लिए मात्र पांच ओवर में ही पचास रन ठोक कर शानदार शुरुआत दी परन्तु इनके आउट होने के बाद पूरी टीम 28.1 ओवर में 131 रन बनाकर आल आउट हो गई. अंकित कुमार सिंह ने तीन चौकों एवं एक छक्का की सहायता से 24 रन बनाए.

### नजरें ग्रैंडस्लैम और ओलंपिक पात्रता पर टिकी है : रूतुजा भोसले

**नई दिल्ली ।** रोहन बोपन्ना जैसे अनुभवी खिलाड़ी के साथ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने को सपना सच होने जैसा करार देते हुए टेनिस खिलाड़ी रूतुजा भोसले ने कहा कि अब उनकी नजरें ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक पर है. रूतुजा और बोपन्ना ने हांगझोउ एशियाई खेलों की मिश्रित युगल स्पर्धा में पीला तमगा जीता. रूतुजा ने कहा कि रोहन ने जब मिश्रित युगल मेरे साथ खेलने का फैसला किया तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ . आम तौर पर मैं एकल या महिला युगल खेलती हूं लेकिन एशियाई खेलों में तीनों स्पर्धाओं में भाग लिया जो शानदार अनुभव था.

## फील्ड अपडेट

### पीसीएस की महिला कबड्डी टीम फाइनल में



**किरीबुरु।** बिहार के वैशाली जिला अन्तर्गत भगवानपुर स्थित बुद्धा वर्ल्ड स्कूल में आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल बिहार-झारखंड कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में सेल की किरीबुरु प्रबंधन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट सेंट्रल स्कूल की गर्ल्स कबड्डी टीम पहुंची. इस प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट सेंट्रल स्कूल किरीबुरु की टीम लगातार अपना परचम लहराते हुए प्रथम मैच 40 -13, द्वितीय मैच 43-15, तृतीय मैच 34 -31 और चौथा मैच 84- 26 से जीत हासिल कर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया.

### जापान ओपन : थॉम्पसन ने उलटफेर किया

**तोक्यो।** जॉर्डन थॉम्पसन ने सोमवार को जापान ओपन के शुरुआती दौर में नौवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 6-4 से हराकर मौजूदा सत्र में शीर्ष 10 रैंकिंग में शामिल खिलाड़ियों पर अपनी दूसरी जीत दर्ज की. यह दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरा मुकाबला था. ऑस्ट्रेलिया के 29 साल के इस खिलाड़ी को छह साल पहले ज्वेरेव ने हराया था. थॉम्पसन ने पांच में चार ब्रेक प्वाइंट का बचाव कर ज्वेरेव को शिकस्त दी. उन्होंने मार्च में इंडियन वेल्स में सातवीं रैंकिंग वाले स्टेफानोस सितसिपास को भी हराया था. थॉम्पसन के सामने अगले दौर में शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बेन शेलटन या क्वालीफायर टारो डेनियल की चुनौती होगी.

### जमशेदपुर में दिखी फुटबॉल की दिवानगी




**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर एफसी और पंजाब एफसी के बीच 22 अक्टूबर को मैच जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा. मैच के लिए टिकट की बिक्री सोमवार से बॉक्स ऑफिस (टिकट काउंटर) शुरू हो गई है. पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर फुटबॉल प्रेमियों की भीड़ देखने को नहीं मिली. दुर्गा पूजा के दौरान 22 अक्टूबर को जमशेदपुर एफसी और पंजाब एफसी के बीच मैच खेला जाएगा. 22 अक्टूबर को महाअष्टमी है, जिसका अपना महत्व है. लोग इस दिन व्रत रखते हैं. वैसे भी दुर्गा पूजा को लेकर जमशेदपुर वासियों में अलग जुनून होता है. वहीं जमशेदपुर के लोगों में फुटबॉल के प्रति भी दीवानगी देखने को मिलती है. लोग टिकट काउंटर पर लाइन लगा कर टिकट खरीदने से ज्यादा ऑनलाइन टिकट खरीदने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं.

**फुटबॉल** सारंडा के युवा खिलाड़ी ने राजस्थान यूनाइटेड एफसी में जगह बनाई

## असफलता से सीख लेकर सफलता की ओर अंशु

संवाददाता । किरीबुरु

कहते हैं कि कोशिश व मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती. असफला ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है. झारखंड का सबसे पिछड़ा क्षेत्र सारंडा के मेघाहातुबुरु का युवा एवं होनहार फुटबॉल खिलाड़ी अंशु हेस्सा पूर्ति (21 वर्ष) अपना भविष्य बनाने की दिशा में अग्रसर है. अंशु के पिता आनंद हेस्सा पूर्ति सेलकर्मी और माता मैनो हेस्सा पूर्ति हैं. अंशु पूर्ति का चयन कड़ी परिश्रम, लगन व बेहतर खेल प्रतिभा की बदौलत आज राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब में किया गया. अंशु को इस क्लब ने रिजर्व खिलाड़ी के रुप में अपने बी टीम में शामिल किया है. वह बतौर गोलकीपर के तौर पर खेलता है.



युवा फुटबॉल खिलाड़ी अंशु हस्सा पूर्ति अपने माता-पिता व साथी खिलाड़ी जौनसन के साथ.

**बचपन से ही फुटबॉल के प्रति आकर्षण :** केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु में पढ़ने के क्रम में वर्ग 2 से ही फुटबॉल खेल की तरफ अपना ध्यान केन्द्रित किया. पढ़ाई में कम रूचि की वजह से वह हमेशा फुटबॉल खेलने पास के मैदान में भाग जाता था. खेलते हुये गंदा होकर घर आने पर पिता की डांट व पिटाई का सामना करना पड़ता था. खेल में जुनून की वजह से केन्द्रीय विद्यालय में 9वीं क्लास में फेल होकर उसने स्कूल छोड़ दिया.

**भारतीय टीम में शामिल होने का लक्ष्य :** अंशु ने बताया कि हमारा लक्ष्य भारतीय फुटबॉल टीम में शामिल होकर देश के लिये खेलना है. इसके साथ ही इंडियन सुपर लीग में खेलना भी लक्ष्य है. हम यहीं कहेंगे कि शिक्षा के अलावे खेल के क्षेत्र में भी बेहतर भविष्य है. जरुरी है जिस चीज में आपकी रूचि है उस क्षेत्र में ध्यान केन्द्रित कर अपना लक्ष्य निर्धारित करें. इसके लिये कड़ी मेहनत करने से पीछे नहीं हटें. बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों की प्रतिभा की पहचान करते हुये उन्हें उस दिशा में सपोर्ट कर आगे बढ़ायें.

## रंका हाईस्कूल के बच्चे रहे अव्वल

**खेलकूद प्रतियोगिता**

संवाददाता। गढ़वा

खेलो झारखंड में जिला स्तर पर गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले छात्राओं का सोमवार को अनुमंडल मुख्यालय के आर प्लस टू हाई स्कूल रंका में जोरदार स्वागत किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य शाहनवाज अख्तर ने कहा कि हमारे बच्चों में खेल की हर कौशल और कला विकसित है.

हमारे शारीरिक शिक्षक इन बच्चों को योग्य बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं. जिसका ताजा उदाहरण जिला स्तर का खेलो झारखंड है. जहां पर हमारे विद्यालय के अधिकांश बच्चे जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है. बच्चों के हौसले को बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए इस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है. बच्चों का मनोबला ऊंचा रहेगा तो वह राज्य स्तर पर रांची में आयोजित प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और प्रखंड का नाम को रोशन कर सकेंगे. शिक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा अनमोल धन है, जिसके माध्यम से हमारे बच्चे समाज में अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं.



खेलो झारखंड प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाकर गढ़वा का नाम शिखर पर लाने में कामयाबी हासिल करेंगे –**अमित कुमार**

# रामलीला प्रस्तुति...






नई दिल्ली में श्रीराम भारतीय कला केंद्र के कलाकारों ने अपनी प्रसिद्ध वार्षिक रामलीला प्रस्तुति 'श्री राम' के 67वें संस्करण के दौरान राम-सीता विवाह का प्रदर्शन किया. यह रामलीला भरतनाट्यम और कलारीपयट्टू से लेकर मयूरभंज छाऊ और उत्तर भारत के लोक नृत्यों की नृत्य शैलियों के साथ, हिंदुस्तानी शास्त्रीय रागों पर आधारित लयबद्ध संगीत के साथ, प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से रात नौ तक किया जाएगा. -फोटोः पीटीआई

## आओ जानें

### फिलिस्तीन राज्य की जनसांख्यिकी

**जनसंख्या**
वेस्ट बैंक: 3 मिलियन
गाजा पट्टी: 2 मिलियन

**विकास दर**
वेस्ट बैंक: 1.69%
गाजा पट्टी: 2.02%

**जन्म दर**
वेस्ट बैंक: 1.69%
गाजा पट्टी: 2.02%

**मृत्यु दर**
वेस्ट बैंक: 3.4 मौतें/ 1,000 जनसंख्या
गाजा पट्टी: 2.91 मौतें/ 1,000 जनसंख्या

**जातीय समूह**
वेस्ट बैंक: फिलिस्तीनी अरब 83%, इजरायली यहूदी व अन्य 17%
गाजा पट्टी: अरब (फिलिस्तीनी) 98.7%

**धर्म**
वेस्ट बैंक: मुस्लिम 80-85%, यहूदी 12-14%, ईसाई 1.0-2.5%
गाजा पट्टी: सुन्नी मुस्लिम 98-99%, अरब ईसाई 0.2%

**भाषाएं**
वेस्ट बैंक: अरबी, अंग्रेजी और हिब्रू
गाजा पट्टी: अरबी, अंग्रेजी और हिब्रू

**साक्षरता**
वेस्ट बैंक: 96.9%
गाजा पट्टी: 96.9%

## ब्रीफ खबरें

### फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज की तारीख बढ़ी

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोमवार को कहा कि उनके कार्यक्रम में बदलाव के कारण उनकी फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज अगले साल के लिए स्थगित कर दी गई है. फिल्म पहले 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी. इस फिल्म का लेखन और निर्देशन कंगना ने ही किया है. कंगना रनौत ने अपने आधिकारिक 'एक्स' एकाउंट पर यह जानकारी साझा की.

### 50 लाख की ब्राउन शुगर जब्त, एक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के क्योंझर जिले में 50 लाख रुपये मूल्य की 'ब्राउन शुगर' जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. ओडिशा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए रविवार रात स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ क्योंझर शहर पुलिस थाना क्षेत्र में छापेमारी की और 37 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़ा जिसकी पहचान देबानंद सामल के रूप में हुई.

### नवरात्र जुलूस में पटाखों से 4 झुलसे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में नवरात्र पर्व के दौरान देवी दुर्गा की प्रतिमा के साथ निकाले जाने वाले जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झगड़ा हो गया और इस दौरान चलाये गये पटाखों के के कारण चार लोग झुलस गए. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब नौ बजे हुई घटना के दौरान पथराव भी हुआ, जिसमें एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया. नौ दिवसीय नवरात्र उत्सव रविवार से शुरू हो गया.

### डेनिल नोबोआ ने जीता राष्ट्रपति पद का चुनाव

**क्विटो।** देश के सबसे बड़े कारोबारी के बेटे डेनियल नोबोआ (35) ने अप्रत्याशित हिंसा के बीच हुए इक्वाडोर के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रविवार को जीत हासिल कर ली. चुनाव के दौरान हुई हिंसा में एक उम्मीदवार की मौत भी हो गई. निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि 96 प्रतिशत मतों की गणना हो चुकी है, जिनमें से डेनियल नाबाओ को 52.2 प्रतिशत और वामपंथी वकील के सहयोगी लुइसा गोंजालेज को 47.8 प्रतिशत मिले हैं.

### महाराष्ट्र : ट्रेन में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में नारायनडोहो स्टेशन के पास डीजल-इलेक्ट्रिक बहु इकाई (डीईएमयू) यात्री ट्रेन के पांच डिब्बों में सोमवार दोपहर आग लग गई. इस घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है. अधिकारियों ने बताया कि घटना तब हुई जब ट्रेन बीड जिले के आष्टी स्टेशन से पश्चिमी महाराष्ट्र में अहमदनगर की ओर जा रही थी. मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ शिवराज मानसपुरे ने कहा कि आग से कोई भी यात्री जख्मी नहीं हुआ है.

### कांग्रेस केवल लूट की गारंटी दे सकती है: नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को दावा किया कि विपक्षी दल केवल लूट की गारंटी दे सकता है. उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह भ्रष्टाचार के जरिए धन एकत्र करने की खातिर कर्नाटक को एटीएम में बदल रही है ताकि अपने चुनाव प्रचार के पैसे जुटा सके. नड्डा ने कर्नाटक में विभिन्न जांच एजेंसी की छापेमारी में कुछ ठेकेदारों के पास से 100 करोड़ से अधिक राशि मिलने पर इसे शर्मनाक बताया.

## पोप फ्रांसिस के हिंसा रोकने की अपील वाले बयान की इजराइल ने की निंदा, कहा

# पोप को गाजा की चिंता, हमारी नहीं

**भाषा।तेल अवीव**

वेटिकन सिटी में रविवार को प्रार्थना की समाप्ति के बाद ईसाई समुदाय के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने मानवाधिकारों की याद दिलाते हुए गाजा में हिंसा रोकने की अपील की. कहा कि इजराइल और फिलिस्तीन में जो हुआ है, उसे लेकर मुझे बहुत दर्द है. बता दें कि पोप फ्रांसिस का यह बयान इजराइल द्वारा गाजा की घेराबंदी किये जाने के कुछ दिनों के बाद आया. बता दें कि गाजा से अब तक 4 लाख लोग पलायन कर गये हैं. सैकड़ों लोग मारे गये हैं. पोप फ्रांसिस के हिंसा रोकने की अपील वाले बयान की इजराइल ने निंदा की है. पोप फ्रांसिस द्वारा गाजा को लेकर चिंता जताये जाने पर इजराइल ने आपत्ति दर्ज जताई है. इस संबंध में इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने कहा, इजराइल यह उम्मीद करता है कि वेटिकन सिटी अपनी स्पष्ट राय के साथ सामने आये. पोप को बिना किसी लाग-लपेट के हमास द्वारा इजरायल के बेगुनाह लोगों की हत्या की निंदा करनी चाहिए. कहा कि हमास ने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों तक को नहीं छोड़ा. ये हत्याएं सिर्फ इसलिए की गयी, क्योंकि वे लोग यहूदी और इजराइल के नागरिक थे. एली कोहेन ने कहा, हम यह स्वीकार नहीं कर सकते. वेटिकन सिटी ने अपने बयान में मुख्य तौर पर गाजा के नागरिकों को लेकर ही चिंता जताई. और ऐसा तब है, जब इजराइल के 1300 लोगों की हत्या कर दी गयी है. हम अभी उसका दुख मना रहे हैं. हमास ने इजराइल के 155 नागरिकों को बंधक बना लिया है. इनमें अमेरिका और ब्रिटेन के भी कुछ लोग शामिल हैं. हमास के आतंकियों ने इन लोगों को गाजा पट्टी में बनी सुरंगों में ले गये हैं. बेंजामिन नेतन्याहू के मंत्री का आरोप था कि पोप फ्रांसिस ने अपने बयान में मारे गए इजराइली लोगों के लिए संवेदना तक व्यक्त नहीं की. लेकिन गाजा को लेकर चिंता जाहिर की. वेटिकन सिटी के एक अधिकारी ने कहा कि पोप फ्रांसिस ने गाजा और इजराइल के बीच शांति के लिए मध्यस्थ के तौर पर काम करने की भी बात कही है.



दक्षिणी इज़राइल से गाजा पट्टी की ओर एक गोला दागती इजराइली तोपखाना इकाई की सेना.

### युद्ध जारी

- गाजा से अब तक 4 लाख लोग पलायन कर गए
- पोप फ्रांसिस को हमास की निंदा करनी चाहिए

### फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने 199 को बंधक बनाया : इजराइली सेना

**राफा (गाजा पट्टी)।** इजराइली सेना ने कहा है कि हमास और अन्य फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने गाजा में 199 लोगों को बंधक बना रखा है और यह संख्या पिछले अनुमानों से अधिक है. सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागारी ने सोमवार को बताया कि बंधकों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है. ऐसा माना जा रहा है कि इनमें से अधिकतर लोगों को गाजा पर शासन करने वाले हमास आतंकवादी समूह ने बंधक बनाया है.

### आईसीयू में 35 मरीज वेंटिलेटर पर, 60 डायलिसिस पर

क्रिटिकल केयर कॉम्प्लेक्स के सलाहकार डॉ. मोहम्मद कंदील ने कहा कि विस्फोट से गंभीर रूप से घायल सैकड़ों लोग अस्पताल आये हैं, जहां सोमवार तक ईंधन खत्म होने की आशंका है. उन्होंने कहा कि आईसीयू में 35 मरीज वेंटिलेटर पर हैं और अन्य 60 डायलिसिस पर हैं. कंदील ने कहा कि अगर ईंधन खत्म हो जाता है, तो इसका मतलब है कि पूरी स्वास्थ्य प्रणाली ठप हो जायेगी, सेवाएं बंद हो जायेंगी.

### मुर्दाघर में शवों की भरमार

इजराइल की घेराबंदी के कारण पानी और चिकित्सा आपूर्ति की किल्लत के कारण गाजा पहले से ही मानवीय संकट में है. निवासियों ने कहा कि कुछ बेकरी बंद होने से वे ब्रेड खरीदने में भी असमर्थ हैं. गाजा शहर के सबसे बड़े अस्पताल अल शिफा अस्पताल ने कहा कि उसके मुर्दाघर में काफी ज्यादा शव हो जाने के कारण आपातकालीन उपाय के तौर पर वह 100 शवों को सामूहिक तौर पर दफनायेगा. अस्पताल ने कहा कि शव को दफनाने में उनके रिश्तेदार असमर्थ हैं, इसलिए यह कदम उठाया जा रहा.

### हमास की प्रशंसा वाला वीडियो साझा करने पर एक गिरफ्तार

**मंगलुरु।** आतंकी संगठन हमास के समर्थन में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करने के आरोप में मंगलुरु से 58 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बताया कि यहां जोकट्टे में रहने वाले जाकिर ने हमास को देशभक्त बताते हुए लोगों से उसके लिए प्रार्थना करने की अपील की थी. इस वीडियो को पहले एक व्हाट्सऐप समूह पर साझा किया गया था, जिसके बाद यह वायरल हो गया और इसे सोशल मीडिया मंचों पर व्यापक स्तर पर साझा किया गया.

### फिलिस्तीन का समर्थन करने पर कांस्टेबल निलंबित

**लखीमपुर खीरी (उप्र)।** इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच लखीमपुर खीरी जिले में तैनात उत्तर पुलिस के एक कांस्टेबल को फिलिस्तीन का समर्थन करने और उसके लिए चंदा मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है. लखीमपुर खीरी में तैनात एक कांस्टेबल सुहेल अंसारी के बारे में पिछले दो तीन दिनों से सोशल मीडिया में आए एक पोस्ट में, उसके द्वारा फिलिस्तीन के समर्थन में चंदा मांगने और उसका समर्थन करने के तथ्य सामने आये थे.

## कांग्रेस सत्ता में आई, तो वोट बैंक की राजनीति करेगी : शाह

**भाषा।राजनांदगांव**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि यदि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में दोबारा सत्ता में आती है, तो राज्य में तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति जारी रखेगी. पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और जिले के अन्य भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने से पहले, शाह ने एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर मौजूद साजा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी ईश्वर साहू की ओर इशारा करते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति के चलते भुनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई. ईश्वर साहू के बेटे भुनेश्वर की इस साल अप्रैल में बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में सांप्रदायिक हिंसा में मौत हो गई थी. भाजपा ने ईश्वर साहू को साजा विधानसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है. साहू राज्य के वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं. शाह ने कहा कि क्या आप चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ एक बार फिर से कौमी दंगों का केंद्र बने? भुनेश्वर साहू को न्याय मिलना चाहिए कि नहीं? उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस फिर से सत्ता में आती है, तो वे तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति को आगे बढ़ाएंगे.

### खास बातें

- भाजपा ने ईश्वर साहू को साजा से अपना प्रत्याशी बनाया
- वोट बैंक के चलते भुनेश्वर साहू की हत्या हुई

## कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी व गर्जिया पर्यटकों के लिए खुले

**भाषा।देहरादून**

उत्तराखंड में स्थित कॉर्बेट बाघ अभयारण्य (कॉर्बेट टाइगर रिजर्व) के बिजरानी और गर्जिया जोन वन्यजीव प्रेमियों और पर्यटकों के लिए खोल दिए गए हैं जबकि ढिकाला जोन 15 नवंबर को खुलेगा. अभयारण्य के निदेशक धीरज पांडेय ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि बिजरानी और गर्जिया जोन रविवार को पर्यटकों के लिए खोल दिए गए. 'रॉयल बंगाल टाइगर' के लिए प्रसिद्ध इस अभयारण्य को मॉनसून के दौरान बारिश के कारण पर्यटकों के लिए बंद कर दिया जाता है जो फिर अक्टूबर-नवंबर में खोला जाता है. पांडेय ने बताया कि बिजरानी और गर्जिया जोन के खुलते ही पर्यटकों में खासा उत्साह नजर आया. उन्होंने बताया कि अभयारण्य में जंगल सफारी और रात में ठहरने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है. कुल 1288.31 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला यह अभयारण्य अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता है और यहां बाघों का घनत्व दुनिया में सर्वाधिक है. बाघों की संख्या को लेकर इस साल जुलाई में जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देशभर के 51 बाघ अभयारण्य में सर्वाधिक 260 बाघ कॉर्बेट में पाए गए.

## सूडान में छह माह से युद्ध जारी अब तक 9 हजार लोगों की मौत

**भाषा। काहिरा**

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय अभियानों के प्रमुख ने रविवार को बताया कि सूडान की सेना और शक्तिशाली अर्धसैन्य बलों के बीच पिछले छह माह से जारी युद्ध में कम से कम नौ हजार लोग मारे गए हैं. सूडान में अप्रैल से अराजकता का माहौल है और सैन्य प्रमुख जनरल अब्देल-फतह बुरहान और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के कमांडर जनरल मोहम्मद हमदान डगालो के बीच का तनाव संघर्ष के बाद युद्ध का रूप ले चुका है.

संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव मार्टिन ग्रिफिथ्स ने एक बयान में कहा कि छह माह से नागरिकों को खूनखराबे और आतंक से कोई राहत नहीं मिली है.उन्होंने कहा कि दुष्कर्म और यौन हिंसा की भयावह रिपोर्ट मिलना जारी है. प्रारंभ में लड़ाई खार्तूम तक ही सीमित थी लेकिन शीघ्र ही यह पूर्वी अफ्रीकी देश के अन्य इलाकों में भी फैल गई जिसमें दारफुर भी शामिल है.

### खास बातें

- सूडान में अप्रैल से अराजकता का माहौल बरकरार
- नागरिकों को खूनखराबे व आतंक से कोई राहत नहीं

## जम्मू में बर्फबारी और भारी बारिश की वजह से मुगल रोड बंद

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में सोमवार को ताजा बर्फबारी के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में भारी बारिश हुई, जिसकी वजह से कश्मीर घाटी में शोपियां को पुंछ से जोड़ने वाला मुगल रोड बंद हो गया है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, पीर की गली इलाके में भारी बर्फबारी की वजह से मुगल रोड बंद हो गया है. उन्होंने बताया कि जब तक मौसम साफ नहीं हो जाता तब तक किसी भी वाहन को पुंछ और राजौरी इलाके से घाटी की ओर जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी. अधिकारियों के मुताबिक, डोडा, किश्तवाड़, राजौरी, रियासी, पुंछ, रामबन और कठुआ जिले के कई इलाकों में बर्फबारी हुई है.

## 'पीएम को मणिपुर से ज्यादा इजराइल की चिंता'

**भाषा। आइजोल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर से ज्यादा इजराइल की घटनाओं से चिंतित हैं. प्रधानमंत्री और भारत सरकार को इजरायल-हमास संघर्ष में दिलचस्पी है, लेकिन मणिपुर में क्या हो रहा है, उसकी कोई चिंता नहीं है. यह आरोप कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज सोमवार को यहां आयोजित एक चुनावी रैली में लगाया. बता दें कि मिजोरम विधानसभा के लिए चुनाव सात नवंबर को होंगे. मतगणना तीन दिसंबर को होगी.

**राहुल गांधी ने की दो किलोमीटर की पदयात्रा :** मणिपुर में इस वर्ष मई में जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद हिंसा की घटनाएं रुक नहीं रही हैं. आज कांग्रेस नेता गांधी ने शहर की सड़कों पर दो किलोमीटर की पदयात्रा के बाद आइजोल में राजभवन के नजदीक एक रैली को संबोधित किया. कहा कि पड़ोसी राज्य मणिपुर अब एक संगठित राज्य नहीं रह गया है, बल्कि जातीय आधार पर दो राज्यों में बंट गया है.



### भाजपा देश में नफरत और हिंसा फैलाती है

यही भारत की अवधारणा है जिस पर भारतीय जनता पार्टी हमला कर रही है. भाजपा विभिन्न समुदायों, धर्मों और भाषाओं पर हमला करती है. देश में नफरत और हिंसा फैलाती है.

### राहुल ने त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की

राहुल गांधी ने आज पार्टी की त्रिपुरा इकाई के नेताओं के साथ बैठक की. राहुल गांधी आज सुबह मिजोरम जाने के लिए यहां एमबीबी हवाई अड्डे पर उतरे, . पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि राहुल गांधी ने हवाई अड्डे के लाउंज में त्रिपुरा कांग्रेस नेताओं के साथ एक संक्षिप्त संगठनात्मक बैठक की. कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य सुदीप रॉय बर्मन ने कहा कि राहुल गांधी आज दिल्ली से एक चार्टर्ड उड़ान से यहां पहुंचे. हवाई अड्डे के लाउंज में पार्टी नेताओं के साथ एक संक्षिप्त बैठक के बाद वह मिजोरम में चुनाव प्रचार के लिए आइजोल के लिए रवाना हुए.

## आरोप निक्की हेली ने गाजा नागरिकों के लिए दरवाजे बंद करने पर अरब देशों की निंदा की, कहा

# कोई हमास को पड़ोस में नहीं चाहता तो इजराइल क्यों?

**भाषा।वाशिंगटन**

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से दावेदार निक्की हेली ने इजराइल की ओर से गाजा में जमीनी कार्रवाई की आशंका के बीच वहां से पलायन करके सुरक्षित स्थानों पर जाने की इच्छा रखने वालों के लिए अपने देश के दरवाजे नहीं खोलने के लिए इस्लामिक देशों की निंदा की है. हेली ने पूर्व में ईरान के साथ हुए परमाणु समझौते के लिए पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना की, साथ ही तेहरान पर हमास और हिज्बुल्ला को मजबूत करने का आरोप लगाया.



### अरब का हर देश खामोश

हेली ने सीएनएन से कहा कि हमें फलस्तीनी लोगों की चिंता करनी चाहिए, खासतौर पर निर्दोष लोगों की, लेकिन अरब देश कहां हैं? कहां हैं वे? कहां है कतर? कहां है लेबनान? कहां है जॉर्डन? कहां है मिस्र ? क्या आप जानते हैं कि हम मिस्र को एक वर्ष में एक अरब से अधिक डॉलर देते हैं? वे अपने दरवाजे क्यों नहीं खोल रहे? वे फिलिस्तीन के लोगों को क्यों नहीं स्वीकार रहे? अरब का हर देश खामोश है.

### लगाया आरोप

- फिलिस्तीन के लोगों को क्यों नहीं स्वीकार रहे अरब देश
- अरब देश फिलिस्तीनियों की मदद के लिए कुछ नहीं कर रहे

### सच्चाई से करें बात

हेली ने कहा कि कोई अरब देश हमास को अपने पड़ोस में नहीं चाहते. तो इजराइल अपने पड़ोस में उन्हें क्यों चाहेगा? तो जो हो रहा है उस पर सच्चाई से बात करें. अरब देश फिलिस्तीनियों की मदद के लिए कुछ नहीं कर रहे क्योंकि उन्हें भरोसा नहीं हो रहा कि कौन सही है, कौन बुरा है और वे अपने देश में ऐसा नहीं चाहते.

### हमास चाहता है सारे फिलिस्तीनी मारे जाएं

हेली ने कहा कि ये इस्लामिक देश अमेरिका पर आरोप लगाएंगे, वे इजराइल पर आरोप लगाएंगे. कुछ करेंगे नहीं, लेकिन अगर वे चाहें तो इसे रोकने की उनके पास पूरी क्षमता है. वे हमास से तत्काल उसे रोकने को कहें जो वह कर रहा है. लेकिन आप क्या जानते हैं? कतर हमास और उसके नेतृत्व के साथ काम करना जारी रखेगा. ईरान इस सब के लिए धन देना जारी रखेगा और कुछ नहीं कहेगा. हेली ने कहा कि हमास उन्हें नहीं जाने देने के लिए हर संभव प्रयास करेगा, क्योंकि वह चाहता है कि 'वे सभी मर जाएं'.

## तीन नवंबर को होगा पहला राज्य शिक्षा उपलब्धि सर्वेक्षण

- सर्वेक्षण का उद्देश्य शिक्षा के उन क्षेत्रों की पहचान करना है

**भाषा।नई दिल्ली**

राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक 'परख' द्वारा पहला राज्य शिक्षा उपलब्धि सर्वेक्षण तीन नवंबर को किया जाएगा और इसमें देश भर के 1.1 करोड़ विद्यार्थियों को शामिल जाएगा. अधिकारियों ने यह जानकारी दी है.

विभिन्न राज्यों में किए जाने वाले इस सर्वेक्षण का उद्देश्य शिक्षा के उन क्षेत्रों की पहचान करना है जहां सुधार की जरूरत है और इसमें ब्लॉक स्तर तक के स्कूलों के विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा. यह शिक्षा मंत्रालय के वार्षिक राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) से पहले किया जाने वाले सर्वेक्षण है. एनएएस जिला स्तर पर किया जाता है. मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि यह 'प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिये ज्ञान का विश्लेषण' (परख) द्वारा कराए जाने वाला पहला सर्वेक्षण होगा. 'परख' एनसीईआरटी के तहत आने वाला एक संगठन है. परख को राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूल बोर्डों को एक साझा स्तर पर लाने का जिम्मा सौंपा गया है. राज्य शिक्षा उपलब्धि सर्वेक्षण 2023 तीन नवंबर को निर्धारित है. इस सर्वेक्षण की योजना इस तरह से बनाई गई है कि यह तीसरी, छठी और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सीखने के मानकों को बढ़ाए.

# सीबीएसई कलस्टर फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने पहुंची 46 टीम




## हजारीबाग का संत जेवियर्स स्कूल खिलाड़ियों से गुलजार

**संवाददाता। हजारीबाग**

संत जेवियर्स स्कूल फुटबॉल खिलाड़ियों और राष्ट्रीय स्तर रेफरी से गुलजार होने लगा है. सोमवार की अपराह्न ढाई बजे तक बिहार के पटना, नालंदा, आरा के अलावा झारखंड से करीब 19 टीमों का आगमन हो चुका था. जेवियर के प्राचार्य फादर रोशनर खलखो एस. जे. ने बताया कि शेष टीमें रात में पहुंच जाएंगी. मंगलवार की सुबह नौ बजे से सीबीएसई कलस्टर-3 नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन की तैयारी पूरी कर ली गई है. बतौर मुख्य अतिथि डीसी नैंसी सहाय टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगी. 20 अक्तूबर तक चलनेवाले टूर्नामेंट में 46 टीमें भाग ले रही हैं. शाम तक सभी टीमें पहुंच गई हैं. प्राचार्य की देखरेख में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभा रहे हैं. विद्यालय की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जा रहा है. इस टूर्नामेंट में शामिल सभी प्रतिभागियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है.

### टूर्नामेंट का शहरवासियों को बेसब्री से इंतजार

विद्यालय के सदस्यों के साथ-साथ शहरवासी इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. मैच को लेकर सभी टीम मैनेजर व कोच प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमें प्रत्येक मैच की समय-सारणी, खेल के नियम आदि तय किये गए. इस मैच का संचालन करने के लिए झारखंड रेफरी संघ से नियुक्त राष्ट्रीय स्तर के रेफरियों का आगमन हो चुका है. इन मैचों का आयोजन सीबीएसई की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक की देखरेख में हो रही है. एक विरोध मंडली का भी गठन किया जाएगा, जो नियमों के उल्लंघन करनेवालों का विरोध करेगा. इस विरोध समिति में संचालन समिति के सचिव, सीबीएसई के पर्यवेक्षक, मुख्य रेफरी व दो स्कूलों से नियुक्त कोच शामिल होंगे.

आओ जानें

## 17 अक्टूबर का इतिहास

- 1800 – इंग्लैंड ने नीदरलैंड से कुराकाओ की कॉलोनी का अधिग्रहण किया.
- 1806 – हैती के सम्राट जैक्स प्रथम की हत्या.
- 1878 – जॉन ए मैकडॉनाल्ड एक बार फिर कनाडा के प्रधानमंत्री चुने गये.
- 1888 – वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने ऑप्टिकल फोनोग्राफ के पेटेंट के लिए आवेदन किया.
- 1904 – बैंक ऑफ इटली को आम लोगों के लिए खोला गया.
- 1918 – युगोस्लाविया ने खुद को गणतंत्र देश घोषित किया.
- 1933 – वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन नाजी जर्मनी से अमेरिका चले गये.
- 1940 – महात्मा गांधी ने निजी सत्याग्रह की घोषणा की.
- 1956 – इंग्लैंड में पहला बड़ा न्यूक्लियर पावर स्टेशन शुरू हुआ.
- 1979 – मदर टेरेसा को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार प्रदान किया

## दुर्गा पूजा मेला घूमने से पहले बरतें सावधानी, किसी परिवार को नहीं होगी परेशानी

# पूरा परिवार एक साथ ना जाएं घूमने

**संवाददाता। धनबाद**

दुर्गापूजा को लेकर गांव से शहर तक मां का दरबार सज चुका है. दुर्गोत्सव पर जगह-जगह मेला का भी आयोजन हो रहा है. आप भी सपरिवार मां दुर्गा के दर्शन को उत्सुक होंगे. स्वाभाविक है मेला में भीड़ काफी होगी. ऐसे समय में सावधानी बरतें के अलावा कोई विकल्प नहीं है. दुर्गापूजा मेला घूमने से पहले सावधानी बरतेंगें तो किसी परिवार को परेशानी नहीं होगी. पुलिस सूत्रों के अनुसार पूजा के समय घर में रात में कोई नहीं होने से हर साल शहरी और ग्रामीण इलाकों में चोरी की अधिक घटनाएं होती रही है. इससे बचने के लिए एक ही उपाय है. पूरा परिवार एक साथ ताला बंद कर घूमने से बचें. एक-दो व्यक्ति घर में रहें और बाकी लोग घूमकर आ जाएं, तो जाएं. आसपास के लोगों से भी फोन पर संपर्क में रहें, ताकि किसी तरह की आहट होने पर फौरन एक दूसरे को फोन करने के बाद 100 नंबर पर डायल करें और नजदीकी थाना को भी सूचित करें. इसके अलावा धनबाद के एसएसपी के 9431120900 पर भी फोन कर जानकारी दें.

### किसी भी तरह की आहट होने पर 100 नंबर डायल करें या नजदीकी थाना को फोन करें

**संदिग्धों और असामाजिक तत्वों पर रखें पैनी नजर**

पूजा के समय संदिग्धों और असामाजिक तत्वों पर उसके हर गतिविधि पर नजर रखें. अगर कहीं अनहोनी की आशंका को देखते हुए इस तरह की कोई गतिविधि आपको नजर आये, तो फौरन पुलिस को सूचना दें. थाना के पुलिसकर्मियों के साथ-साथ वॉलेंटियर्स और पूजा समिति के अध्यक्ष समेत उनके सदस्यों को भी जानकारी दें.

**बच्चों की एक-दो जेब में डालें घर के मोबाइल नंबर**

मेले में निकलने से पहले छोटे बच्चों की एक-दो जेब में घर के सदस्यों का मोबाइल नंबर व घर का पता लिखकर अवश्य डाल दें, ताकि भीड़-भाड़ में अगर बच्चा आपके हाथ से छूट भी जाए तो उसे ढूंढने में दिक्कत न हो. मोबाइल नंबर होने से किसी न किसी पूजा समिति, प्रशासनिक कंट्रोल रूम, पुलिस या व्यक्ति विशेष के माध्यम से बच्चे के बारे में आप तक सूचना जरूर पहुंच जायेगी.

**वीरान जगहों से होकर गुजरने से बचें**

मेला घूमने निकले हैं तो वीरान जगहों से होकर गुजरने से बचें. अन्यथा आपको कभी भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. वीरान जगहों में ही छिनतई करने वाले अपराधी छिपे रहते हैं. धनबाद के कई इलाकों में पूर्व में इस तरह की घटनाएं हो चुकी है.



### सोने-हीरे के आभूषण न पहनें और खानपान में बरतें सावधानी

पंडालों और मेला वाली जगहों पर भीड़ होती है. ऐसे जगहों पर भीड़ में चोरी छिनतई करनेवाले भी छिपे रहते हैं. सोने-हीरे की आभूषण पहने वालों पर ऐसे लोगों की पैनी नजर होती है. मौका पाते हैं जेवरात चोरी कर लेते हैं या फिर छिनतई कर फरार हो जाते हैं. इसके अलावा मेला में खानपान के दौरान भी सावधानी बरतने की भी जरूरत होती है, क्योंकि ऐसे मौकों पर बहुत से दुकानदार बासी सामानों का खपाने में लगे रहते हैं. ऐसे समय में ही फुड प्वाइजनिंग के कई लोग शिकार हो जाते हैं.

## अज्ञात युवतियों के अश्लील वीडियो कॉल से लोग परेशान

**किरीबुरु।** पिछले कुछ दिनों से लोगों के व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात युवती द्वारा रात के समय में अश्लील वीडियो कॉल करके परेशान किया जा रहा है. वीडियो कॉल करने वाली अज्ञात युवती लोगों के साथ पहले चिकनी-चुपड़ी बातें कर रहीं, फिर अश्लील हरकत व बातचीत करते हुए अपना अर्द्धनग्न वीडियो दिखाकर लोगों को झांसे में लेना का प्रयास कर रही है. शुरू में तो लोग नया नंबर देखकर वीडियो कॉल को रिसीव कर लेते हैं. जब युवती गंदी बातें करना शुरू करती हैं तो साइबर ठग या ब्लैकमेलर समझ वीडियो कॉल को काटकर नंबर ब्लॉक कर रहे हैं.

सबसे आश्चर्य की बात यह है कि रात के लगभग 9-10 बजे के बीच कॉल किया जा रहा है. इस वक्त लोग अपने माता-पिता, पत्नी व बच्चे के साथ रहते हैं. अचानक ऐसी वीडियो कॉल आने से सभी परेशान हो जा रहे हैं. खासकर पत्नियां अपने पतियों पर संदेह करने लग जा रही हैं. इससे घर का माहौल भी खराब हो रहा है. पारिवारिक रिश्तों में संदेह व दरार उत्पन्न हो रही है. लोगों का कहना है कि एक संगठित साइबर और ब्लैकमेलर गैंग है, जो लोगों को झांसे में लेकर लोगों से पैसे ऐंठने की कोशिश में जुटा है. पुलिस भी ऐसे अंजान नंबर से आने वाले कॉल से लोगों को बचने की सलाह देती है.

## दलमा में खुले वाहन में सफारी की हुई शुरुआत



**संवाददाता। जमशेदपुर**

दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में रविवार को नवरात्रि के शुभ अवसर पर विधिवत पूजा कर सफारी की शुरुआत कर दी गई है. हालांकि सैलानी सोमवार से खुले वाहन में इसका लुत्फ उठाते दिखे. सोमवार को सफारी की शुरुआत में 6 सैलानियों ने इसका लुत्फ उठाया. सफारी के लिए वन विभाग ने 90 लाख की लागत से चंडीगढ़ से 6 सफारी वाहन खरीदे हैं. फिलहाल चार सफारी को ही चलाया जा रहा है. सफारी चलाने का टेंडर जेएसआर ऑन व्हील्स कंपनी को मिला है. चारों सफारी गाड़ियों का नाम टाइगर, लायन, चीता और पैंथर रखा गया है. सफारी से पर्यटकों को दलमा टॉप चिल्ड्रन पार्क, फोटो शूटिंग एरिया घुमाया जाएगा. प्रत्येक सफारी में एक गाइड भी दिया जाएगा. गाइड पर्यटकों को दलमा के बारे में जानकारी देंगे.

### दोपहिया वाहन पर रोक

दलमा में दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों का प्रवेश दोपहिया वाहन या अन्य किसी वाहन के साथ जाने पर कोई पैसे नहीं लगेंगे. स्थानीय ग्रामीणों को इससे अलग रखा गया है. उनके आने-जाने पर किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा.

### ऐसे कर सकते हैं बुकिंग

सफारी की प्री बुकिंग करने के लिए 8210497340, अर्जेंट बुकिंग के लिए 9122457566 पर कॉल करें. वहीं, जेएसआर ऑन व्हील्स की साइट पर भी जाकर सफारी की बुकिंग कर सकते हैं. मकुलाकोचा के अलावा सफारी डोर-टू-डोर भी जाएगी. शेयरिंग और पर्सनल बुकिंग के लिए अलग-अलग चार्ज लगेंगे.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# कौन-कौन सी परीक्षाएं लेती है एनटीए...

**एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद**

भारत सरकार नें शिक्षा के क्षेत्र में देश में हो रही घटनाओं जैसे- पेपर लीक, परीक्षाओं का देरी से आयोजन, परिणाम में लगने वाले समय और पेपर में होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का गठन किया है. अब यह एजेंसी सभी प्रकार के एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन करती है और समय पर उसके परिणाम भी जारी करने का काम करती है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का गठन हो जाने से सभी अभ्यर्थियों को सुविधा प्रदान की जा रही है. वहीं, अभी तक जो परीक्षाएं सीबीएसई द्वारा आयोजित की जाती थी, उन सभी परीक्षाओं का आयोजन अब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ही करती है.

**कार्य** यह ऑनलाइन माध्यम में परीक्षा आयोजित करवाती है, जिसके लिये इसे ऐसे विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों का चयन करना होता है जहां पर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों और परीक्षा के आयोजन से उनके शैक्षणिक दिनचर्या पर कोई प्रभाव न पड़े.

- अत्याधुनिक तकनीकी की सहायता से सभी विषयों का प्रश्न-पत्र बनाना.
- एक मजबूत अनुसंधान एवं विकास की संस्कृति के साथ-साथ परीक्षण हेतु विषय विशेषज्ञों का एक पैनल तैयार करना.
- भारतीय शैक्षणिक संस्थानों में समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना और सलाहकार सेवाएं उपलब्ध कराना.
- एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विसेज जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करना.
- विभिन्न मंत्रालयों एवं केंद्र सरकार के विभागों तथा राज्य सरकारों द्वारा किसी परीक्षा के आयोजन का दायित्व सौंपे जाने कि स्थिति में उसका संचालन करना.
- स्कूलों, बोर्ड तथा अन्य निकायों में प्रशिक्षण के साथ-साथ सुधार सुनिश्चित करना एवं प्रवेश परीक्षाओं के परीक्षण संबंधी मानकों की समय-समय पर जांच करना.

**एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं की लिस्ट** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षाओं की सूची इस प्रकार है:

- संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)
- जेएनयूईई
- राष्ट्रीय होटल प्रबंधन परिषद संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एनसीएचएम जेईई)
- राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा
- कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट
- ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट
- अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (एआईएपीजीईटी)
- इग्नू पीएचडी ओपनमैट (एमबीए) परीक्षा
- आईसीएआर एआईईईए परीक्षा
- उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा (यूपीसीईटी)
- एनआईएस पटियाला परीक्षा
- बीबीएयू प्रवेश परीक्षा
- दिल्ली विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा
- बीएचयू प्रवेश परीक्षा
- कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट
- सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी पीजी)
- प्रबंधन प्रवेश परीक्षा में संयुक्त एकीकृत कार्यक्रम

### यूजीसी नेशनल एलिजिबिलिटी एग्जाम

राष्ट्रीय एलिजिबिलिटी परीक्षा (नेट) भारतीय विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर या जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर पदों के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए आयोजित की जाती है. एनटीए परीक्षाओं में सबसे लोकप्रिय, यूजीसी नेट की अनिवार्य विशेषताओं को नीचे स्पष्ट किया गया है. यह परीक्षा वर्ष में दो बार होती है: पहली बार जून में और दूसरी बार दिसंबर में होती है.

### सीएसआईआर-यूजीसी नेशनल एलिजिबिलिटी एग्जाम

यह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है जो उम्मीदवारों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्रदान करती है और उन्हें विश्वविद्यालयों में लेक्चरर के रूप में नियुक्ति दिलाती है. यह अनुसंधान के क्षेत्र में प्रमुख एनटीए परीक्षाओं में से एक है और भारत में 225 शहरों में आयोजित किया जाता है. सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा के प्रमुख नोटिफिकेशन नीचे दिए गए हैं:

### जॉइन्ट एंट्रेंस एग्जाम मेंस

सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जाने वाला, जेईई मेन भी राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य प्रतिष्ठित आईआईटी के विभिन्न इंजीनियरिंग कोर्सों के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करना है.

### कॉमन मैनेजमेंट एड मिशन टेस्ट

कॉमन मैनेजमेंट एंड मिशन टेस्ट से भारत के कई बिजनेस स्कूलों में नामांकन होता है. यह परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड होता है. इस परीक्षा को क्वालिफाई करने के मैनेजमेंट के कॉलेजों में नामांकन होता है. यह केवल एमबीए कोर्सों में एडमिशन के लिए होता है.

### ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट

एम फार्मा में नामांकन के लिए इस परीक्षा को पास किया जाता
यह एनटीए परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है और मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) से अफिलीऐटड है.

### अखिल भारतीय आयुष पोस्ट-ग्रेजुएशन एंट्रेंस परीक्षा

अखिल भारतीय आयुष पोस्ट-ग्रेजुएशन एंट्रेंस परीक्षा यूनानी, आयुर्वेद, सिद्ध के साथ-साथ होम्योपैथी कोर्सों में एमएस/एमडी/पीजी में नामांकन के लिए आयोजित की जाती है.

### काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट

राष्ट्रीय स्तर पर एनटीए द्वारा आयोजित नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट यानी एनसीएचएम जेईई देश में हॉस्पिटैलिटी और होटल मैनेजमेंट कोर्सों में एड मिशन के लिए लिया जाता है.

### इग्नू एमबीए

इग्नू एमबीए परीक्षा भारत में मैनेजमेंट संस्थानों में ऐडिमशन के लिए आयोजित की जाती है. इस ऐप्टिटूड टेस्ट का उद्देश्य मैनेजमेंट के विशाल डोमेन के बारे में उम्मीदवार के ज्ञान का आकलन करना है.

### जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय एंट्रेंस परीक्षा

यह एंट्रेंस परीक्षा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के अन्डर्ग्रैजूएट और पोस्ट-ग्रेजुएट कार्यक्रमों में उम्मीदवारों को ऐड्मिशन देने के लिए आयोजित की जाती है. एनटीए परीक्षा के तहत आते हुए जेएनयूईटी हर साल मई महीने में होता है.

### दिल्ली विश्वविद्यालय एंट्रेंस परीक्षा

डीयू अफिलीऐटड कॉलेजों में ग्रैजुएट, पोस्ट-ग्रैजुएट के साथ-साथ एमफिल और पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय एंट्रेंस परीक्षा (डीयूइटी) होती है :

### आईआईएफटी एमबीए परीक्षा

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड एड मिशन टेस्ट आईआईएफटी कॉलेज के तीनों कैंपस के एमबीए प्रोग्राम में एड मिशन के लिए एंट्रेंस परीक्षा है. यहां आईआईएफटी एमबीए 2023 के लिए सभी महत्वपूर्ण तिथिया दी गई हैं.

### राष्ट्रीय एलिजिबिलिटी सह एंट्रेंस परीक्षा- ग्रेजुएट

नीट यूजी देश के मेडिकल कॉलेजों से अन्डर्ग्रैजूएट मेडिकल कोर्स करने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए प्री-मेडिकल एन्ट्रन्स परीक्षा है. यहां नीट-यूजी 2022 के लिए सभी महत्वपूर्ण तिथिया दी गई हैं.

### इंड-सैट परीक्षा 2023

इंड-सैट को इंडियन स्कॉलिस्टिक असेसमेंट टेस्ट के नाम से भी जाना जाता है, जिसमें विदेशी छात्रों को भारत में अध्ययन करने के लिए एंट्रेंस और छात्रवृत्ति प्रदान की जाती ह. इस परीक्षा में मैथ, राइटिंग और लैंग्वेज टेस्ट और रीडिंग टेस्ट शामिल हैं.



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)